सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-18 अंक-220 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 01 फरवरी 2025
02 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से हुई बजट सत्र की शुरुआत

# तीसरी बड़ी इकोनॉमी की राह पर भारत : द्रौपदी

- मोदी सरकार ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन मजबूत बनाया
- देश के हर राज्यों को मिल रहा वन नेशन वन टैक्स का फायदा
- देशवासियों को पीएम स्वनिधि योजना का मिल रहा है लाभ



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, वक्फ बोर्ड और वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे मुद्दों पर सरकार ने बड़े फैसले लिए हैं। मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाया जा रहा है।

**नई दिल्ली।** बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से हुई। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम की भावना से आगे बढ़ रही। राष्ट्रपति मुर्मु ने देश के विकास के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा, देश की सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने आगे कहा, वैश्विक अस्थिरता के वातावरण में भारत आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक स्थिरता का स्तम्भ बनकर विश्व के सामने आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। वन नेशन वन टैक्स का फायदा देश के हर राज्यों को मिल रहा है। देश को ग्लोबल इनोवेशन पावर बनाना हमारी सरकार का लक्ष्य है। सरकार ने टैक्स व्यवस्था को आसान बनाया है। देश में मातृभाषा में शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं। हमारी सरकार ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन मजबूत बनाया। कहा, हमारी सरकार देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में जुटी है। सरकार का नारी सशक्तीकरण पर जोर है। हमारा लक्ष्य 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। सरकारी योजनाओं से गरीबों का सम्मान बढ़ रहा है। ड्रोन दीदी योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा, देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। सरकार का लक्ष्य, विकसित भारत का निर्माण है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। सरकार ने कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग लागू करने का फैसला किया है। कहा कि समाज के पिछड़े वर्ग और सफाई कर्मचारियों को आसान लोन मुहैया कराने के लिए पीएम सूरज योजना का विस्तार किया गया है। पूरा देश नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्यों की संभावनाओं को देख सके, इस दिशा में, पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया गया। कहा, कश्मीर में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गाया। कैंसर की दवाओं से कस्टम ड्यूटी खत्म किया गया। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक है।

### राष्ट्रपति भवन ने की कांग्रेस नेताओं के बयानों की निंदा

राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि, ऐसी टिप्पणियां घटिया, दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह से टालने योग्य हैं। राष्ट्रपति भवन से जारी बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों से उच्च पद की गरिमा को ठेस पहुंची है। बता दें कि, कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा, वहीं कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया था।

# गाजीपुर में दर्दनाक हादसा

### महाकुंभ से लौट रहे आठ श्रद्धालुओं की मौत

- सड़क पर बिखर गए शव के टुकड़े, कई घायल
- मुख्यमंत्री योगी ने हादसे के प्रति संवेदना व्यक्त की



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज क्षेत्र में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर पिकअप का डाला टूट गया. इसके चलते उसमें बैठे लोग सड़क पर गिर गए। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने इन लोगों को कुचल दिया। सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल भी हुए हैं। पिकअप सवार श्रद्धालु महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। सभी गोरखपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसा इतना भीषण था कि शवों के टुकड़े सड़क पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के टुकड़ों को इकट्ठा किया। वहीं मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे का संज्ञान लिया और मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि हादसे में कुल छह लोगों की मौत हुई है और 15 लोग घायल है। हादसे के शिकार लोग प्रयागराज कुंभ मेले में सम्मिलित होकर घर वापस लौट रहे थे। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### अयोध्या में आसमान से किया सीएम योगी ने औचक निरीक्षण



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी और सरयू घाट का हवाई सर्वेक्षण किया। महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाने के बाद और उससे पहले बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र शहर पहुंच रहे हैं। सर्वेक्षण की पहल भीड़ प्रबंधन की समीक्षा करने और तीर्थयात्रियों की बेहतर आवाजाही की सुविधा के लिए की गई थी। यह कुंभ मेले में दुखद भगदड़ के एक दिन बाद आया है जिसमें कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। सीएम आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार को दुखद प्रकरण की जमीनी और गहन समीक्षा के लिए महाकुंभ में जाने का निर्देश दिया था।

### ममता और लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी किन्नर अखाड़े से निष्कासित



**उज्जैन।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के बीच अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाया गया था। इसके बाद इसे लेकर जमकर विरोध हुआ और किन्नर अखाड़े में बड़ी कलह शुरू हो गई। अब ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर के पद से हटा दिया गया है। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी को अखाड़े से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी किन्नर अखाड़े से निष्कासित कर दिया है। क्योंकि उन्होंने देशद्रोह की आरोपी ममता कुलकर्णी को अखाड़े में शामिल किया था।

# मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखें: सुप्रीम कोर्ट

**चुनाव नियमों पर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट का निर्देश**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को दिए निर्देश में मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव नियमों पर हो रहे विवाद पर सुनवाई करते हुए कहा कि जब तक याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मतदान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाएं।

सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में चुनाव आयोग के उस नियम को चुनौती जिसमें हर विधानसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200-1500 बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी संख्या 1 के वकील हलफनामा दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग कर रहे हैं। हलफनामा तीन सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए। हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैं। याचिकाकर्ता इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है।

### दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

# सात विधायकों ने छोड़ा केजरीवाल का साथ



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ा झटका लगा है। 7 विधायकों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी ने इन सभी विधायकों का टिकट काट दिया था। इस्तीफा देने वाले विधायकों में त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित महरौलिया, जनकपुरी से राजेश ऋषि, कस्तूरबा नगर से मदनलाल, पालम सीट से भावना गौड़, बिजवासन से बीएस जून, आदर्श नगर से पवन शर्मा और महरौली से नरेश यादव हैं। इस्तीफा देते हुए रोहित महरौलिया अरविंद केजरीवाल के नाम पत्र लिखा। उन्होंने कहा, मैं अन्ना आंदोलन के समय अपनी 15 साल पुरानी नौकरी छोड़कर, ये सोचकर आपके साथ जुड़ा था कि हजारों सालों से छुआछूत, भेदभाव और शोषण का दंश झेलते आ रहे मेरे समाज की आप शायद बराबरी का दर्जा व सामाजिक न्याय दिलाकर बाबा साहेब के सपनों को सरकार करेंगे।

आपने कई बार सार्वजनिक मंचों से यह कहा था कि जब हम सत्ता में आएंगे तो दलित समाज/वाल्मीकि समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेंगे और ठेकेदारी प्रथा को पूरी तरह से बंद करेंगे। आपकी बात पर भरोसा करके मेरे समाज ने एक तरफा आपको लगातार समर्थन दिया, जिसके बूते पर दिल्ली में तीन-तीन बार सरकार बनी।

# सतर्क हुई योगी सरकार : चार एसपी व तीन एएसपी भेजे गए प्रयागराज



**प्रयागराज।** महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद प्रदेश सरकार बसंत पंचमी को होने वाले स्नान के लिए सतर्क हो गई। शुक्रवार को प्रदेश सरकार ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए चार एसपी और तीन एएसपी को महाकुंभ के लिए प्रयागराज भेज दिया है। इन अफसरों में दीपेंद्र नाथ चौधरी, लक्ष्मीनिवास मिश्र, राज धारी चौरसिया और श्रवण कुमार सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह और प्रवीण कुमार यादव को भी महाकुंभ भेजा गया है। इसके पहले, प्रयागराज महाकुंभ में दर्दनाक हादसे के बाद सरकार ने पांच और अनुभवी अधिकारियों की टोली संगम नोज में तैनात की थी। इन अफसरों में एक आईएएस व चार पीसीएस अधिकारी शामिल थे। यह वे अधिकारी हैं, जो पहले प्रयागराज में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2019 में कुंभ के दौरान प्रयागराज में बतौर मंडलायुक्त सेवाएं देने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु चंद्र गोस्वामी पहले ही महाकुंभ में तैनात किए जा चुके हैं। यह अधिकारी 15 फरवरी तक प्रयागराज में उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में सहयोग देंगे। जिन अधिकारियों की बृहस्पतिवार को ड्यूटी महाकुंभ में लगाई गई है, उनमें वर्ष 2016 बैच के आइएएस अधिकारी अतुल सिंह हैं। वह इस समय खाद्य एवं रसद विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात हैं। इनके अलावा पीसीएस अधिकारियों में युवा कल्याण विभाग में संयुक्त निदेशक अशोक कुमार, कानपुर में अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) आशुतोष कुमार दुबे, हरदोई में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व बस्ती के अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रतिपाल चौहान शामिल हैं।




### बजट सत्र — सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण किया पेश

# घट सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

- 2026 में जीडीपी में 6.3 से 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान
- सुबह 11 बजे देश का आम बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2025 को सुबह 11 बजे देश का आम बजट पेश करेंगी। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का ऐलान कर सकती हैं।

वित्त मंत्री ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा को लोकसभा में पेश किया। समीक्षा चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन के आकलन के साथ देश के समक्ष चुनौतियों को बयां करती है। आर्थिक समीक्षा एक वार्षिक दस्तावेज है जिसे सरकार केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पेश करती है। यह सुधारों और विकास का खाका भी प्रदान करती है। यह अगले वित्त वर्ष के लिए दृष्टिकोण प्रदान करने के अलावा अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा को बयां करती है। आर्थिक समीक्षा मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग का आर्थिक प्रकोष्ठ तैयार करता है। पहली आर्थिक समीक्षा 1950-51 में पेश की गयी थी। उस समय यह बजट दस्तावेज का हिस्सा होती थी। इसे 1960 के दशक में केंद्रीय बजट से अलग कर दिया गया और बजट से एक दिन पहले पेश किया जाने लगा। वित्त मंत्री सीतारमण शनिवार को 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को लोकसभा में पेश किया। इस सर्वेक्षण में एफवाई 26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। तस्ज्ञ संग्रह में 11 फीसदी की वृद्धि का अनुमान है, जो 10.62 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल 2024 में पेश किए गए बजट में सोने पर कस्टम ड्यूटी 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी कर दी थी। उसके बाद गोल्ड रेट में 4 से 5 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट हुई। इस फैसले की वजह से अब देश में गोल्ड इम्पोर्ट तेजी से बढ़ने लगा है। एक्साइज ड्यूटी में कटौती से पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट सकती है। अभी पेट्रोल पर 19.90 रुपए और डीजल पर 15.80 रुपए ड्यूटी लगती है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े पार्ट्स की इम्पोर्ट ड्यूटी घट सकती है।

## नगर पालिका परिषद लखीमपुर ने अस्थायी अतिक्रमण नहीं हटाने पर लगाया 700 का जुर्माना



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** दिनांक 31 .01.2025 को नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा वार्ड संकटादेवी में पुलिस चौकी चौराहे से संकटादेवी मार्कोट तथा आस-पास की सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें रोड, नाले आदि पर लगे अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया गया तथा मु 700/- का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान में अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, टी0एस0आई0 हरमीत सिंह ,राजस्व निरीक्षक फैज खॉ, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल, विशाल शुक्ला एवं वार्ड सभासद कुमुदेश शंकर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट के 10KM दायरे में बनेगा जीरो एक्सीडेंट जोन, तैयारिया पूरी

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में जोन ऑफ एक्सीलेंस बनाने का खाका खींचा गया। गुरुवार की देर शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने सड़क सुरक्षा से जुड़े अफसरो संग बैठक की, इसमें विभागों के उत्तरदायित्व निर्धारित करने और इसे जमीन पर उतारने की पूरी रूपरेखा, रणनीति तय हुई डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बच्चे रोड सेफ्टी कार्यक्रम की नींव है। जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के तहत बच्चे कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पुलिस के सहयोगी बनने जा रहे हैं। पुलिस बनने के सपने को संजोए इन सभी स्वयंसेवी बच्चों को अग्रिम भविष्य की उज्जवल शुभकामनाएं। गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है। सभी चिकित्सालय इमरजेंसी केयर को प्राथमिकता दें। ब्रेन इंजरी हुई तो जान बचाना मुश्किल होता है इसलिए प्रोटेक्शन के लिए हेलमेट का इस्तेमाल जरूरी है एसपी संकल्प शर्मा ने अपने निजी जीवन को याद करते हुए बताया



कि उनकी मां ने बिना हेलमेट उन्हें कभी भी घर से बाहर निकलने नहीं दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में पड़ने वाले सड़क मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, ओवर स्पीड पर अंकुश लगाने, हेलमेट ड्राइविंग, ड्रिंक एंड ड्राइव की चेकिंग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने महत्वपूर्ण और सारगर्भित विचार व्यक्त किए डीएम ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के भीतर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार सभी जरूरी कदम उठाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सड़क मार्गों पर स्पीड गति कम करने हेतु रिपीटेड बार का निर्माण, ज़ेबरा क्रॉसिंग, एनएच पर मिलने वाले गांव के लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, सड़कों पर सुधारात्मक कार्य कराए जाने को कहा सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जिले में डीएम की पहल सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मृत्यु दर को शून्य करने में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए जन जागरूकता एवं जन सहभागिता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक की शुरुआत में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस के भीतर आने वाले मार्गो पर गत वर्षो में घटित दुर्घटनाओं के डाटा, उनके कारणों को रेखांकित किया। जोन में दुर्घटना बाहुल्य एरिया में संकेतक, रोड इंजीनियरिंग और ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन हुआ। प्रेजेंटेशन के माध्यम से विगत 3 वर्षों के अकड़ो का विश्लेषण एवं उनके आधार पर जोन ऑफ़ एक्सीलेंस को नो फैटेलिटी जोन बनाने की प्लानिंग एवं स्ट्रेटेजी प्रस्तुत की गई. मोर्थ की 4 ई गाइडलाइन के अनुसार समस्त स्टेक होल्डर्स द्वारा अपेक्षित कार्यवाही की भी प्रेजेंटेशन द्वारा जानकारी दी गई मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने जोन ऑफ़ एक्सीलेंस निर्धारित सीमा के भीतर इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपनी रुपरेखा बताई। वही निजी क्षेत्र के चिकित्सक डॉ आरआर मिश्रा, डॉ अनिल वर्मा समेत उपस्थित अन्य चिकित्सकों ने इमरजेंसी ट्रामा केयर को सुनिश्चित करने में अपना हर संभव सहयोग देने की बात कही।जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में NCC-NSS के स्टूडेंट सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक करेंगे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि 07 दिन के भीतर एनएसएस, एनसीसी के इच्छुक बच्चों को चयनित करते हुए ट्रेनिंग दे और ट्रैफिक दूत बनाए, जो समाज के सजग प्रहरी बनकर ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन संग जनमानस को ट्रैफिक रूल्स पालन करने हेतु जागरूक करेंगे।

## डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों सेबात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया। डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील वर्मा, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन, डॉ दीपांकर रावत मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गोला पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 53/2025 धारा 303 2 बीएनएस में वांछित अभियुक्त मनुज मिश्रा पुत्र हरेन्द्र कुमार मिश्रा नि0 नरदवल पुरवा कस्बा व थाना फरधान के कब्जे से19500 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**सिसवा बाजार (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** थानाक्षेत्र के हेवती में सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी कर एक युवक के पास से अवैध शराब के बरामद किया गया।

बुधवार की रात ग्राम हेवती में मुखबीर के सूचना पर आबकारी निरीक्षक वैभव यादव ने एक युवक के पास से 45 पाउच कुल नौ लीटर अवैध शराव बरामद किया। विभाग ने चार पाउच जाँच हेतु भी भेजा है। युवक की पहचान राजू गुप्ता निवासी परसाचक गोबरही थाना सिंदुरिया के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि मामले में आबकारी पुलिस के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है मामले की जाँच की जा रही हैं।

## आगरा पुलिस ने मुठभेड़ में दो लुटेरे पकड़े, एक लुटेरे को लगी गोली

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा पुलिस ने गुरुवार देर रात मुठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली लगी है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा भी बरामद किया है। इन्हीं बदमाशों ने पिछले बुधवार को एक लूट को अंजाम दिया था। जगदीशपुरा पुलिस ने एक सूचना के आधार पर एक ऑटो की तलाश शुरू की जिसमें दो लुटेरों की मौजूदगी थी। घिरने पर ऑटो सवार बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में अमित नाम के बदमाश के पैर में गोली लग गई। उसका साथी दीपक मौके से भागने लगा तो पुलिस ने पीछा कर उसे भी पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि इन्हीं लुटेरों ने दो दिन पहले महिला से पर्स लूट लिया था। गोली लगने से घायल बदमाश अमित पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं। ये दोनों बदमाश ऑटो में सवार होकर वारदातों को अंजाम दिया करते थे। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि बुधवार को अवधपुरी क्षेत्र में महिला से पर्स और मोबाइल लूट की घटना हुई थी। बृहस्पतिवार रात 12¬30 बजे बिचपुरी में बदमाशों को घेर लिया गया। वे ऑटो में सवार थे। रोकने पर भागने लगे। एक ने पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाब में फायरिंग की। घायल आरोपी रूई की मंडी निवासी अमित है। उसके दाएं पैर में गोली लगी है। वहीं उसका साथी शाहगंज निवासी दीपक है। दोनों से लूटा गया सामान बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों के कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस 315 बोर, 1 पर्स (लूटा हुआ), 1 मोबाइल फोन (लूटा हुआ), 1 ऑटो (घटना में प्रयुक्त), रू0 1000/- बरामद हुआ। लूट की घटना में प्रयुक्त ऑटो, ? 1000/-, महिला से लूटा हुआ मोबाइल फोन व पर्स, दवाई Gastica fiz 4 टैबलेट बरामद हुई।

## पिता का आरोप कि बेटी को प्रेमजाल में फांसकर आरोपी धर्मांतरण कराना चाहते थे

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई। उसका शव देहरादून के जंगल से बरामद हुआ। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार सुबह किशोरी का शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवारवालों के करुण रुदन देखकर वहां मौजूद लोगों के आंसू छलक आए। परिजनों ने किशोरी के शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। वे दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिए अड़ गए। बजरंगदल के कार्यकर्ता भी गांव में पहुंच गए। अधिकारी, परिजनों को मनाने में जुटे हैं। परिजन आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की भी मांग कर रहे हैं। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस फोर्स तैनात है पिता का आरोप है कि उनकी बेटी को प्रेमजाल में फांसकर आरोपी धर्मांतरण कराना चाहते थे। विरोध करने पर आरोपियों ने हत्या कर दी। उन्होंने पुलिस को नई तहरीर दी है, जिसमें 14 लोगों को नामजद किया है। मुख्य आरोपी छोटू उर्फ आसिफ को पुलिस ने देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है बृहस्पतिवार दोपहर बजरंग दल समेत कई हिंदू संगठनों के लोग गांव पहुंचे थे। संगठन के लोग यहां पीड़ित पक्ष से मिले और उनकी मांगों के बारे में पूछा। पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। पीड़ित पक्ष की ओर से आरोपियों को फांसी देने की मांग की गई मृतक लड़की के पिता ने पढ़ुआ पुलिस को मुख्य आरोपी आसिफ उर्फ छोटू समेत चौदह लोगों के खिलाफ फिर नामजद तहरीर दी है। सभी आरोपियों पर असलहे के दम पर लड़की का अपहरण करने और उत्तराखंड ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है।

## 60 साल के शरीफ गाजी ने सुबह अपनी बहू सिम्मी की निर्मम तरीके से की हत्या

**लखीमपुर खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के गांव खंजननगर में 60 साल के शरीफ गाजी ने सुबह अपनी बहू सिम्मी 35 वर्ष की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। शरीफ ने बांका व चाकू से बहू पर ताबड़तोड़ वार किए। उसका पेट फाड़ डाला। चेहरे पर भी कई वार किए। वारदात के बाद शरीफ घर के दरवाजे पर ही कुर्सी डालकर बांका और चाकू लेकर करीब दो घंटे तक बैठा रहा आरोपी के हाथ में खून से सना बांका और चाकू देख ग्रामीणों की जानकारी हुई सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने आरोपी शरीफ को हिरासत में लिया। घर के अंदर घुसी तो मंजर देख सन्न रह गई। महिला का लहूलुहान शव जमीन पर पड़ा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आरोपी शरीफ की पत्नी व अन्य बेटे बहुएं भी घर पर नहीं मिली। यहां तक कि मृतका की बेटी और बेटा भी लापता हैं। इनकी तलाश में जुटी हुई है पुलिस ने मृतका के परिजनों व पति की गैरमौजूदगी में ही शव को बिना पंचनामा भरे ही सील कर मौके से हटा दिया। कस्ता चौकी ने मीडिया कर्मियों व स्थानीय लोगों को भी अंदर जाने से रोक दिया। जब पुलिस ने शव को सील कर दिया तब मीडिया कर्मियों को अंदर जाने दिया गया महिला की निर्मम हत्या के बाद करीब 11 बजे तक फॉरेंसिक टीम भी मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त मृतका का पति शफीक घर पर मौजूद नहीं था। आरोपी शरीफ का दूसरा बेटा सत्तार कुंभी चीनी मिल गया हुआ था। पुलिस के मुताबिक आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि महिला ने चाय बनाने से इनकार कर दिया था।

## दैवीय आपदा के शिकार कलमकार के लिए डीएम से मदद की दरकार



**शाहजहांपुर।** काल के क्रूर निर्णय की यातना सह रहे वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश की आर्थिक सहायता के उद्देश्य से सीजीए के बैनर तले पत्रकारों ने एकत्र होकर डीएम से अनुरोध किया।

शहर के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश के दो युवा पुत्र गौरव तथा सौरभ का बीमारी के चलते मात्र तीन माह के अंतराल में निधन हो गया। बेटों की बीमारी का खर्च झेलते झेलते ओमप्रकाश के पास वर्तमान में फूटी कौड़ी शेष नही बची। मृत्योपरान्त किये जाने वाले संस्कारों हेतु असहाय पिता के पास कोई व्यवस्था नही बची।इसी उद्देश्य से सेन्ट्रल जर्नलिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष शिशांत शुक्ला के नेतृत्व में डीएम से मिला और प्रशासन से असहाय परिवार की आर्थिक मदद किये जाने हेतु लिखित में पत्र दिया। जिस पर डीएम ने जल्द से जल्द प्रशासन द्वारा आर्थिक मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार कौशलेंद्र मिश्रा, शिव कुमार ,अभिनय गुप्ता, आनंद शर्मा, शुभम श्रीवास्तव, गोविंन्द अवस्थी , रोहित पाण्डेय ,मनोज मिश्रा , उदित शर्मा, राहुल अवस्थी, आदर्श मिश्रा,गोपाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## महाकुंभ श्रद्धालुओं के लिए राजेश मसाला ने दुर्गापुर में लगाया भंडारा

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** जिले के नेता महाकुंभ में आने जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए हैं। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री आशीष शुक्ला की ओर से बुधवार को अमेठी बाईपास पर अयोध्या जा रहे राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए जलपान और भोजन का इंतजाम किया गया था, शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि की ओर से अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर स्थित दुर्गापुर कस्बे में भंडारे का आयोजन शुरू किया गया।यह भंडारा पांच फरवरी तक निरंतर चलेगा। प्रयागराज में मां गंगा के अमृत जल में स्नान कर लौट रहे मां के भक्तों के लिए राजेश अग्रहरि ने दुर्गापुर में भंडारे का आयोजन किया है। भोजन पानी दवा श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही है भंडारा 5 फरवरी वरी तक निरंतर चलता रहेगा ।

कुंभ स्नान के बाद लाखों लाख श्रद्धालु जो अयोध्या की ओर कूच कर रहे हैं जो लगातार जाम में फंसे हुए हैं ऐसे लोगों को भोजन पानी दवा की दिक्कत ना हो राजेश ने दुर्गापुर में भंडारा शुरू कर दिया है। इस कर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है।

राजेश अग्रहरि ने कहा कि अमेठी वह पवित्र धरती है जहां पर प्रभु श्री राम जी ने पदयात्रा की है मालती नदी के घाट दातून की अमेठी धर्म के लिए जानी जाती है सेवा के लिए जानी जाती है और हमारी अमेठी से गुजर रहे मां गंगा के भक्त कुंभ के श्रद्धालु भूखे जाएं पानी दवा न मिले ऐसा नहीं हो सकता है उनके द्वारा जन सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया है जो ज 5 फरवरी वरी तक चलता रहेगा आवश्यकता रहेगी तो और आगे बढ़ा दिया जाएगा हमारे व्यापार मंडल के लोग लगातार इस काम में लगे हुए हैं।

## आगरा में सरकारी स्कूल का गेट बच्चों के ऊपर गिरा, 5 बच्चे घायल, शिक्षकों पर लगा गंभीर आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा के अछनेरा विकास खंड के उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय में शुक्रवार को गंभीर हादसा हो गया। स्कूल में लगे किचन गार्डन का लोहे का गेट बाउंड्री सहित भरभरा के नीचे आ गिरा, जिसके नीचे कई बच्चे दब गए। इस हादसे में लगभग पांच बच्चों को गंभीर चोटे आई हैं। किसी का पैर टूट गया। किसी का सिर फट गया तो किसी के छाती में चोट आई है। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। उन्होंने घायल अवस्था में पड़े बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार अछनेरा ब्लॉक के महुर गांव में उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय है।



शुक्रवार दोपहर लंच के दौरान बच्चे ग्राउंड में एकत्रित थे। इस दौरान किचिन गार्डन की बाउंड्री गेट सहित नीचे आ गिरी, जिसके नीचे 5 से 6 बच्चे दब गए। करीब 5 बच्चों को गंभीर चोटे आई हैं। मौके पहुंचे ग्रामीण मलखान सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही वे तत्काल मोटरसाइकिल से स्कूल पहुंचे। वहां देखा तो कई बच्चे बाउंड्री के मलवे के नीचे दबे पड़े थे। उन्होंने बच्चों को निकाला और इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाए। हालांकि घटना के समय स्कूल के टीचरों के सहयोग नहीं करने की बात भी कही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल की किचन बाउंड्री जर्जर हालत में थी। कई बार विद्यालय के शिक्षकों से इसे दुरुस्त करने के लिए कहा गया था। मगर शिक्षक किसी हाथ से या अनहोनी के इंतजार में थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब बच्चे बाउंड्री के नीचे दब गए तो किसी भी शिक्षक ने बच्चों को उसमें से निकलने की कोशिश भी नहीं की। ग्रामीणों ने खुद ही बच्चों को निकाला और घायल अवस्था में उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि एक बच्चे का पैर टूट गया है तो एक बच्चे का सिर फट गया है। एक बच्चे के छाती में लोहे की सरिया घुस गई है, जिससे वह गंभीर घायल हो गया है।

वही अछनेरा ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सौरभ आनंद ने बताया कि यह हादसा किचन गार्डन में हुआ है। स्कूल में किचन गार्डन बना हुआ है, जिसमें सब्जियां उगाई जाती हैं। इसी गार्डन में एक बेर का पेड़ भी लगा है। बच्चे पेड़ पर लगे बेर तोड़ रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। किचन गार्डन का गेट पिलर के सहारे लगा था और उसके आसपास तार बंधे हुए हैं।

## 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' अभियान बना मजाक, शासन के आदेशों की अवहेलना, अधिकतर पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट मिल रहा पेट्रोल

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर में शासन द्वारा आदेशों के बाबजूद सिकंदरा के कारगिल पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट



के पेट्रोल दिया जा रहा है। दरअसल उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने एडवाइजरी जारी की थी। इसमें हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं की नीति प्रस्तावित की गई थी। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने आठ जनवरी को एक पत्र जारी किया। इसमें पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिया कि वह बिना हेलमेट पेट्रोल न दें। सभी जिलों के जिलाधिकारियों और संभागीय आयुक्तों को यह पत्र भेजा गया। इसे तत्काल लागू करने के लिए कहा गया। जिसके बाद आगरा डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने 26 जनवरी से इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए।

लेकिन आगरा के पेट्रोल पंपों पर यह अभियान अभी शायद मजाक ही बना हुआ है, क्योंकि शहर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर अभी भी दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रुप से सिकंदरा के कारगिल चौराहे पर ÷कारगिल शहीद हसन मोहम्मद फ्यूल सेंटर÷ है जहां बिना रोकटोक बिना हेलमेट पेट्रोल दिया जा रहा है। वही अभियान को लेकर किसी भी प्रकार की कोई सख्ती नहीं दिखाई दे रही है। दरअसल शुक्रवार को अवधनामा की टीम ने पेट्रोल पंपों की पड़ताल की तो हकीकत सामने आई।

कहने को तो आगरा सहित प्रदेशभर में 26 जनवरी से पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट–नो पेट्रोल अभियान शुरू हो गया है। लेकिन आगरा में अभी इसका पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है। शुक्रवार को कई पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जा रहा था। भगवान टॉकीज, टेढ़ी बगिया, दिल्ली गेट, सिकंदरा सहित तमाम पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट खुलेआम पेट्रोल बिकता रहा।

## पुलिस परामर्श केंद्र में महिला ने ससुर को चप्पलों से पीटा, एफआईआर

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** पारिवारिक झगड़े को सुलझाने के लिये पुलिस लाइन पहुंचे एक परिवार में वहीं हिंसक झड़पें शुरू हो गईं। सीबीगंज क्षेत्र के खना गौंटिया निवासी इस्लाम हुसैन ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी शबाना, ससुर उस्मान हुसैन और तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनके पिता गुलाम हुसैन पर हमला किया। पहले परामर्श केंद्र के अंदर मारपीट हुई और बाद में बाहर निकलते ही दोबारा हमला कर दिया गया।

इस्लाम हुसैन के मुताबिक, उनका बिथरी चैनपुर के गांव परसौना निवासी पत्नी शबाना से पारिवारिक विवाद चल रहा है। दोनों पक्षों में समझौते के लिए गुरुवार दोपहर 3¬45 बजे बरेली के परामर्श केंद्र में बैठक बुलाई गई थी। इस दौरान इस्लाम हुसैन, उनके पिता गुलाम हुसैन, उनकी पत्नी शबाना, ससुर उस्मान हुसैन और तीन अज्ञात व्यक्ति मौजूद थे। आरोप है कि जब बातचीत चल रही थी, तभी शबाना ने अचानक अपने ससुर गुलाम हुसैन को चप्पल से पीटना शुरू कर दिया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर घर जाने के लिए कहा।

इस्लाम हुसैन ने बताया कि जब वे अपने पिता के साथ परामर्श केंद्र से बाहर निकले और घर जाने लगे, तो पुलिस लाइन गेट के बाहर उनके ससुर उस्मान हुसैन तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ पहले से खड़े थे। जैसे ही वे वहां पहुंचे, चारों ने मिलकर इस्लाम हुसैन और उनके पिता गुलाम हुसैन को मारपीट कर घायल कर दिया।

इस्लाम हुसैन का कहना है कि जब उन्होंने पुलिस से शिकायत करने की बात कही, तो उनके ससुर और साथ आए अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और फिर मौके से फरार हो गए।

## टैक्सी से तस्करी करते चाचा-भतीजे गिरफ्तार, 4.85 करोड़ की कोकीन बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बारादरी पुलिस ने तस्करों पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों पर गिरफ्तार किया है। इनके पास से 817 ग्राम कोकीन बरामद की गई है, जिसकी कीमत 4.85 करोड़ रुपये बताई जा रही है। आरोपियों ने बताया कि पंजाब के रहने वाले एक युवक ने दिल्ली में दी थी। इस कोकीन को बरेली में किसी युवक को देनी थी।

बारादरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डोहरा रोड पर रोहिलखंड यूनिवर्सिटी के पास से दो लोगों को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना नाम अमरोह के बछरायूं गांव मोहनपुर निवासी 50 वर्षीय चरन सिंह पुत्र चेतराम और बछरायूं के मोहनपुर मंडी धनौरा निवासी 38 वर्षीय राज बहादुर पुत्र धर्म सिंह बताया है। चरन सिंह दिल्ली में ओला कंपनी में कार चलाता है। इस दौरान उसकी जान-पहचान पंजाब के सरनाम से हुई। उसने इस काम में रुपयों का मोटा मुनाफे का लालच देकर काम में शामिल कर लिया।

पकड़े गए दोनों आरोपियों पर मुकदमें दर्ज हैं। राजबहादुर पर एक अमरोह और एक बारादरी में हुआ है। वहीं चरन सिंह पर बारादरी में दर्ज हुआ है। इसके अलावा इन आरोपियों के पास से पुलिस को 4.85 करोड़ की 817 ग्राम कोकीन, एक स्वीफ्ट डिजायर कार और दोनों मोबाइल बरामद हुए हैं।



आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पाण्डेय, चौकी प्रभारी रूहेलखण्ड राहुल पुण्डीर, चौकी प्रभारी जगतपुर विवेक कुमार, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र राणा, मो असलम और कांस्टेबल अवनीश कुमार शामिल रहे।

## गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर कसाई बाड़ा में युवक पर धारदार हथियार से हमला

**गोरखपुर।** गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर कसाईबाड़ा मोहल्ले में एक युवक पर चाकू और धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक मोहम्मद मुस्तकीम (पुत्र स्व. मोहम्मद अब्बास अंसारी) को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित की मां शकीला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 30 जनवरी 2025 की रात करीब 10ः30 बजे मोहम्मद आजम, मोहम्मद आलम (पुत्रगण महमूद खान) और हैदर (पुत्र मोहम्मद फैयाज) ने उनके बेटे पर पानी के आरओ प्लांट की दुकान पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की और फिर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में युवक का कान कट गया, सिर में गंभीर चोटें आईं और उसे खून की उल्टियां होने लगीं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को पहले नेताजी सुभाषचंद्र बोस चिकित्सालय, सदर ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# मोदी जी ने पसमांदा की आवाज़ उठाकर राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया हैं : वसीम

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कॉंग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी जी को पिछड़ों में सिर्फ़ हिन्दू ओबीसी ही दिखते हैं इन्हें देश के कुल 52 प्रतिशत ओबीसी में करीब 13 प्रतिशत मुस्लिम पिछड़ों यानी पसमांदा मुसलमानों से कोई मतलब नहीं हैं यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने एक बयान में कही हैं।

उन्होंने कहाँ कि ज्यादातर मुस्लिम पिछड़े 10 अगस्त 1950 के पहले दलित वर्ग में थे और अन्य धर्मों के SC दलितों की तरह इन्हें भी एससी आरक्षण का लाभ मिलता था जिन्हें तत्कालीन कॉंग्रेस / नेहरू सरकार ने, तत्कालीन मुस्लिम समाज के मौलाना आजाद, मदनी, बुखारी, फिरंगी, नदवी जैसे ताकतवर सियासी और मजहबी रहनुमाओं से मिलीभगत करके संविधान के अनुच्छेद 341में राष्ट्रपति के एक परेशिडेंसियल आर्डर पैरा (3) के जरिये, तत्कालीन स्ट आरक्षण में धार्मिक प्रतिबंध लगा कर, मुस्लिम दलितों (अछूतों) को इस आरक्षण से बाहर कर दिया था।

हकीकत में आजादी के बाद इन मुसलमानों को कॉंग्रेस पार्टी ने धोबी का कुत्ता बना दिया है, पहले धार्मिक प्रतिबंध लगाकर इनसे इनका SC आरक्षण का अधिकार छीना और अब इन्हें पिछड़ा नहीं, सिर्फ मुस्लिम मानकर, इन्हें अपनी पार्टी के सत्ता और संगठन में भी कोई हिस्सेदारी देने को तैयार नहीं शायद कॉंग्रेस पार्टी उन मुस्लिम दलितों को पिछड़ा नहीं, आज भी अछूत ही मानती है, इसलिये उसके CWC, AICC महासचिवों, PCCs अध्यक्षों, AICC सहित प्रदेशों के फरंटल अध्यक्षों आदि में भी आज का कोई मुस्लिम पिछड़ा या पूर्व का कोई दलित (अछूत) मुसलमान, किसी अहम पद पर नहीं राहुल गांधी आप जैसे तथाकथित फर्जी, फरेबी सेकुलरों और नकली सामाजिक न्याय के नौटंकीबाजों से कहीं बेहतर तो, देश के प्रधानमंत्री मोदी जी ठहरे... जिन्होंने दलितों से बदतर हालात में पहुंच चुके मुस्लिम पिछड़ों और दलितों यानी पसमांदा की आवाज़ उठाकर, ना सिर्फ इसे एक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया, बल्कि मुस्लिम पिछड़ों को अपने राष्ट्रीय संगठन, राज्यसभा, MLC, उप्र में मंत्री, निगमों/ आयोगों में चेयरमैन आदि बनाकर और कुछ राज्यों में विस टिकट देकर, एक बेहतर हिस्सेदारी देने की शुरुआत की।

# अलीगढ़ पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में किया गया बड़ा खाने का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** एडीजी, कमिश्नर, डीआईजी,डीएम व एसएसपी अलीगढ़ सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अधीनस्थों को खाना परोस कर बड़े खाने का शुभारम्भ किया। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में अथक परिश्रम एवं लगन से ड्यूटीरत रहकर पूरे वर्ष जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बरकरार रखने एवं अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर कार्यवाही करने पर अधिकारियों/ कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस लाइन ग्राउंड में बड़ा खाना का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों का मनोबल बढाते हुऐ आपसी मेल मिलाप का सन्देश देकर पुलिस अधि0/कर्मचारियों के साथ रात्रि भोज किया गया। लगभग 1500 पुलिस कर्मियों द्वारा एक साथ सामूहिक रुप से भोज गृहण किया गया। सामूहिक भोजन के आयोजन से पुलिस में एक परिवार की भावना विकसित होती है। बड़ा खाना पुलिस विभाग के परम्परागत उत्सव की तरह मनाया जाता है। इस दौरान अलीगढ़ मडंल कमिश्नर संगीता सिंह, डीएम संजीव सिंह व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## मिल्कीपुर में इमरान ख़ान के लगातार जनसंपर्क से भाजपा के साथ जुड़ रहे मुस्लिम मतदाता

**मिल्कीपुर अवधनामा संवाददाता।** मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के समर्थन में रुदौली निवासी व्यापारी इमरान ख़ान अपनें मित्रों के साथ लगातार मिल्कीपुर में जनसंपर्क कर के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहें हैं। वहीं इस संबंध में जब इमरान ख़ान से बात की गयी तो उन्होंने कहा की यहाँ मिल्कीपुर में जो भाजपा ने प्रत्याशी दिया है वो जनता का प्रिय है और लोगों के सुख दुख में हमेशा साथ खड़ा रहता है जो चंद्रभानु को आवाज़ देता है वो उसकी मदद के लिए हमेशा साथ खड़े रहते हैं। चाहे वो किसी भी धर्म या जाति का हो उसकी मदद होती है जिसका कारण है कि मिल्कीपुर का बड़ा मुसलमान वर्ग भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने जा रहा है और हम लोग लगातार जानता से बात कर रहें हैं जिससे पता चलता है जानता ने पूरा मूड बना लिया है और वो चंद्रभानु को विधायक बनाने जा रही है। उनके साथ जनसंपर्क में पंकज मौर्य ख़ालिद ,अनवर ख़ान,मोहम्मद हसीब, ख़ुर्शीद अहमद, अमर मिश्रा, संजय साहू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## बच्चों ने स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति किया जागरूक

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** ओपी पब्लिक स्कूल, सहजनवा के कक्षा सातवी और आठवी के छात्रों ने मगहर महोत्सव में स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल मनोरंजित किया, बल्कि स्वच्छता के महत्व को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। नाटक का मुख्य उद्देश्य - स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। छात्रो ने नाटक के माध्यम से गंदगी का दुष्प्रभाव स्वच्छता का महत्व, प्रदूषण का प्रभाव और लोगो की भागीदारी पर जोर दिया।

## दो दिवसीय जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** नेहरू युवा केंद्र ड्डमाय भारत(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) पीलीभीत के तत्वाधान में आज जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लॉकों से 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस अवसर पर वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन,कुश्ती, स्लो साइकिल, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मरौरी श्रीमती सभ्यता वर्मा ने प्रतिभागियों को संदेश एवं आशीर्वचन देते हुए कहा कि खेलकूद स्वस्थ भारत का आधार है हमारी केंद्र सरकार और राज्य सरकार खेलकूद को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर नई योजनाएं ला रही है हम उन योजनाओं को जाने व प्रतिभाग कर स्वस्थ एवं विकसित भारत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने अपने संबोधन में विक्रम का परिचय देते हुए कहा कि जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एक वार्षिक आयोजन है ब्लॉकों से शुरू होकर जनपद स्तर तक आता है। कबड्डी प्रतियोगिता में मरोली ब्लॉक प्रथम, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिलसंडा ब्लॉक प्रथम, स्लो साइकलिंग में जरूरी खेड़ा ब्लॉक की अंशिका, बैडमिंटन में मरोली ब्लॉक की निशा मौर्य, कुश्ती प्रतियोगिता में ललौरी खेड़ा ब्लॉक से विशेष सिंह, 400 मीटर दौड़ में करौली सर ब्लॉक से कपिल देव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपन्न कराने में गुरमेजसिंह,भवानी शंकर, चित्र वर्मा, शांति स्वरूप,सेवा निवृत खेलकूद शिक्षक रमेश चंद्र, प्रियंका मोर का योगदान रहा कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि चारु दमन के प्रतिनिधि धर्मपाल, पूर्व उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र संगठन श्री ओ.के पांडे, उपाध्यक्ष गन्ना समिति जगदीश प्रसाद मौर्य, आकाश कुमार लेखाकार, सोनू, अभिषेक, वीरपाल, रवि आदरणीय कार्यक्रम में युवाओं को प्रोत्साहित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति के साथ ही जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025-26 में विभागवार निर्धारित की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगगभ 34 लाख 38 हजार पौधे रोपित किए जाने हैं। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप अन्तर्विभागीय समन्वय से स्थल चयन कराते हुए पौध तैयार कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने पर्यावरण अनुश्रवण पोर्टल पर नोडल विभागीय अधिकारियों द्वारा मार्च 2024 से अद्यतन सूचनाएं अपलोड न करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने नगर निगम, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को पोर्टल पर ससमय अद्यतन सूचनाए अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग खराब न हो इसके लिए सभी विभाग अन्तर्विभागीय समन्वय से अपना कार्य समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करे। बैठक में पर्यावरणविद् सुबोध नन्दन शर्मा ने काली नदी में प्रदूषण एवं उसके दुष्परिणाम की ओर जिलाधिकारी का ध्यानाकर्षण कराते हुए बताया कि काली नदी अलीगढ़ के साथ ही अन्य कई जिलों से होकर गुजरती है। नदी में बढ़ते प्रदूषण से जलीय जीवों के साथ ही इसके आस-पास की भूमि भी खराब हो रही है। प्रदूषण का एक बहुत बड़ा कारण चीनी मिलों का अपशिष्ट है। उन्होंने प्रदूषण को कम किए जाने के लिए नदी के किनारों पर नीम के पौधों का सघन वृक्षारोपण कराने का सुझाव दिया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को वृक्षारोपण के दौरान इसे प्रमुखता से शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में शेखा झील की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया कि जलकुंभी की इस प्रकार सफाई कराई जाए कि इसकी कोई जड़ झील में न रहे, अन्यथा की स्थिति में इसके पुनः उगने की संभावना बनी रहती है।

## आधार व खतौनी में नाम अलग होने से किसानों की रुकी फार्मर रजिस्ट्री

**गोरखपुर।** पिपरौली ग्राम पंचायत बड़गहन में फार्मर रजिस्ट्री में किसान पंजीकरण कराने के लिए आस्था जनसेवा केंद्र से लेकर आधार कार्ड सेंटर तक के चक्कर लगा रहे हैं। आधार कार्ड सेंटर पर किसान आधार कार्ड में नाम सही कराने पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेत में खतौनी में नाम अलग है, इसके कारण उनका आवेदन नहीं हो पा रहा है। कई बुजुर्ग लोगों की अंगुलियों के निशान नहीं मिलान होने से वह नाम को सही कराने को दौड़ रहे हैं। आधार कार्ड व खतौनी से किसानो की फार्मर रजिस्ट्री बनाई जा रही है। जिसके लिये किसान जन सेवा केंद्र से आधार कार्ड सैटर तक के चक्कर लगा रहे हैं। जन सेवा केंद्र संचालक रविकान्त उर्फ लालू ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराने किसान आ रहे हैं, लेकिन नाम में बदलाव के कारण वह आवेदन पूर्ण नहीं हो रहा है। किसान हरिश्चन्द्र ने बताया कि उनके आधार में हरिश्चन्द्र मौर्या नाम लिखा है और खतौनी में हरिश्चन्द्र लिखा है, इसके चलते फार्मर रजिस्ट्री में आवेदन नहीं हो पा रहा है। इस कारण पीएम किसान सम्मान निधि भी रुक जाएगी। किसानो को दस दस किलोमीटर दूर जाकर अपने आधार कार्ड मे मोबाइल नबंर व नाम सही कराने पड रहे हैं।


## सूचना

मैं जाहिदा परवीन पत्नी एस. मुशर्रफ हुसैन, निवासिनी-135/8 के, हमाम वाली गली, मुफ्तीगंज, ठाकुरगंज, लखनऊ की हूँ। मेरे आधार कार्ड में नाम ZAHEDA PARVEEN अंकित है, जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम ZAHIDA PARVEEN अंकित है, जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है। ZAHEDA PARVEEN व ZAHIDA PARVEEN दोनो एक ही महिला के ही नाम है।



## उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य / उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 14207-SLR-F2-MBDP-DLI-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22104-SLR-F2-AYC-LTT-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18.02.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 18.02.2025 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 352/25


# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर विजेताओं को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में दिनांक 31 जनवरी 2025 को प्रातः 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में श्री सुभाष चन्द्र प्रजापति, अपर जिलाधिकारी मुख्य अतिथि रहे, डीडीओ श्याम कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि रहे। सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी लाये जाने हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार एवं मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0शासन, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 01-01-2025 से 31-01-2025 तक ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' मनाया गया है। सुभाष चन्द्र प्रजापति, अपर जिलाधिकारी मुख्य अतिथि ने बताया कि भारत में वर्ष 2022 में 461312 सड़क दुर्घटनाओं मे 168491 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 443366 व्यक्ति घायल हुये। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2024 में 46052 सड़क दुर्घटनाओं में 24118 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 34665 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि वर्ष 2023 में 44534 सड़क दुर्घटनाओं में 23652 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 34665 व्यक्ति घायल हुये थे। जनपद-फर्रूखाबाद में वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 301 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 269 व्यक्ति घायल हुये थे। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या तथा मृतकों एवं घायलो की संख्या में वृद्धि अत्यन्त ही चिन्ता जनक है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में ''सावधानी हटी, दुर्घटना घटी'' तथा ''समय बहुमूल्य है, परन्तु जीवन अमूल्य है'' के मंत्र को आत्मसात कर दुर्घटनाओं से बचने हेतु प्रेरित किया गया। डीडीओ श्याम कुमार तिवारी, विशिष्ट अतिथि, एआरटीओ (प्रशासन) वी एन चौधरी तथा एआरटीओ (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत द्वारा भी सभी को सम्बोधित करते हुये सड़क सुरक्षा के नियमों तथा दुर्घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी। सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी उच्च शिक्षा स्तर की भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रिया वैष्णवी, बद्रीविशाल पी0जी0 कालेज फर्रूखाबाद, द्वितीय स्थान पर शिवम पाण्डेय, बद्रीविशाल पी0जी0 कालेज फर्रूखाबाद तथा तृतीय स्थान पर रिनी चौहान एनएके0पी0 पी0जी0 कालेज, फर्रूखाबाद को सम्मानित किया गया।

## किसानों ने सात सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 31/01/2025 को भारती कृषक एसोसिएशन ने जनपद फर्रुखाबाद की जनसमस्याओं को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में जिलाधिकारी को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार को सौंपा। भारतीय कृषक एसोसिएशन का सात सूत्रीय मांगपत्र निम्न प्रकार है कस्बा कायमगंज में अस्पताल, तहसील, कोर्ट व डाकखाना के पास नगरपालिका कायमगंज द्वारा सड़क के दोनों किनारों के फुटपाथों पर अतिक्रमण कर रखा है। अतिक्रमण हटवाया जावे। गांव भगौतीपुर में गाटा संख्या 114 व 96 नॉन जेड में आती है।राजकीय संपत्ति है।एसडीम कायमगंज द्वारा मोटी रकम लेकर उक्त राजकीय जमीन पर कब्जा नहीं हटवाना चाहते हैं। एसडीएम कायमगंज द्वारा शिकायतकर्ता रामवीर पर ही 126/135 बी0एन0एस0 की धारा में अनावश्यक कार्रवाई कर उस पर दहशत कायम की गई।संबंधित पर सख्त कार्रवाई कर एसडीएम कायमगंज को तत्काल हटाया जाए और विवादित जमीन 114 व 96 से अतिक्रमण हटाया जाए। कस्बा कायमगंज में नगरपालिका द्वारा जो दुकानें फ्री होल्ड की गई थी।उन दुकानदारों द्वारा मोहल्ला जवाहरगंज में पैमाइश से अधिक जगह पर निर्माण करवा लिया।जिससे आवागमन के लिए रास्ता छोटा हो गया है।दोबारा पैमाइश कराकर अतिरिक्त निर्माण हटवाया जाए। तहसील कायमगंज के अंतर्गत गांव नगला धीमर से लेकर शमशाबाद ढाईघाट तक गंगा के दोनों किनारो पर बन्धा बनवाया जाए।जिससे बाढ़ से किसानों की फैसले बर्बाद होने से बचाया जा सके। सरकार विद्युत परियोजनाओं का निजीकरण कर रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या।

पत्रांक :- 453/न0प0भ0/पी0एम0स्वनिधि/2024-25 दिनाँक : 30/01/2025

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या में वर्ष 2024-25 में ''पी0 एम0 स्वनिधि योजना'' के अंतर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling of PM Svanidhi Beneficiaries) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु दक्ष संस्था/फर्मो से ऑफ लाइन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गए कार्यो हेतु दिनाँक 10.02.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या में सीलबंद पेटी में निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिनांक को अपरान्ह 3:30 बजे तक सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जाएँगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 07.02.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दे। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में पूर्ण की जाएगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत शर्तो एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित पटल से प्राप्त की जा सकती है। पी0एम0 स्वनिधि से सम्बंधित समस्त योजनाओ के कार्य का विवरण निम्नवत हैं -

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणन की धनराशि जी.एस.टी. सहित | धरोहर राशि | टेंडर का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पी0एम0 स्वनिधि से सम्बंधित समस्त योजनाओ के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य संपत्ति स्वास्थ्य योजनाओ से आच्छादन विकलांगता की स्थिति शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रसांगिक श्रेत्रो से सम्बंधित सूचनाओं के सर्वे आदि का कार्य। (IEC Activities like installation of hording banners etc. Mobilization of vendors, imparting of Training To data collectors. Local Transport, Any other expenditure related to programme And ETC.) | 5,00,000.00 | 10,000 | 500 | 01 माह |

**निविदा हेतु शर्ते** – 1 - सशर्त/कटिंग/ओवरराइटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जाएगी। 2- 10 रु के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निवीदा दाता का न तो कोई अपराधिक रिकॉर्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है, इस आशय का शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। 3- उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण पत्र सलग्न करना अनिवार्य करना होगा। 4- निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य करने हेतु 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद, एन.एस.सी./एफ.डी.आर./नकद के रूप में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या के नाम बंधक होगा, को सलग्न करना अनिवर्य होगा। 5- अनुबंध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा। 6- निविदा कोई बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या को होगा। 7- भविष्य में न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा। 8- बिल के नियमानुसार करो आदि की कटौती कर बिल भुगतान किया जायेगा। 9- शासन या निदेशालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, अयोध्या**


# पुलिस की संयुक्त गस्ती दल ने चीनी नागरिक को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और मोहाना पुलिस की संयुक्त गस्ती दल ने चीनी नागरिक को किया गिरफ्तार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और थाना मोहाना द्वारा ओपरेशन कवच के तहत संयुक्त गस्ती के दौरान अवैध तरीके से भारत में घुसपैठ कर रहे चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया। ओपरेशन कवच के अंतर्गत 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त गस्ती कर सीमा पर हो रहे अवैध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस चौकी ककरहवा के संयुक्त गस्ती दल सीमा स्तम्भ संख्या 544 के समीप गस्त कर रहे थे। गस्ती के दौरान उनके द्वारा देखा गया कि एक व्यक्ति लाल रंग का हेलमेट पहने पगडंडी के रास्ते नेपाल से भारत सीमा में प्रवेश कर रहा है। संदेह के आधार पर उक्त व्यक्ति जिसका हुलिया भारत व नेपाल के स्थानीय नागरिकों से भिन्न लग रहा था, को रोककर पूछ-ताछ किया गया जिसमें अग्रेजी में उसने बताया कि उसका नाम ZHE Ying Bodhisattva, निवासी Ancient Buddhist Temple, Shek O, Tin Hey, Guangdong, Hong Kong, (China) है तथा वह भारतीय क्षेत्र में घूमने जा रहा है। उस चीनी व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसके पास से चीनी पासपोर्ट, नेपाली वीजा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं होंग कोंग, चीन की पहचान पत्र बरामद हुआ। तत्पश्चात, चीनी भाषा जानने वाले लुम्बिनी बौद्ध विश्वबिद्यालय के अध्यापक प्रदीप गिरी द्वारा किये गये पूंछ-तांछ के ट्रांसलेशन के दौरान चीनी व्यक्ति ने बताया कि वह 25 जनवरी को हांगकांग से वाया बैंकाक, काठमांडू आया था तथा उसी दिन फ्लाइट से भैरहवा एअरपोर्ट पहुंचकर Lumbini International Buddhist Meditation Center में रुका था। 30 जनवरी को वह चीनी कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी की स्थानीय दुकान से नेपाली नंबर प्लेट की स्कूटी लेकर दो नेपाली लोगो के साथ ककरहवा बार्डर के समीप पहुंचा।

तत्पश्चात, दोनों नेपाली नागरिकों द्वारा उक्त चीनी व्यक्ति को लाल रंग की हेलमेट पहनाकर ककरहवा चेक पोस्ट के समीप नेपाल क्षेत्र में छोड़कर चला गया। वहां से पगडंडी के रास्ते उक्त चीनी व्यक्ति भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया जहाँ गस्ती दल द्वारा उनको रोका गया।

भारत में प्रवेश से सम्बंधित उसके पास बैध दस्तावेज न होने के कारण संयुक्त गस्ती दल द्वारा उक्त चीनी व्यक्ति को गिरफ्तार कर उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत पुलिस थाना मोहाना को सुपुर्द किया गया।

## ईओ एवं डॉक्टर अरशद मंसूरी ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज पूज्य बापू की शहादत दिवस पर देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ अरशद मंसूरी ने नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा के साथ महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुण्यतिथि के मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी ने कहा कि महात्मा गाँधी सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई। मंसूरी सोसाइटी के प्रदेश सचिव मोहम्मद वसीम मंसूरी ने कहा कि महात्मा गाँधी को सुभाष चन्द्र बोस ने राष्ट्रपिता की उपाधि देकर सम्बोधित किया था। तभी से पूरा राष्ट्र उन्हें बापू के नाम से पुकारता हैं। मंसूरी सोसाइटी फर्रुखाबाद के उपजिला प्रभारी रिज़वान मंसूरी ने बताया कि गांधीजी कभी झूठ नहीं बोलते थे।

# अयोध्या शहर की आबादी से अधिक श्रद्धालु श्रीराम की नगरी पहुंचे





*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रामनगरी में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में देर शाम तक दर्शन पूजन चला। दो फरवरी को पड़ने वाली वसंत पंचमी के बाद तक अयोध्या में ऐसी भीड़ जुटी रहने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों के मुताबिक रोजाना तकरीबन 20 से 25 लाख के करीब श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। यह शहर की आबादी से कहीं ज्यादा हैं। वहीं व्यवस्थाओं को नियंत्रित करते हुए अधिकारी जुटे हुए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हवाई सर्वेक्षण कर न सिर्फ अपने आराध्य को प्रणाम किया बल्कि रामनगरी की व्यवस्थाओं का भी नजारा देखा।

प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंची श्रद्धालुओं की अपार भीड़ अयोध्या रुख कर चुकी है। पहले मकर संक्रांति और उसके बाद 26 जनवरी से अयोध्या में जुटी भीड़ ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। रोजाना तीन लाख के करीब श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। पांच लाख से अधिक हनुमानगढ़ी में माथा टेक रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि हर वर्ष प्रयागराज से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं, लेकिन इस वर्ष रामलला के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई है। हेलीकॉप्टर से गोरखपुर जाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई सर्वेक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने राम जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी व सरयू घाट का हवाई सर्वेक्षण किया है।

भीड़ बढ़ते ही गलियों में लगा दी गई बैरिकेडिंग

अयोध्या धाम में भीड़ बढ़ते ही गलियों में बैरिकेडिंग कर दी गई है, ताकि कोई भी इधर-उधर से प्रवेश न कर सके। हाईवे पर वाहन रोके गए हैं। द्वारों से धाम में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

हनुमानगढ़ी पर हुई पुष्पवर्षा

हनुमानगढ़ी पर मौजूद एडिशनल एसपी डॉ राजेश तिवारी ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को देखते हुए श्रद्धालु उत्साहित दिखे। अयोध्या पुलिस को धन्यवाद दिया।

अयोध्या में रहेंगे एडीजी जोन लखनऊ

प्रयागराज जैसी घटना दोबारा कहीं न हो इसलिए अधिकारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। योगी सरकार ने अयोध्या में एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर को लगाया है। वह नियमित मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा रहे हैं।

होल्डिंग एरिया में रोके जा रहे श्रद्धालु

अयोध्या में भीड़ के दबाव को कम किया जा सके इसलिए नगर के बाहर होल्डिंग एरिया बनाये गए हैं। अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ते ही गोंडा व प्रयागराज मार्ग पर बने होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को रोक लिया जाता है। रुक-रुक कर श्रद्धालुओ को रवाना किया जाता है।

120 मीटर की ऊंचाई से ड्रोन कर रहा निगरानी

अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्या प्रशासन ने हाइटेक ड्रोन की मदद से क्षेत्र की निगरानी शुरू कर दी है। यह ड्रोन 120 मीटर की ऊंचाई तक उड़ने और 3 से 5 किलोमीटर के दायरे में निगरानी करने में सक्षम है। इन ड्रोन्स के माध्यम से आने जाने वाले श्रद्धालुओं पर नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत चिह्नित कर जांच किया जा रहा है। ड्रोन की सहायता से संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## डिंपल अपनी ही पार्टी की महिला मोर्चा का नहीं करती सम्मानः रोली सिंह

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव पर अयोध्या की जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने डिंपल यादव पर अपनी ही पार्टी की महिला मोर्चा की अनदेखी करने का आरोप लगाया। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी महिला सशक्तिकरण की बातें तो करती है, लेकिन जब सम्मान देने की बारी आती है तो अपनी ही महिला नेताओं को नजरअंदाज कर देती है। उन्होंने कहा, डिंपल यादव महिलाओं के हक की बात करती हैं, लेकिन क्या उन्होंने कभी अपनी ही पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया? रोली सिंह ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर भी सवाल उठाए और कहा कि पार्टी के अंदर महिलाओं की भागीदारी केवल दिखावे के लिए रखी गई है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर मेहनत करने वाली महिलाएं जब नेतृत्व से उम्मीद रखती हैं, तो उन्हें उपेक्षा का सामना करना पड़ता है।

# नौ माह की सेवा देकर सेवानिवृत हुए जिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. उत्तम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ सर्जन डॉ. उत्तम कुमार ने अपनी नौ माह की सेवा अवधि पूर्ण कर 31 जनवरी को सीएमएस के पद से सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इसके बाद उनकी जगह कार्यवाहक सीएमएस के रूप में डॉ. अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया। डॉ. सिन्हा पिछले 12 वर्षों से अस्पताल में वरिष्ठ सर्जन के रूप में कार्यरत हैं और अब कार्यवाहक सीएमएस के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे।विदाई और पद ग्रहण कार्यक्रम इस बार स्थगित कर दिया गया, क्योंकि जिले के एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। हालांकि, औपचारिक रूप से लिखित प्रक्रिया पूरी की गई और डॉ. सिन्हा ने कार्यवाहक सीएमएस का पद ग्रहण किया।नवागत कार्यवाहक सीएमएस डॉ. अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता अस्पताल में आने वाले मरीजों को



बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना और उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराना होगी। इसके अलावा, उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ से मरीजों और तीमारदारों के साथ बेहतर व्यवहार करने की अपील की।डॉ. सिन्हा ने यह भी बताया कि अस्पताल को बेतार बनाने के लिए वे सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अस्पताल के सभी परिसर का नियमित रूप से दौरा करेंगे और मरीजों के मुद्दों का समाधान करेंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सकों को बाहर से दवाइयां लिखने से बचना चाहिए और यदि मरीज गंभीर हो, तो उसे ट्रामा सेंटर रेफर किया जाए। किसी भी शिकायत की स्थिति में विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली बिल को लेकर विवाद, फिर मारपीट

**अयोध्या।** चौक बिजली घर में जूनियर इंजीनियर (जेई) नरेश चंद्र जायसवाल और 12 से 15 कर्मचारियों पर एक युवक के साथ मारपीट करने और उसकी सोने की चेन छीनने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित राकेश निषाद, पुत्र अश्वनी कुमार निषाद, निवासी महाजनी टोला, रिकाबगंज, अयोध्या ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।राकेश निषाद का आरोप है कि उसका ?4710 का बिजली बिल बकाया था, जिसके कारण 30 जनवरी 2025 को उसका बिजली कनेक्शन काट दिया गया। जब वह इस संबंध में बातचीत करने के लिए चौक बिजली घर पहुंचे और जेई नरेश चंद्र जायसवाल के चेंबर में गए, तो जेई ने बात करने से इनकार कर दिया और अपशब्द कहे।राकेश ने आरोप लगाया कि जब उसने इस पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की, तो जेई और अन्य 10-12 अज्ञात कर्मचारियों ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा। लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर अंदरूनी चोटें पहुंचाईं। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान उसकी गले की करीब एक तोले की सोने की चेन भी छीन ली गई। साथ ही, उसका मोबाइल छीनकर वीडियो रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गई, ताकि कोई सबूत न बचे। इस हमले में राकेश को चेहरे और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की बीमारी के चलते मौत

**अयोध्या।** शुक्रवार को जिला चिकित्सालय अयोध्या में कर्मचारियों को दुखद सूचना मिली कि उनके एक साथी की मृत्यु हो गई, जिसके बाद कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विशाल विश्वकर्मा की तबीयत पिछले कुछ महीनों से खराब चल रही थी। उन्हें गुरुवार रात को इलाज के लिए दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। विशाल विश्वकर्मा अपने पीछे अपनी माता, पत्नी और दो अबोध बच्चों को छोड़ गए हैं।राजकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ अयोध्या के जिला अध्यक्ष राम बलि गुप्ता ने इस दुःखद घटना की सूचना तत्कालीन सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार को दी। इसके बाद सीएमएस ने अपराह्न एक बजे ओपीडी बंद करने का आदेश दिया और एक शोक सभा आयोजित की।

# हॉकी प्रतियोगता में गांधी क्लब बना चैंपियन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित गांधी स्मृति दिवस के अर्न्तगत शुक्रवार को बंकी स्थित खेल मैदान में खेले जा रहे सद्भावना हॉकी प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब की चार टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच में गांधी क्लब की टीम बी को हराकर गांधी क्लब की टीम ए विजेता बना। पहले मैच में टीम ए ने टीम सी को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में गांधी क्लब की टीम बी ने टीम डी को 7-0 से करारी शिकस्त दी। फाइनल मैच में क्लब की टीम ए ने टीम बी को 2-0 से हराकर ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सतीश जायसवाल ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।इस दौरान क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई ने खिलाड़ियों को महात्मा गांधी से जुड़े उनके कई प्रसंग साझा किए तथा उनके किए गए कार्यो का भी उल्लेख किया। फाइनल मैच का शंभारंभ नगर पंचायत बंकी चेयरमैन प्रतिनिधि इमरान खान ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से राकेश कुमार, अयाज अंसारी, विजय अवस्थी, निसार अहमद, विनय कुमार सिंह, साकेत संत मौर्य आदि मौजूद रहे। इस दौरान पटना से आए समाजसेवी रंजन शर्मा, पूर्व एमएलसी राजेश कुमार यादव, ज्ञान सिंह यादव, सत्यवान वर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, रंजय शर्मा, सीमा, अनुष्का आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## आरोही और जेबा निबंध में अव्वल, चित्रकला में समिरूल निशा रही प्रथम

**बाराबंकी।** गांधी स्मृति दिवस के दूसरे दिन जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज और वारिस चिल्ड्रेन एकडमी इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने निबंध लेखन प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। देवा रोड स्थित गांधी भवन में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता जूनियर में वारिस चिल्ड्रेन एकडमी इंटर कॉलेज की छात्रा आरोही को प्रथम, आदर्श पाण्डेय को द्वितीय और अशी गुप्ता को तृतीय स्थान मिला। निबंध सीनियर में जमील उर रहमान इस्लामिया गर्ल्स इं. कालेज की छात्रा जेबा को प्रथम, इकरा को द्वितीय और साज़िया को तृतीय स्थान मिला।

# जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट में अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग कार्यशाला का समापन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में आयोजित चार सफ्ताह की अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर केंद्रित कार्यशाला का समापन। शुक्रवार को जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में आयोजित चार सफ्ताह की अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर केंद्रित कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की आधुनिक तकनीकों सिद्धांतो और उनके व्यावहारिक उपयोगो अनुप्रयोगों से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में यूनाइटेड स्टेट ऑफ़ अमेरिका की मिस रूमेसा अब्दुल हई और मिस रोज अल सलमान मुख्य अतिथि व प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुई जिन्होंने डाटा प्रोसेसिंग अलगोदिरम डिज़ाइन मॉडल ट्रेनिंग और एआई के व्यावसायिक उपयोग जैसे आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रशिक्षण दिया। रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने ने अपने सम्बोधन में कहा कि अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का भविष्य बहुत उज्जवल है और इस कार्यक्रम से छात्र छात्राओं को इस क्षेत्र में उत्कृष्ता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। अकादमिक हेड डॉ ए के मिश्रा ने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनातियों के लिए तैयार करने का एक प्रयास है तथा उन्होंने ने अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के आयोजन की ज़रुरत पर ज़ोर दिया।

कार्यशाला के समापन पर मिस रूमेसा अब्दुल हई और मिस रोज अल सलमान एवं प्रतिभागियों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के हेड श्री सादिक़ अंसारी ने अतिथियों समेत उपस्थित सभी शिक्षकगण और छात्र छात्राओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

## आज आएंगे गर्वनर आरिफ मोहम्मद खान



गांधी स्मृति दिवस का समापन शनिवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान गांधी स्मृति व्याख्यान को सम्बोधित करेंगे। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे तथा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को मानव सेवा सम्मान से सम्मनित भी करेंगे। कार्यक्रम में की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उ.प्र. अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बैजनाथ रावत, आचार्य नरेन्द्र देव समाजवादी संस्थान के संयुक्त सचिव नवीन चन्द तिवारी, विजय लक्ष्मी आई हॉस्पिटल के निदेशक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, देवा शरीफ वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वासिक रफीक वारसी, वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय, पटना के समाजसेवी रंजन शर्मा समेत अन्य प्रबुद्धजन, राजनेता, प्रशासक, अधिवक्ता, चिकित्सक और पत्रकार हिस्सा लेंगे।

# काम नही आई जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की नसीहत

# आरसी सेंटर जनवरी के अंत तक क्रियाशील नहीं



कूड़े के ढ़ेर में दब गयी सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना

- योजना के प्रचार प्रसार के नाम पर हो गया अरबों खरबों का वारा-न्यारा
- गॉव गॉव बनवाए गए कूड़ा निस्तारण केंद्र साबित हुए बेकार
- सरकार की योजना को खुद कुचल देते हैं प्रशासनिक अफसर

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** ग्राम पंचायतों में बनाए गए कूड़ा निस्तारण केंद्रों का जिले में शायद ही कहीं उचित प्रयोग हो रहा हो। शासन की बेहद महत्वाकांक्षी योजना पर जिम्मेदार तत्वों ने ऐसी मक्कारी दिखाई कि पूरा मंसूबा ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 9 जनवरी को पंचायती राज विभाग की स्वच्छ भारत मिशन की बैठक नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी थी। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों के पेंडिंग आवेदन तथा प्रथम एवं द्वितीय किस्त भेजे जाने के संबंध में जानकारी ली थी।

विकासखंड कलान मे शौचालयों के सबसे अधिक आवेदन लंबित होने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं खण्ड विकास अधिकारी का जवाब तलब करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने समस्त एडीओ पंचायतों को निर्देश दिए थे कि 20 जनवरी तक कोई भी व्यक्तिगत शौचालय हेतु लंबित आवेदन नहीं रहना चाहिए साथ ही निर्देश थे कि ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायत में बनाए गए आरसी सेंटरों का रखरखाव दुरुस्त कर लिया जाये। निर्माण एवं क्रियाशील होने की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त एडीओ पंचायत को निर्देश दिए हैं कि 20 जनवरी तक प्रतिशत आरसी सेंटर क्रियाशील होने चाहिए। उन्होंने कहा था कि जिन ग्राम पंचायत में आरसी सेंटर बनकर तैयार हो गया है जो भी ग्राम प्रधान आरसी सेंटर क्रियाशील में रूचि नहीं लेगा उसकी पावर सीज की जाएगी। लेकिन इन सब आदेशों को डीएम के अधीनस्थों ने ही हवा में उडा दिया।

जिलाधिकारी का कहना था कि ई-रिक्शा के माध्यम से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के एक जनवरी से 50 रुपए प्रतिमाह प्रत्येक घर से यूजर चार्ज शत प्रतिशत लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जो प्रत्येक माह चार्ज नहीं देगा उसे इकट्ठा यूजर चार्ज लिया जाएगा।लेकिन डीएम के सभी आदेश धरातल पर अब तक हवा हवाई दिखाई दे रहे हैं। आरआरसी सेंटरों की दुर्दशा अब तक बरकारार है। और अधिकतर ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालय अब तक व्यवस्था सुचारू होने की बात जोह रहे हैं।

# सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर ने बच्चों में बांटा लेखन सामग्री



**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे में स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर हाई स्कूल में पुलिस विभाग से सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने 200बच्चों में लेखन सामग्री कीट वितरित किया। जिसे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश सेवा के साथ सामाजिक कार्यों में हमेशा रुचि रही है। इसी क्रम में विद्यालय के छ से आठ तक पढ़ने वाले 200 बच्चों में लेखन सामग्री कीट का वितरण किया गया आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। इस दौरान प्रधानाचार्य जितेंद्र पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश रौनियार,शिक्षक सुरेश कुमार गुप्त, जयचंद खरवार, संतोष कुमार पांडेय,रामेश्वर चौधरी, त्रिभुवन यादव, रानी गुप्ता जानकी यादव व अभिषेक कुमार सहित अन्य तमाम लोग उपस्थित रहे।

## छत के रास्ते घर मे घुसे चोरो ने लाखों के जेवरात, नगदी चोरी

**हैदरगढ़-बाराबंकी।** थाना लोनीकटरा इलाके में बीती रात छत के रास्ते एक घर मे घुसकर बेख़ौफ़ चोरो ने कमरे में रखा बक्सा चोरी कर लिया। इस दौरान गहरी नींद में सो रहे मकान मालिक व उसके परिवार को भनक तक नही लग सकी। सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने लोनी कटरा थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। लोनीकटरा थाना क्षेत्र के शिवाला का पुरवा गांव निवासी पीड़ित निसार अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रात में जब वह अपने परिवार के साथ गहरी नींद में सो रहे थे, तब अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुस आए। दबे पांव कमरे में घुसे चोर वहां रखा बक्सा चुरा ले गए। जिसमे करीब 40 हजार रुपये की नगदी के अलावा कीमती जेवरात और कपड़े भी थे।

## देशभक्ति के जज्बे के साथ निकली तिरंगा यात्रा



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीनगर के सामाजिक संगठन सिसवा युवा संगठन द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष शुक्रवार को आठ सौ मीटर की तिरंगा यात्रा निकल गई। इस दौरान विभिन्न झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं । इस यात्रा में नगर कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। यह तिरंगा यात्रा गोपाल नगर स्थित केन यूनियन कार्यालय परिसर में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल व्दारा दीप प्रज्वलित कर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संस्कृतिक प्रस्तुतियों के बाद सेंट जोसेफ्स स्कूल, आरपीआइसी स्कूल प्रेमलाल सिंहानिया कन्या इंटर कालेज, स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल, लिटिल स्टार एकेडमी, किसान आदर्श इंटर कालेज, जेपी पब्लिक स्कूल, रामकिशन मेमोरियल स्कूल, आदर्श शंकर शिशु विद्यालय सहित नगर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे एकत्र हुए। यहां संगठन के लोगों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई।

यात्रा में शामिल विभिन्न झाकियां आकर्षण का केन्द्र रही । तिरंगा यात्रा नगर भ्रमण के बाद पुनः गोपाल नगर तिराहे पर संपन्न की गई। इस अवसर पर डॉ. पंकज तिवारी, ओए जोसफ, विवेक चौरसिया, एनबी पाल, रितेश सोनी, नवीन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मानव तस्करी को लेकर इंडो नेपाल के सुरक्षा एजेंसियों की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** नेपाल के महेशपुर सीमा प्रहरी चौकी पर मानव तस्करी व बाल तस्करी को लेकर मासिक बैठक की गई। जिसमें भारत नेपाल के सुरक्षा एजेंसियों सहित दोनो देशों सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में बाल सुरक्षा के मुद्दो को लेकर बाल श्रम, बाल विवाह, मानव तस्करी, बाल तस्करी रोकने के लिए भारत नेपाल दोनों देश के सुरक्षा एजेंसियों एवं अन्य संस्थाओं के साथ सामूहिक चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेपाल महेशपुर के सब इंस्पेक्टर गंगा दत्त बडू ने कहा कि बाल श्रम में बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा से जोड़ने के साथ



बेहतर संचार माध्यम से समन्वय बैठाकर बाल अपराध रोकने में सफलता की बात कही। कोतवाली की प्रशिक्षु महिला सब इंस्पेक्टर खुश्बू ने कहा कि यह एक जागरूकता मीटिंग है। जिसमें हम सभी अपने द्वारा किए गए कार्यो का अवलोकन करते है। जिससे किए गए कार्यों में सुझाव मिलता है। मानव तस्करी वैश्विक स्तर पर तीसरी चुनौती है। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के श्रवण कुमार ने बताया कि इस पेशे से जुड़े लोग नौकरी दिलवाने, बेहतर शिक्षा दिलवाने व चकाचौंध जीवन जीने के नाम पर गुमराह करते हैं। समाज में कई लोग होते हैं, जिनका बल पूर्वक अपहरण कर लिया जाता है। चाइल्ड लाइन उप केंद्र निचलौल के समन्वयक सिस्टर जगरानी ने कहा कि हम सभी का प्रयास अधिक सेअधिक लोगो मे हेल्पलाइन नंबर का साझा कर बच्चों को मदद किया जा सकता है। वहीं बेहतर परिणाम के लिए सामंजस बैठाकर काम करने की अपील की। मानव सेवा संस्थान के केंद्र प्रभारी वरुण कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, बाल यौन शोषण, बाल तस्करी से बचाने के लिए बैठक की गई है। इस सीमा प्रहरी नेपाल के एसआई वासुदेव ओली, नेपाल एपीएफ के एएसआई गनेश यादव,आफंत नेपाल की सुशीला कंडेल, महिला का. सुशीला, मंगिता, सत्य नारायण, सुबास देवकोटा, प्रमोद कुमार सहित तमाम स्वयं सेवी संस्था के लोग मौजूद रहे।

# हाई सिक्यूरिटी बैरक एक माह में बनकर होगा तैयार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा जिला कारागार महराजगंज का मासिक निरीक्षण किया गया। दोनो वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जेल निरीक्षण के दौरान सामान्य बैरक, महिला बैरक, पाकशाला व जेल परिसर की साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बंदियों की समस्यायों को सुनते हुए निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने बंदियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए समस्या के गुणवत्तापूर्ण व नियमानुसार निस्तारण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जेल परिसर में निर्माणाधीन हाइ सिक्योरिटी बैरक के निर्माण कार्य को देखा और प्रगति की जानकारी ली। जेल अधीक्षक ने अवगत कराया कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल द्वारा बताया गया है कि 01 माह के भीतर बैरक बनकर तैयार हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के लिए आने वालों की गहन जांच को सुनिश्चित करें और प्रयुक्त उपकरणों का विवरण भी रखें। दोनों अधिकारियों ने जेल की व्यवस्था और साफ-सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

# सिद्धार्थ विकास मंच के पदाधिकारियों ने भीमापार अंडरपास के स्थान का निरीक्षण कर दर्ज कराया आपत्ति

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पूर्व सूचना के अनुसार शुक्रवार को भीमापार अंडरपास के स्थान का सिद्धार्थ विकास मंच के पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। अवधेश कुमार शुक्ला, गणेश शंकर पांडे, अनिल कुमार, त्र्यंबक धर द्विवेदी, सत्य प्रकाश सिंह, तजमुल हुसैन, बाबूलाल, उमेश वर्मा, अब्दुल रहमान, एमडी रफीक, अमरीश गुप्ता, कैलाश चौधरी, विश्वनाथ वर्मा, अर्जुन सुग्रीव, राम हेमंत, शिवपूजन, संतोष, रुदल व शिव शंकर आदि लोगों ने वर्तमान निर्माण पर आपत्ति करते हुए बताया कि विगत 8 दिसम्बर को रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू व सांसद जगदंबिका पाल जिस स्थान पर उद्घाटन किया था, उस स्थान पर अंडरपास न बनाकर रेलवे के अधिकारी गण 7 लाख रुपए की अवैध वसूली करके नए स्थान व अनुपयुक्त स्थान पर अंडरपास का निर्माण करने की कोशिश में हैं, जिसकी जनता भरपूर विरोध करती है। सिद्धार्थ विकास मंच के संरक्षक अखंड प्रताप सिंह व उपाध्यक्ष अजय कसौधन वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूप नारायण सिंह राजन आदि ने रेलवे के अधिकारी चौहान आई ओ ड्ब्ल्यु से वार्ता कर आपत्ती दी और यह कहा कि अगर उद्घाटन के स्थान के विपरीत किसी अन्य स्थान पर निर्माण किया जाएगा तो उसका सिद्धार्थ विकास मंच विरोध करेगा और जनतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा इस आशा का ज्ञापन रेलवे के वर्तमान कार्य की देखरेख करने वाले आई ओ ड्ब्ल्यु बढ़नी सिद्धार्थनगर के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक इंजीनियरिंग हेतु प्राप्त कराया गया।

## प्रेरणा कैंटीन का हुआ उद्घाटन

**जलालपुर अम्बेडकर नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बैनर तले प्रेरणा कैंटीन का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी द्वारा समारोह पूर्वक फीता काटकर किया गया उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में राधिका आजीविका स्वयं सहायता समूह की तरफ से खोली गई है अब ब्लॉक परिसर में चाय नाश्ते के लिए जरूरतमंदों को परिसर के बाहर नहीं जाना पड़ेगा खंड विकास अधिकारी रामविलास ने कहां की ब्लॉक परिसर में राधिका आजीविका स्वयं सहायता समूह द्वारा कैंटीन खोले जाने पर जहां स्वयं सहायता समूह की दीदिया आत्मनिर्भर बनेगी वही इनको शासन स्तर से मिलने वाली सारी सुविधाएं अनवरत मिलती रहेगी उक्त अवसर पर सहायक विकास अधिकारी आईएसबी गोरखनाथ मिश्र, सहायक विकास अधिकारी पपंचायत ब्रजेश तिवारी, अकाउंटेंट पवन पांडेय, ब्लाक मिशन प्रबन्धक विकास, ग्राम सचिव सूरज सिंह, सुशीला देवी, प्रतिमा देवी व ब्लाक कर्मियो समेत समूह सखिया मौजूद रही।

# गाँव की समस्या गाँव में समाधान के तहत हसुड़ी उर्फ गजेहड़ी में लगा चौपाल

अवधनामा संवाददाता




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसुड़ी उर्फ गजेहड़ी में शुक्रवार को ÷गाँव की समस्या गाँव में समाधान÷ करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव दिलीप कुमार यादव ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

- ग्राम पंचायत गजेहड़ी में पंचायत भवन पर कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

वहीं ग्राम चौपाल में कृषि विभाग बढ़नी ब्लाक के कृषि सहायक विकास अधिकारी मुकेश कुमार गहलोत ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभाग से संबंधित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान पूरन यादव, रोजगार सेवक जयप्रकाश यादव, पंचायत सहायक रीना देवी, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार, बृजमोहन, ब्रह्म, प्रेम सागर, कुशलावती, कल्पा देवी, अनीता आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग के साथ ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यो में करें सहयोग : आलोक

## भनवापुर में ब्लाक टाक्स फोर्स की बैठक में बीडीओ ने दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक सभागार में शुक्रवार को ब्लाक टाक्स फोर्स की बैठक आयोजित किया गया। बीडीओ आलोक दत्त उपाध्याय के अध्यक्षता में आयोजित बैठक में खाद्य एवं रशद विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, पंचायती राज के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने प्रतिभाग किया।बीडीओ ने उपस्थित लोगों को बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों क्षय रोग उन्मूलन अभियान, वीएचएसएनडी टीकाकरण आदि में सहयोग कर शत प्रतिशत लक्ष्य के अनुसार कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया। आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायतों में हो रहे आरआरसी भवन, एमडीएम सेड आदि के निर्माण में तेजी लाएं साथ ही गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य समय से पूरा करें। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सभी जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयोजित होने वाले टीकाकरण शिविर व क्षय रोग उन्मूलन अभियान के स्क्रीनिंग का नोडल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रेषित करें।

खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने जल्द बच्चों का अपार आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि गांवों में लोगों को क्षय रोग के प्रति जागरूक करने के साथ ही संभावित लोगों का बलगम का जांच कराने के लिए सीएचसी पर भेजने की बात कही। बीएमसी सूर्यदेव सिंह व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से अभिभावकों का बैठक कर टीकाकरण से इंकार परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।इस दौरान सीडीपीओ संजय गुप्ता,पूर्ती निरीक्षक दीपचंद्र, जय प्रकाश, प्रतीक रावत, रण विजय यादव, विनय भारती आदि उपस्थित रहे।

# फाइनल कुश्ती जीतकर बाबा लाड़ी बने राम राम केसरी 2025

## धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में आयोजित राम-राम दंगल में पहलवानों ने दिखाई अपनी ताकत

अवधनामा संवाददाता



- मौनी अमावस्या पर राप्ती नदी तट पर लगने वाले मेले में कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- नेपाल सहित कई राज्यों के पहलवानों ने कुश्ती में दिखाया दांव का जादू

**सिद्धार्थनगर।** राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में मौनी अमावस्या पर लगने वाले मेले में धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में दो दिवसीय राम राम कुश्ती दंगल के दूसरे दिन पहलवानों ने अपनी ताकत की आजमाइश की। बुधवार को आयोजित दंगल के दूसरे दिन नेपाल राष्ट्र सहित कई प्रदेशों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच दिखाए। दंगल में पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी दी। दंगल देखने के लिया हजारों हजार की संख्या में भीड़ जुटी रही। इस वर्ष दंगल में विभिन्न जगहों के 52 से अधिक पहलवानों ने ताल ठोक कर अपना दमखम दिखाया।

पहले व दूसरे दिन के दंगल में 1100 रुपये से लेकर 21000 रुपए तक की 52 से अधिक कुश्तियां करवाई गई। जहां विजेता पहलवानों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वही आए हुए अतिथियों को पूर्व विधायक द्वारा मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दूसरे दिन महामुकाबले का आयोजन हुआ, जिसमें मंगलवार को विजयी हुए पहलवानों के बीच क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और फाइनल कुश्ती मुकाबला हुआ, जिसमें फाइनल विजेता बाबा लाड़ी पहलवान को राम राम केसरी 2025 की उपाधि, 21 हजार रुपए का नगद राशि, गदा व मोमेंटो तथा उपविजेता जग्गा पहलवान को 51 सौ रुपए देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल में अयोध्या के बाबा लाड़ी और राजस्थान के जग्गा पहलवान के बीच काफी रोमांचक कुश्ती हुए जिसमें अयोध्या के बाबा लाड़ी पहलवान विजई हुए और उन्हें राम राम केसरी 2025 की उपाधि दी गई। सेमी फाइनल में नेपाल के लक्की थापा व राजस्थान के जग्गा के बीच जग्गा पहलवान विजई हुए, बाबा लाड़ी व सागर यादव के बीच में में बाबा लाड़ी पहलवान विजई हुए।

वही क्वाटर फाइनल में राजस्थान के जग्गा सिंह व उत्तराखंड के पप्पू के बीच जग्गा सिंह विजई हुए, मेरठ के बब्लू व संतकबीरनगर के सर्वेश के बीच की कुश्ती बराबर पर समाप्त होने के कारण कमेटी द्वारा घोषित नियमानुसार दोनों सेमी फाइनल से बाहर हो गए, वही मेरठ के सागर यादव व पंजाब के नरेश पहलवान के बीच सागर यादव पहलवान विजई हुए। वही क्वाटर फाइनल में नेपाल के लक्की थापा व राजस्थान के जग्गा पहलवान के बीच जग्गा पहलवान विजई हुए, अयोध्या के बाबा लाड़ी व बनारस के लाला के बीच बाबा लाड़ी पहलवान विजई हुए। पहलवानों ने कुश्ती के नये-नये दांव पेंच दिखाते हुए अखाड़े में खूब जोर आजमाइश की। पहलवानों के दांव, पेच कुश्ती को देखकर दर्शक काफी रोमांचित हुए। दूसरे दिन की पहली कुश्ती मध्य प्रदेश के चकधारी व कानपुर के मुन्ना पहलवान के बीच मुन्ना पहलवान कानपुर ने मछई गुत्ता दाव मारकर चकधारी को चित कर दिया, नेपाल के लक्की थापा व चंडीगढ़ राजस्थान के सोनू के मध्य लक्की थापा पहलवान विजई हुए, राजस्थान के काला चीता पहलवान व अयोध्या के चूड़ादही वाले बाबा के बीच में चूड़ादही वाले बाबा ने धोबी पछाड़ दाव मारके काला चीता को चित कर दिया, संतकबीर नगर के विशाल पहलवान व गाजीपुर के पवन के बीच का मुकाबला बराबर पर खत्म हुआ।

महिला पहलवानों में नवाबगंज गोंडा की शिवांगी व कानपुर की मुस्कान के बीच शिवांगी पहलवान विजई हुई, बनारस की निशा व गोरखपुर की शिवानी के बीच निशा पहलवान विजई हुई, नवाबगंज गोंडा की शिवांगी व बनारस की निशा के बीच में शिवांगी पहलवान विजई हुई, बक्सर बिहार के राजेश व राजस्थान के गोलू के मध्य राजेश पहलवान विजई हुए, मेरठ के सोनू व राजस्थान के लाला सिंह के बीच लाला सिंह पहलवान विजई हुए। वही डुमरियागंज में फायर ब्रिगेड सिपाही सुरेंद्र पहलवान व देवरिया के टीमल पहलवान के बीच की कुश्ती में सुरेंद्र पहलवान ने रामबाण दाव मारकर टीमल पहलवान को चित कर दिया, जम्मू कश्मीर के फौजी उर्फ रिजवान अहमद व राजस्थान के विक्की पहलवान की कुश्ती बराबर पर खत्म हुई, सन्तकबीर नगर के उत्तर प्रदेश केसरी सर्वेश तिवारी व दिल्ली के मोनू के बीच सर्वेश तिवारी विजई हुए, पंजाब के नरेश व मेरठ के बब्लू के बीच नरेश पहलवान विजई हुए। इस दौरान कुश्ती दंगल देखने आई भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट से पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय प्राचीन खेलों में से दंगल एक महत्वपूर्ण खेल है। दंगल की परंपरा कई वर्षो से चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने व युवाओं में देश भक्ति की भावना का संचार करने हेतु ऐसे आयोजन होने आवश्यक हैं।

कुश्ती करने से युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है, कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन युवाओं व विद्यार्थियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु आवश्यक हैं।

उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या के पर्व पर लगने वाले मेले में हमेशा दंगल का आयोजन होता हैं, इस परंपरा को जीवित रखने और युवाओं को मंच देने के लिए मैं हर वर्ष यह राम राम दंगल का कार्यक्रम हर वर्ष निरंतर करवाता रहूंगा। मंच का संचालन अभिषेक त्रिपाठी युवराज ने, दंगल में मुख्य रेफरी मंगला पहलवान गाजीपुर ने व सहायक रेफरी व अखाड़ा संचालन की भूमिका का निर्वहन कालू पहलवान सहारनपुर ने किया। कार्यक्रम में शिवनाथ चौधरी, डा दशरथ चौधरी, ईओ बाढ़नीचाफा आशुतोष सिंह, थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर विजय शंकर सिंह, थानाध्यक्ष भवानीगंज रामदेव, चेयरमैन इटवा विकास जायसवाल, चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि, चेयरमैन बिस्कोहर अजय गुप्ता, कारिया अवस्थी, अशोक चौधरी, सुगंध अग्रहरि, मक्कू शाही, वीरेंद्र राव, रमेशधर द्विवेदी आदि ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती आरंभ करवाया और विजई पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक तिलक साहू, लवकुश ओझा, चन्द्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, शैलेश सिंह, शत्रुहन सोनी, हरीश पाण्डेय, मधुसूदन अग्रहरि, प्रेम नारायण दुबे, अजय अग्रहरि, नबाब राईनी, मंटू पाण्डेय, महंत मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहें।

# जिला स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की हुई समीक्षा बैठक

## डीएम ने ई-संजीवनी के माध्यम से मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछ्ली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि टी.बी. रोगी खोज कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 100 दिन तक टी.बी. रोगी खोज कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी एमओआईसी बर्ल्नेबल पापुलेशन का शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग, मैपिंग व रजिस्ट्रेशन पूर्ण करायें। सीएचओ के माध्यम से आशा द्वारा कम से कम 02-03 मरीजों का सैम्पल एकत्रित किया जाये। जिलाधिकारी ने टी0बी0 के मरीजों को उपचार के दौरान 1000 रूपये मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से शतप्रतिशत भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर टी0बी रोगी को पोषण पोटली का वितरण कराने तथा इस अभियान का बैनर लगाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। नैट जांच व एक्स-रे में प्रगति लाने व टी0बी के मरीजों को समय से दवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को वार रूम का नम्बर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा वार रूम व एनबीएसयू को 24 घंटे सक्रिय करें जिससे कोई भी गर्भवती महिला व उसके परिजन सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकें। वार रूम व एनबीएसयू में सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया जिसको निरीक्षण के दौरान देखा जायेगा। जिलाधिकारी ने प्राचार्य मेडिकल कालेज/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ड्रग असिस्टेंट टीबी सेन्टर को सक्रिय कराने तथा सक्षम ट्रेनिंग कराने का निर्देश दिया। मेडिकल कालेज में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेडिकल कालेज/सीएचसी/पीएचसी पर प्रतिदिन अलग-अलग कलर के बेड सीट बदलने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए। बुधवार, शनिवार को वीएचएनडी दिवस पर आशा, एएनएम सीएचओ विशेष रूचि लेकर कार्य करे। सीएचओ, एएनएम व आशा दीदी को नियमित रूप से प्रोत्साहन राशि/मानदेय का भुगतान कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पीसीपीएनडीटी, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति व अन्टाइड फन्ड से नियमानुसार उपकरण, मरीजो के बैठने हेतु फर्नीचर की नियमानुसार क्रय करने का निर्देश दिया। ई-संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाये तथा बाहर की दवा न लिखे।

बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ0 राजेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए के झा, जिला पंचायज राज अधिकारी पवन कुमार, डॉ0 डीके चौधरी, डॉ0 संजय गुप्ता, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डैम, डीपीएम, डीसीपीएम, समस्त सीएचसी/ पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे।

## शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी में नवाचार पर हुई चर्चा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी आयोजित क़ी गई। जिसमें चयनित शिक्षकों द्वारा जनपद में बेसिक शिक्षा क़ी प्रगति व नवाचार पर चर्चा क़ी गई। बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर ने कहा क़ि जनपद को निपुण बनाने के लिए शिक्षकों का साथ चाहिए। उनका उद्देश्य शिक्षकों को दंडित करना नहीं बल्कि विद्यालयों में शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाना है। कहा क़ि शिक्षक बच्चों को चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी, वैज्ञानिक आदि बनने के लिए प्रेरित करें। विद्यालयों का भौतिक वातावरण बेहतर हुआ है। जहां कमी है वहां ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। सभी के सहयोग से शीघ्र ही जनपद आकांक्षी की श्रेणी से बाहर निकल जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा क़ि शिक्षक बच्चों को जिज्ञासु बनाइये, उनकी प्रतिभा स्वतः निखर जाएगी। सीडीओ ने सभी शिक्षकों से नवाचारी शिक्षकों से प्रेरणा लेने की अपील किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की मंशानुरुप विभाग की योजनाओं को जनपद में लागू कराने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में वे सदैव प्रयासरत रहेंगे। एसआरजी अंशुमान सिंह द्वारा निपुण विद्यालयों के संदर्भ में प्रस्तुतिकरण किया गया। इसके पूर्व कंपोजिट विद्यालय पचपेडवा के बच्चों व एआरपी विनयकांत मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नितेश पांडेय के संचालन में जिला समन्वयक सुरेन्द्र श्रीवास्तव, करुनपति, आशीष, डीपी, अमित शुक्ला व रितेश श्रीवास्तव, एमआईएस प्रभारी अमित पाण्डेय सहित शिक्षक संगठनों के राधेरमण त्रिपाठी, योगेंद्र पांडेय, आदित्य शुक्ला, रमेश मिश्रा,कलिमुल्लह आदि मौजूद रहे। **इन शिक्षकों ने किया नवाचार का प्रस्तुतिकरण** - कार्यक्रम में विभिन्न विकास खंडों के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक जावेद आलम, वंदना त्रिपाठी, अमित यादव, अभिषेक कुमार, विष्णु त्रिपाठी, महेश कुमार, सुरेंद्र कुमार यादव, राशिदा खातून, सुधाकर वर्मा, संजय कुमार गुप्ता, बसंतु, रिजवान अहमद, दीपशिखा व मधुरानी द्वारा अपने विद्यालय में किए गए नवाचारों की प्रस्तुति की गई।

# गुरु गोरक्षनाथ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 7 फरवरी को : राजीवनयन

## बर्डपुर खण्ड के 6 स्थानों पर आयोजित होगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी आगामी 7 फरवरी को बर्डपुर खण्ड के कई स्थानों पर गुरु गोरक्षनाथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर शुक्रवार को बर्डपुर नगर में एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उक्त स्वास्थ्य शिविर के आयोजन को लेकर रूप रेखा तैयार कर लोगों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गई।

बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीवनयन ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जनपद के नेपाल सीमा से लगे विभिन्न विकास खण्डों में ऐसे परिवार जो गरीब, असहाय एवं आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने बीमारियों का समुचित इलाज नहीं करा पाते हैं, ऐसे परिवारों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक वर्ष निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आगामी फरवरी माह में कई स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 7 फरवरी को बर्डपुर खण्ड के ककरहवा, बभनी, नन्दनगर, धनगढ़वा, रक्सेल(भरवलिया मंदिर परिसर) तथा बजहा में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लग रहा है । जिसमें पीजीआई लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ, मेडिकल कालेज लखनऊ, मेडिकल कॉलेज गोरखपुर तथा मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर के वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा क्षेत्रवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी तथा गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों को उपचार हेतु उचित परामर्श भी दिए जाएँगे। बैठक में विभाग सह कार्यवाह हरिश्चंद्र अग्रहरि ने आह्वाहन करते हुए कहा कि उक्त स्वास्थ्य शिविर हम सभी क्षेत्रवासियों के लिए एक बेहतर अवसर है जहाँ पीजीआई लखनऊ जैसे बड़े अस्पतालों के डाक्टर हमारे गाँवों में आकर स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इस दौरान जिला प्रचारक विशाल कुमार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियाँ बताते हुए सफल आयोजन की अपील की ताकि इसका लाभ ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को मिल सके। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, जिला संयोजक सीमा जागरण मंच अर्जुन चौधरी, प्रहलाद गुप्ता, विवेक गोस्वामी, बीपी गुप्ता, पवन पाठक आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की सक्रियता से कुछ ही घंटो मे मिला ग़ायब युवक

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के मड़हरा निवासी नवनीत दुबे पुत्र महेंद्र दुबे उम्र 21 साल जो कि मानसिक रूप से विक्षिप्त है। शुक्रवार की रात करीब 11:00 बजे टहलते टहलते किछौछा के पास पहुंचा। स्थानीय लोगों ने उसे चोर समझकर लात घूसो से जमकर पिटाई की और बसखारी पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस को जब एहसास हुआ कि उक्त लड़का मानसिक रूप से विक्षिप्त है तो कुछ ही देर बाद उसे छोड़ दिया। इधर परिजनों ने लड़के को हर उस स्थान पर, रिश्तेदारी में व अन्य जगहों पर तलाश किया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच किसी की सूचना पर वहीं के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने लड़के के गायब होने की पोस्ट सोशल मीडिया पर फोटो सहित वायरल कर दी। हालांकि बसखारी पुलिस को भैंस चोरों की तलाश थी इसी शक में पुलिस ने थोड़ी सख्ती दिखाई। लेकिन मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण उसे छोड़ दिया गया था। जिसे किसी ने शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे अकबरपुर में देखा था। इधर फोटो सहित पोस्ट वायरल होते ही पुलिस सक्रिय हो गई।

## मध्य वर्ग पर चुनावी लड़ाई

दिल्ली में राजनीति और चुनाव 'जातीय' कम होते हैं। इस बार चुनाव 'वर्ग' पर आधारित होता जा रहा है। यह पहली बार हो रहा है कि चुनाव में आर्थिक मुद्दों की गूंज है। पहली बार ही किसी राजनीतिक दल ने 'मध्य-वर्ग' पर विशेष घोषणा-पत्र जारी किया है। यह काम भी केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने किया है। अभी तक चुनाव में आर्थिक मुद्दों के संदर्भ में 'मुफ्त की रेवड़ियों' का शोर था। एक सामाजिक और विशेषज्ञ पक्ष इसे 'रेवड़ी' मानने को तैयार नहीं है। उसका मानना है कि जनता का पैसा जनता के कल्याण पर खर्च किया जा रहा है, वंचित और गरीब तबके की मदद की जा रही है, तो इसमें गलत, अनैतिक और अर्थव्यवस्था-विरोधी क्या है? दूसरा पक्ष इसे सरेआम 'रिश्वतखोरी' करार देता है, क्योंकि मतदाता को कुछ नकदी, मुफ्त का लालच देकर उसका वोट हासिल किया जा रहा है, लेकिन एक वर्ग ऐसा है, जो देश के आर्थिक संसाधनों की 'रीढ़' है, लेकिन चुनावों में अभी तक उपेक्षित रहा है। उस वर्ग में डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, सरकारी पेंशनभोगी, बैंकर, एक खास वर्ग के पत्रकार, अध्यापक, प्रोफेसर आदि ऐसे पेशेवर लोग आते हैं, जो आयकर और अन्य करों के रूप में देश को 'खजाना' मुहैया कराते हैं। औसतन 100 रुपए कमाते हैं, तो 30 फीसदी कर चुकाना पड़ता है। आयकर देने वाला यह वर्ग आबादी का मात्र 4-5 फीसदी ही है। कुछ और लोग भी हैं, जो परोक्ष रूप से करदाता हैं और देश की अर्थव्यवस्था के संचालक हैं। वैसे जीएसटी और कुछ उपकर ऐसे हैं, जो देश की करीब 65 फीसदी आबादी को चुकाने ही पड़ते हैं।

इनमें आम आदमी भी शामिल है, लेकिन मध्य-वर्ग ऐसा है, जिसे निचोड़ा जाता रहा है, लेकिन बदले में वह 'रेवड़ियों' की अपेक्षा भी नहीं करता। वह मुफ्तखोरी का पक्षधर नहीं है। अरबपति उद्योगपतियों का एक खास वर्ग है, जिसे किसी भी पार्टी की सत्ता पाल-पोस कर रखती है। इस वर्ग के 14.56 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज बैंकों को 'बट्टे खाते' (राइट ऑफ) में डालने ही पड़ते हैं। एक अरबपति को 6500 करोड़ रुपए का कर्ज मिला, लेकिन जब यह मामला आपस में सैटल किया गया, तो अरबपति को 1500 करोड़ रुपए का ही भुगतान करना पड़ा। देश में 400-500 'औद्योगिक मित्र' ऐसे हैं, जिनके 10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज सरकार ने माफ करा दिया। बेशक यह वर्ग भी मतदाता है, लेकिन यह वर्ग सरकारें संचालित करता है। सरकार से सिर्फ इतनी अपेक्षा रखता है कि वह उसके मोटे कर्जों को 'बट्टे खाते' में डलवाती रहे अथवा हजारों करोड़ रुपए के कर्ज के बदले उसे कुछ सौ करोड़ रुपए ही चुकता करने पड़ें। मध्य-वर्ग में भी अपर, अर्द्ध अपर, मिडिल और लोअर वर्ग हैं। उनका मूल्यांकन उनके वेतन के आधार पर किया जाता है, क्योंकि आयकर भी उसी के अनुसार तय होता है। मध्य-वर्ग ऐसा है, जो गेहूं के साथ घुन की तरह पिसता रहा है। हालांकि यह वर्ग परिभाषित नहीं है, लेकिन माना जाता है कि दिल्ली में करीब 67 फीसदी आबादी मध्य-वर्ग के दायरे में आती है। देश में औसतन 31 फीसदी मध्य-वर्ग माना जाता है। बहरहाल यह मुद्दा दिल्ली के चुनाव की दिशा और दशा मोड़ भी सकता है।

## भारत तोड़ो की द्रमुकिया शैली!



के. विक्रम राव

द्रमुक का ताजा फितूर है कि संस्कृत से ज्यादा पुरातन तमिल है। सनातन को अद्यतन साबित करने वाले को तमिलनाडु के विघटनकारी युवा द्रविड़ मुख्यमंत्री मुथु करुणानिधि स्टालिन ने बेहिचक ऐलान किया है कि जो भी सिंधु घाटी (अब पाकिस्तान) की प्राचीन लिपि का तमिल भाषा से नाता सिद्ध करेगा उसे दस लाख डॉलर (87 करोड रुपए) के पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस मुख्यमंत्री का दावा है कि तमिल, न कि संस्कृत भारत की प्राचीनतम भाषा और लिपि है। तमिल गौरव और सम्मान हेतु एक और जंग।

क्या गुजरेगी नरेंद्र दामोदरदास मोदी पर जो अपने लोकसभाई चुनाव क्षेत्र काशी से घोषणा करके आए हैं तमिल संगम का मंच से कि तमिल और संस्कृत भारत को जोड़ती है न कि काटती है। स्टालिन का दृढ़ है, आग्रह है कि द्रविड़ और सिंधु सभ्यताएं बहने हैं। तमिल संस्कृत से पुरानी है। सिंधु घाटी की लिपि जो ईसा के ढाई हजार वर्ष की पूर्व है, संस्कृत से भी प्राचीन है। द्रमुक मुख्यमंत्री का दावा है कि तमिल से द्रमुक का साम्य है। द्रमुक काबीना में पुरातत्व विषय के मंत्री थेंगम ने तो दावा किया है कि तमिल लिपि सिंधु सभ्यता के समकालीन है। सिंधु घाटी सभ्यता से सम्बन्धित छोटे-छोटे संकेतों के समूह को सिन्धु लिपि कहते हैं। इसे सैंधवी लिपि और हड़प्पा लिपि भी कहते हैं। यह लिपि सिन्धु सभ्यता के समय (26वीं शताब्दी ईसापूर्व से 20वीं शताब्दी ईसापूर्व तक) परिपक्व रूप धारण कर चुकी थी। इसको अभी तक समझा नहीं जा पाया है (यद्यपि बहुत से दावे किये जाते रहे हैं।) उससे सम्बन्धित भाषा अज्ञात है इसलिये इस लिपि को समझने में विशेष कठिनाई आ रही है। हड़प्पा लिपि (सिन्धु लिपि) का सर्वाधिक पुराना नमूना 1853ई. में मिला था। भारत में लेखन 3300 ईसा पूर्व का है। सबसे पहले की लिपि सिन्धु (इंडस स्क्रिप्ट) थी। उसके पश्चात ब्राह्मी लिपि आई।

सिंधु घाटी के इतिहास तथा लिपि पर निश्चय शोध कन्नड़भाषी, पुरातत्व वेत्ता डॉ. शिकारीपुरा रंगनाथ राव कर चुके हैं। शिमोगा जिले के सागर तालुक के आनंदपुरम ग्राम के वासी डॉ. राव आस्थावान विप्र परिवार में जन्मे मैसूर विश्वविद्यालय में प्राचार्य थे। हरप्पन सभ्यता के वे निष्णात थे। उन्होंने गुजरात के ऐतिहासिक क्षेत्र लोथल और द्वारका के हरप्पन इलाकों की खोज की थी। उनसे मेरी भेंट 1976 के जून माह में एलोरा पर्वत गुफाओं के मंदिरों में हुई थी। उनका दावा बड़ा विश्वसनीय था कि हड़प्पा सभ्यता का एक बड़ा अनूठापन रहा। आज भी बिना डॉ. रंगनाथ राव का नाम लिए बिना सिंधु घाटी का उल्लेख नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा था कई लोग तर्क देते थे कि यह कल्पना की उपज है कि आर्यन और संस्कृत भारत की उत्पत्ति हैं। जॉन मार्शल की खोज ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया। उनका तर्क कि सिंधु घाटी सभ्यता आर्यन सभ्यता से पहले की है और सिंधु घाटी में बोली जाने वाली भाषा द्रविड़ हो सकती है। उससे और बल मिला है।

स्तालिन ने कहा कि सिंधु घाटी में बैल थे जो द्रविड़ प्रतीक थे। बैल सिंधु घाटी से तमिलनाडु के अलंगनल्लूर (जहाँ जल्लीकट्टू खेल आयोजित होता है) तक फैल गए हैं। प्राचीन तमिल साहित्य में बैलों को वश में करने की बात कही गई है और इसे कोलेरु तझुवुथल कहा जाता है। सिंधु घाटी के प्रतीकों में भी बैलों की छवियाँ हैं जो उन्हें वश में करने की कोशिश करने वाले युवाओं को उठा ले जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु भाग्यशाली है कि उसके पास वित्त एवं पुरातत्व मंत्री थंगम थेन्नारसु और वित्त सचिव टी. उदयचंद्रन हैं, जिन्हें इस विषय की गहन जानकारी है।

सिंधु सभ्यता की खोज के शताब्दी अवसर पर तमिलनाडु में तीन दिवसीय अंततराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस मौके पर स्टालिन ने कहा, सिंधु घाटी सभ्यता काफी समृद्ध थी। हालांकि, इसकी लिपि को सुलझाने का प्रयास कर रहे विद्वानों को आज तक सफलता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि लिपी को डिकोड करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए, पहेली को सुलझाने वाले व्यक्तियों या संगठनों को दस लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा।

सिंधु सभ्यता सबसे पुरानी सभ्यताओं में एक है। यह अपनी शहरी संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि, इस लिपी को समझने में अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। इस पुरातत्व ज्ञान का राजनीतिकरण स्टालिन के पिता करुणानिधि ने किया था। अन्ना द्रमुक पार्टी के संस्थापक सीएन अन्नादुरई ने ही प्रारंभ की थी। उन्होंने काबीना के वरिष्ठ मंत्रियों के संस्कृत निष्ठ नाम तक बदल डाले थे। एक मंत्री थे सोमसुंदरम।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है।**

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा?



ललित गर्ग




केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है।

यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। ÷मेक इन इंडिया÷ पहल के तहत स्वदेशी हथियार निर्माण को प्रोत्साहित किया जाएगा। साइबर खतरों से निपटने के लिए रक्षा बजट का एक हिस्सा डिजिटल सुरक्षा पर केंद्रित हो सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजनाओं और रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण को गति दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए सब्सिडी और बैटरी निर्माण में निवेश बढ़ाने की योजनाएं पेश की जा सकती हैं। ÷गरीब कल्याण अन्न योजना÷ का विस्तार कर मुफ्त राशन वितरण को जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घर उपलब्ध कराने के लिए बजट बढ़ाया जाएगा।

यह बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी के विजन में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के बजट से क्या-क्या निकलता है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 12 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है।

# भारत की कूटनीति से पस्त हुआ कनाडा

प्रताप सिंह पटियाल

**मुइज्जु के भारत विरोधी बयानों के रद्देअमल में जब भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बायकॉट किया तो वहां के अर्थतंत्र का तवाजुन बिगड़ने लगा। नतीजतन मालदीव की सत्ता हासिल करने के बाद मुइज्जु के सुर व लहजा दोनों बदल गए। मालदीव का सदर बनने के बाद भारत विरोधी बयानों से यूटर्न लेकर मोहम्मद मुइज्जु हिंदोस्तान की शरण में आ गए ताकि भारत व मालदीव के रिश्ते बेहतर रहें तथा कर्ज के बोझ में डूब चुके मालदीव की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके।**



'बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान मगर फिर भी कम निकले'। मिर्जा गालिब की यह पंक्ति कनाडा के वजीरे आजम 'जस्टिन ट्रूडो' पर सटीक बैठ रही है। वोट बैंक की सियासत में नाबिना होकर कनाडा की सत्ता पर काबिज रहने की हसरत में ट्रूडो अपनी गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से भारत की सरेआम मुखालफत कर बैठे। अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए ट्रूडो ने कनाडा को भारत विरोधी चरमपंथ की दारुल हुकूमत बना डाला। कनाडा की खूफिया एजेंसियों तथा विदेशी ताकतों के इशारे पर बिना किसी पुख्ता सबूत के भारत पर कई बेतुके इल्जाम लगा दिए थे। कनाडा में शरण ले चुके आतंकियों की हलाकत के लिए भी भारत को ही जिम्मेदार ठहरा दिया। कनाडा की खूफिया एजेंसी 'कम्युनिकेशन सिक्योरिटी एस्टैब्लिशमेंट' ने अपने मुल्क को खतरा पैदा करने वाले ईरान, चीन, रूस व उत्तर कोरिया जैसे देशों की फेहरिस्त में भारत को भी शामिल कर लिया। लेकिन ट्रूडो को जब भारत की कूटनीतिक हैसियत का एहसास हुआ, तब तक देर हो चुकी थी। वैश्विक मंचों पर भारत की मुखालफत का नतीजा यह हुआ कि ट्रूडो को कनाडा के वजीरे आजम पद से इस्तीफा देना पड़ा। दरअसल जस्टिन ट्रूडो को भारत विरोधी हिकारत भरा नजरिया अपने वालिद व कनाडा के साबिक वजीरे आजम 'पियरे ट्रूडो' से विरासत में मिला है।

स्मरण रहे कि अपनी सियासी पकड़ मजबूत करके सत्ता हासिल करने के लिए मालदीव के सदर मोहम्मद मुइज्जु ने भी 'इंडिया आउट' का नारा देकर भारत विरोधी राग अलापा था, मगर मुइज्जु भली भांति जानते थे कि मालदीव के लोकतंत्र को महफूज रखने के लिए तथा वहां की अर्थव्यवस्था को गुलजार करने में हिंदोस्तान का खुसूसी किरदार है। हिंदोस्तान की सैन्य सलाहियत व आर्थिकी से भी मुइज्जु मुखातिब थे। मुइज्जु के भारत विरोधी बयानों के रद्देअमल में जब भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बायकॉट किया तो वहां के अर्थतंत्र का तवाजुन बिगड़ने लगा। नतीजतन मालदीव की सत्ता हासिल करने के बाद मुइज्जु के सुर व लहजा दोनों बदल गए। मालदीव का सदर बनने के बाद भारत विरोधी बयानों से यूटर्न लेकर मोहम्मद मुइज्जु हिंदोस्तान की शरण में आ गए ताकि भारत व मालदीव के रिश्ते बेहतर रहें तथा कर्ज के बोझ में डूब चुके मालदीव की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सके। सन् 2022 में श्रीलंका को आर्थिक संकट से निकालने में भारत ने अहम योगदान दिया था। सितंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति बनते ही वामपंथी 'अनुरा कुमारा दिसानायके' भी भारत की शरण में पहुंचे। श्रीलंका की मौजूदा प्रधानमंत्री 'हरिनी अमरसूर्या' ने दिल्ली विश्वविद्यालय से ही शिक्षा प्राप्त की है। अतः श्रीलंका के हुक्मरान भी भारत की अहमियत से मुखातिब हैं। अपने बारूद की ताकत से कायनात का तवाजुन बिगाड़ने की सलाहियत रखने वाले अमेरिका, फ्रांस, इजरायल व रूस जैसे ताकतवर मुल्क भी भारत की कूटनीति व सैन्य ताकत का लोहा मानते हैं। मगर पिछले नौ वर्षों से कनाडा की सत्ता पर काबिज रहने के बावजूद जस्टिन ट्रूडो भारत की विदेश नीति व कूटनीतिक ताकत को भांपने में नाकाम रहे। चार लाख से अधिक भारतीय छात्र कनाडा के शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। दीगर मुल्कों की निस्बत भारतीय छात्रों का ये आंकड़ा बहुत अधिक है। कनाडा के शिक्षण संस्थानों की अर्थव्यवस्था को गुलजार करने में भारतीय छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कनाडा के शिक्षक वर्ग का रोजगार भी भारतीय छात्रों की महंगी फीस पर ही निर्भर करता है। कनाडा की मइशत को वहां के लाखों भारतीय प्रवासी लोग अपनी मेहनत से मजबूत कर रहे हैं। मगर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार भारत कनाडा की किसी भी चीज पर निर्भर नहीं है। हालात ये हैं कि कनाडा के तालीमी इरादों की तरफ भारतीय छात्रों का बढ़ता रुझान काफी हद तक कम हो रहा है। ट्रूडो की हुकूमत में कनाडा के हिंदू धर्मस्थलों पर भारत विरोधी स्लोगन लिखे गए। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' का अपमान किया गया। भारत की दिग्गज सियासी लीडर व साबिक वजीरे आजम इंदिरा गांधी के कत्ल का सरेआम जश्न मनाया गया। सनातन धर्म के जज्बातों को भड़काने तथा लोगों की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की कारकर्दगी पर भी ट्रूडो के लब-ए-इजहार पर खामोशी थी। कनाडा की सरजमीं पर भारत विरोधी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी करार दिया गया। हालांकि ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों से कनाडा की आवाम भी खफा थी। अपने ही सियासी दल में विरोधी सुर उठने लगे थे। चरमपंथ व कट्टरवाद की हिमायत जस्टिन ट्रूडो के सियासी करियर पर कुठारघात साबित हुई। भारत विरोधी अलगाववादी ताकतों से ट्रूडो की रफाकत ने कनाडा की सियासी हरारत को इस हद तक बढ़ा दिया जिसका विकल्प ट्रूडो का इस्तीफा ही था। खुद को कनाडा की सियासत का चतुर खिलाड़ी समझने वाले जस्टिन ट्रूडो भारत की डिप्लोमेटिक स्ट्राइक के आगे अनाड़ी साबित हुए। लिहाजा विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत को अस्थिर करने का ख्वाब देखने वाली देशी व विदेशी ताकतों को भारत की कूटनीति से पस्त हुए कनाडा व मालदीव जैसे मुल्कों से सबक लेना होगा।

विश्व को अमन का पैगाम देने वाले बुद्ध, महावीर, नानक व महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों की कर्मभूमि रहा भारत एटमी कूवत से लैस मुल्क व विश्व की चौथी सैन्य ताकत तथा पांचवीं अर्थव्यवस्था की हैसियस रखता है। अलबत्ता भारत अपने राष्ट्रीय हितों व स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं करेगा। बहरहाल जस्टिन ट्रूडो के दौरे हुकूमत में कनाडा के गुलिस्तां में चरमपंथ के जो जहरीले शजर उगे हैं, उनमें अमन के गुल नहीं खिलेंगे। अतः भारत को 'शठे शाठ्यम समाचरेत' नीति से ही जवाब देना होगा, ताकि हिंदोस्तान का राष्ट्रवादी संकल्प व इकबाल हमेशा बुलंद रहे। भारत विरोधी विचारधारा कनाडा की सियासत में गहरी पैठ बना चुकी है। दोनों मुल्कों के बिगड़े ताल्लुकात एक मुद्दत तक खुशहाल नहीं हो सकते।

# सदनों की कार्रवाही का सीधा प्रसारण का संज्ञान लिया जाए

**संसद के बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं, क्योंकि महाकुंभ भगदड़, वीआईपी संस्कृति संसदीय समितियों का राजनीतिकरण,और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के तेवर गरम हैं। वहीं सरकार ने भी अपनी रणनीति बनाई है और कई विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है।बजट सत्र के साथ ही सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी गठबंधन दोनों ही एक दूसरे पर और भी अधिक जोश और उग्रता से हमला करने के लिए कमर कस रहे हैं।**



किशन भावनानी



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में बजट सत्र दो भागों में 31 जनवरी 2025 से शुरू हो गया है जो 13 फरवरी तक व दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। पिछले अनेक सत्र जैसे बजट सत्र शीतकालीन सत्र मानसून सत्र सहित सभी सत्रों में देख रहे हैं कि सभी हंगामेंदार रहे हैं। हर सत्र में कोई मुद्दा इशू बना जाता है और फिर सत्र के पूरे दिन हंगामा की भेंट चढ़ जाते हैं।वैसे तो हम अनेक सत्रों मैं लाइव टेलीकास्ट देखते आ रहे हैं कि हमेशा विपक्ष ही हंगामा करता है, परंतु पिछले एक सत्र में जनता यह देखकर हैरान रह गई कि सत्ता पक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, जो मुद्दा अमेरिकी सांसद व विपक्ष के नेता के परिवार के हितों से जुड़ा था। हालांकि सदन के सभी सदस्य जानते हैं की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा है। संसद हुल्लड़ की जगह नहीं लोकतंत्र का मंदिर है, फिर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सदनों में अवस्था का लगातार बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है। हालांकि 31 जनवरी 2025 से शुरू हुए संसद सत्र में भी हंगामे के आसार दिख रहे हैं, क्योंकि 30 जनवरी 2025 को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने वक़्फ़ बिल, एक राष्ट्र एक चुनाव, महाकुंभ भगदड़ त्रासदी पर शाब्दिक तलवार खींचने का संकेत दे दिया है। मेरा मानना है कि हंगामा 31 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भाषण से ही शुरू होगा व 1 फरवरी 2025 को बजट पेश होने पर बजट को सरकार की नाकामी का प्रतीक, बताया जा सकता है कि इस बजट रोजगार स्वास्थ्य व युवाओं को निगलेट किया गया है,क्योंकि बजट के दोनों भागों में हंगामा होने के आसार लग रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लगातार कई संसद सत्रों के हंगामा की भेंट चढ़ने के से जनता का विश्वास घटा है। सत्तापक्ष विपक्ष दोनों पक्षो कार्रवाई की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम बजट सत्र हंगामेदार होने का इशारा 30 जनवरी 2025 को सर्वदलिय बैठक से मिलने की करें तो, संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो चुका है, जो हंगामेदार हो सकता है। विपक्षी दल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, को लेकर सरकार पर निशाना साधने की तैयारी में हैं। वहीं संसद सत्र से पहले रक्षामंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने सरकार पर संसदीय समितियों का राजनीतिकरण करने और अपने बहुमत का इस्तेमाल कर जबरन अपना एजेंडा लागू करने का आरोप लगाया। संसद के बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं, क्योंकि महाकुंभ भगदड़, वीआईपी संस्कृति संसदीय समितियों का राजनीतिकरण,और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के तेवर गरम हैं। वहीं सरकार ने भी अपनी रणनीति बनाई है और कई विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है।बजट सत्र के साथ ही सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी गठबंधन दोनों ही एक दूसरे पर और भी अधिक जोश और उग्रता से हमला करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह न केवल केंद्रीय बजट 2025 बल्कि विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर भी फैसला करेगा क्योंकि दोनों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में विपक्षी सदस्यों द्वारा सरकार पर हमला किये जाने की सबसे अधिक संभावना है। केंद्रीय बजट 2025 पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी और विपक्ष तथा सत्ता पक्ष के बीच विस्तृत बहस होने की उम्मीद है।

साथियों बात अगर हम विपक्ष की नाराजी की बात करें तो, नाराजगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जेपीसी के अध्यक्ष ने विपक्ष द्वारा पेश किए गए सभी 44 संशोधनों को खारिज कर दिया। जेपीसी ने 14 संशोधन स्वीकार किए, जो सभी भाजपा सदस्यों द्वारा पेश किए गए थे। जेपीसी अध्यक्ष को सौंपे गए असहमति नोट में विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप है।बजट सत्र में उठाया जाने वाला एक अन्य विवादास्पद मुद्दा एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक है, जिस पर भी बैठकें होंगी। बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले अन्य विधेयकों में लोकसभा में लंबित कई विधेयक शामिल हैं, जिन पर चर्चा हो सकती है। सरकार सत्र के दौरान नए कानून भी लाएगी। लंबित विधेयकों में अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व गोवा विधेयक, वक्फ (संशोधन) विधेयक, समुद्र द्वारा माल परिवहन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, मर्चेंट नौवहन विधेयक तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विधेयक शामिल थे।कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'(इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए उन्होंने महा कुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महा कुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं।विपक्षी दलों ने कहा कि वे महा कुंभ में कुप्रबंधन का मुद्दा उठाएंगे, जिसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें मृतकों और घायलों की आधिकारिक गणना में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। कुंभ को केवल अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए महाकुंभ कहा जा रहा है। विपक्ष ने कहा कि वो वक्फ समिति के पक्षपातपूर्ण कामकाज का, रुपये में गिरावट और यूजीसी नियमों का मुद्दा उठाएंगे। वहीं, लोजपा ने बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है। आज की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है।

# स्कूलों में 52 फीसदी छात्रों की नहीं बनीं अपार आईडी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** शिक्षा मंत्रालय की पहल पर प्रदेश में निजी व सरकारी विद्यालयों के छात्रों की ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार) आईडी की गति बहुत धीमी है। प्रदेश के निजी ही नहीं सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। सरकारी स्कूलों में भी 52 फीसदी छात्रों की आईडी नहीं बनी है। अब इसके लिए दो दिन कैंप भी लगाया जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा अपार आईडी न बनाए जाने क दशा में वेतन रोकने की बात कही गई है।

प्रदेश में निजी व सरकारी विद्यालयों में छात्रों की अपार आईडी बनाने के लिए यूं तो काफी दिनों से कवायद चल रही है। किंतु जिला स्तरीय अधिकारी इसमें बहुत रुचि नहीं ले रहे हैं। वहीं कई तकनीकी दिक्कत भी इसकी राह में बाधा बन रही है। शिक्षकों के अनुसार अपार आईडी बनाने में विद्यार्थियों के यू डायस, आधार कार्ड व विद्यायल का एसआर रजिस्टर पर उपलब्ध डाटा मैच नहीं कर रहा है।

इसके कारण अपार आईडी जेनरेट नहीं हो पा रही है। जबकि पिछले दिनों विभाग की ओर से की गई समीक्षा में सामने आया है कि सरकारी विद्यालयों में बेसिक स्तर पर कई जिलों में 71 फीसदी तक छात्रों की अपार आईडी नहीं बनी है। वहीं माध्यमिक विद्यालयों की तो और खराब स्थिति है। यहां पर कई जिलों में 93 फीसदी तक छात्रों की आईडी नहीं बनी है।

ओवरआल बेसिक व माध्यमिक सरकारी विद्यालयों में 52 फीसदी छात्रों की ही अपार आईडी बनी है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर हर बृहस्पतिवार व शुक्रवार को अपार मेले का आयोजन कराते हुए इसमें गति लाने को कहा है। इसके साथ ही पांच फरवरी को प्रदेश स्तर पर समीक्षा करने की भी तिथि तय की है। इसके बाद से जिलों में डीआईओएस की ओर से सख्ती भी शुरू कर दी गई है।

■ बोर्ड परीक्षाओं तक अपार बनाने का काम रोकने की मांग

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बोर्ड परीक्षा होने तक अपार आईडी बनाने के काम को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से बोर्ड परीक्षा की तैयारियों, प्रयोगात्मक परीक्षा व पाठ्यक्रम पूरा करने में कठिनाई हो रही है। तकनीकी कठिनाइयों से अपार आईडी का काम पूरा न होने के कारण प्रदेश के कई जिलों में शिक्षकों का वेतन रोक दिया है। इससे शिक्षकों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी से यूपी बोर्ड परीक्षा है। एक फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षा शुरू हो रही है। इस समय अधिकांश विद्यालयों में शिक्षक अधूरा पाठ्यक्रम पूरा करने व परीक्षा की तैयारी में लगे है।

## साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यू.पी. 112 के वाहनों को चेक कर उसमें कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र-अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टता पूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

## प्रदेश के संस्कृति विभाग ने सीएमएस छात्रा को किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-4 की 9 वर्षीय छात्रा आर्यमा शुक्ला को उसकी अद्भुद स्मरणशक्ति, धर्मग्रंथो के गहरे ज्ञान एवं संस्कृत भाषा के प्रति अद्वितीय समर्पण हेतु प्रदेश के संस्कृति विभाग द्वारा सम्मानित किया गया है। गणतन्त्र दिवस के पावन अवसर पर महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में आर्यमा को आशीर्वाद देते हुए उसकी अद्वितीय प्रतिभा की भूरि-भूरि सराहना की। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल ने आर्यमा को मानद उपाधि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ ही रु. 51,000/- का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी ने इस उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. छात्रा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रो. किंगडन ने विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आर्यमा की बहुमुखी प्रतिभा हेतु उसे कम उम्र में ही विभिन्न मंचों पर कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। अभी हाल ही में आर्यमा को 'वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेन्स' से भी नवाजा गया है।

■ महामहिम राज्यपाल ने छात्रा को दिया आशीर्वाद

श्री खन्ना ने बताया कि बहुमुखी प्रतिभा की धनी 9 वर्षीय सी.एम.एस. छात्रा आर्यमा शुक्ला ने संस्कृत भाषा के ज्ञान, अद्भुद स्मरणशक्ति व धर्मग्रंथो के वाचन में प्रवीणता अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे विश्व में बढ़ाया है। महज 9 साल की उम्र में ही आर्यमा को श्रीमद्भागवत गीता के सभी 18 अध्यायों के 700 श्लोक कंठस्थ हैं, जिन्हें वह मात्र दो घंटे में सुना देती है। आर्यमा को गीता के अलावा श्री राम सहस्त्रनाम, महिषासुर मर्दिनी स्त्रोतम, शिव तांडव समेत संस्कृति के बहुतेरे श्लोक कंठस्थ हैं। खास बात यह है कि सी.एम.एस. की यह छात्रा मात्र इन पवित्र श्लोकों के वाचन में ही अद्भुद नहीं है अपितु उनके अर्थ की भी गहरी समझ रखती है।

## फूलों में सज रहे वृंदावन बिहारी...



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बब्बू वाली गली डालीगंज मे मौनी अमावस्या के अवसर पर वृंदावन के कलाकारों ने फूलों की होली का आयोजन किया। भजन गायक राकेश लक्खा के संचालन में कार्यक्रम की शुरुआत श्याम के बिना तुम आधी तुम्हारे बिन श्याम आधे बोलो राधे राधे..., बाद में फूलों की होली की शुरुआत फूलों में सज रहे हैं वृंदावन बिहारी..., राधा संग होली नंदलाल खेलते बोलो सारा रा रा..., गीत पर होली शुरू हुई जिसमें गुलाब, गेंदा, मोगरा, फूलों से होली खेली गई।

इस मौके पर 85 वर्षीय श्रीमती माधुरी तिवारी का जन्मदिन लोगों ने मनाया। बाद में भजन गायक राकेश लक्खा ने मां पर एक सुंदर भजन तू कितनी अच्छी हैं तू कितनी प्यारी है प्यारी प्यारी ओ मां.. सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में भाजपा नगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, डालीगंज पार्षद सुदर्शन कटियार, माधुरी भूषण तिवारी, मधुसूदन तिवारी, रज्जू चौरसिया, डालीगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, ज्योतिषाचार्य एस एस नागपाल, ज्योतिषाचार्य आनंद दुबे, डॉ प्रवीण, राजेश चंद्र अग्रवाल, तेज प्रकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## बकरियों का सौदा कर नहीं दिये रुपये

**ललितपुर।** आरएमवी कॉलोनी के पास रामनगर में रहने वाले खुशीलाल अहिरवार पुत्र हिरऊ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पशुपालन कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित ने बताया कि उसने एक वर्ष पहले अपनी पुत्री के विवाह के लिए कसाई मण्डी से 11 नग बकरियों का सौदा 54 हजार रुपये में तय किया था। बताया कि उक्त लोग उसकी 11 के स्थान पर 13 बकरियां ले गये और रुपये मांगने पर महज 10 हजार रुपये देकर अगले सप्ताह पूरा रुपया देने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों द्वारा अब रुपये मांगने पर गालियां देकर मारपीट कर दी जाती है और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूर्व में वह सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को कई बार शिकायती पत्र दे चुका है, लेकिन कार्यवाही न होने के कारण वह काफी परेशान हैं। अब पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर दो बकरियां और रुपये वापस दिलाये जाने की मांग उठायी है।

## 18 तीर्थंकर की जन्मस्थली पर शीघ्र ही जैन कॉरीडोर बनाये जायेंगे : मंत्री जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उप्र जैन विद्या शोध संस्थान का 34 वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार गोमतीनगर मे धूमधाम से मनाया गया। संस्थान द्वारा जैन विद्वान विभूतियों को सम्मानित किया गया। शुरूआत मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन के बाद कुलगीत और अतिथियों का सम्मान से हुआ।

संस्थान के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री ने वर्षभर की गतिविधियों और आगामी कार्यकमों से अवगत कराया। संस्थान के उपाध्यक्ष ने कहा कि जैन दर्शन का पाठ्यक्रम के अनुमोदन हेतु पाठ्यक्रम समिति की शीघ्र बैठक होगी और आगामी सत्र से विधिवत कक्षायें प्रारम्भ हो जायेंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और मंत्री जयवीर सिंह प्रेरणा से निजी सहभागिता के अन्तर्गत संस्थान को डॉ. संजीव जैन लखनऊ, सेठी ट्रस्ट, नई दिल्ली, स्व इं धर्मवीर ,लखनऊ और सौरभ शास्त्री, फिरोजाबाद का उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग संस्थान को मिला। संस्थान द्वारा पहली बार 06 सम्मान प्रदान करने जा रहा है जो संस्कृति विभाग के किसी संस्थान द्वारा पहली बार किया जा रहा है।



■ उ प्र जैन विद्या शोध संस्थान की स्थापना दिवस और अलंकरण समारोह

प्रायोजकों सौरभ शास्त्री, डॉ. संजीव जैन ने कहा कि हम अपने प्रियजनों की स्मृति में संस्थान की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करनें में गौरव का अनुभव कर रहे हैं। मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने अपने कर कमलों से वर्ष 2024 के सम्मान प्रदान किये।

## मुमताज पीजी कालेज का स्वर्ण जयंती समारोह आठ को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुमताज पीजी कॉलेज की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में आठ फरवरी को होने वाले समारोह में देश के विद्वान सेमिनार में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर एक विशिष्ट स्मारिका भी प्रकाशित होगी।

कालेज के प्रबंधक अतहर नबी ने बताया कि आठ को मोहन मीकिन रोड स्थित कालेज कैम्पस में शिक्षा, सभ्यता और संस्कृति अतीत, वर्तमान और भविष्य के संदर्भ में विषय पर सेमिनार का आयोजन अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के तत्वावधान में किया जाएगा। इस समारोह में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह, नदवा कालेज के प्रबंधक मौलाना बिलाल हसनी नदवी और वरिष्ठ मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना जाफर नदवी खासतौर पर शिरकत करेंगे व कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव करेंगे। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, प्रशासक और समाजसेवी शामिल होंगे, जो शिक्षा और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

■ जुटेंगे देश भर के उलमा और साहित्यकार, होगी गोल्डेन जुबली स्मारिका प्रकाशित

मुमताज पीजी कॉलेज के स्वर्ण जयंती समारोह में आठ फरवरी को सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली के पूर्व राज्यपाल नजीब जंग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जनरल जमीरुद्दीन शाह और पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी शिरकत करेंगे। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद हारिस डीरन, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी, सैयद महमूद अख्तर एईईडीयू के सीईओ, दिल्ली विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के प्रो.इर्तिजा करीम, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो.वसीम अख्तर, एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.अब्बास अली और मौलाना आजाद नेशनल यूनिवर्सिटी जोधपुर के डा.मोहम्मद अतीक सहित देश की कई सम्मानित वक्ता सेमिनार में अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

## धोखाधड़ी कर षडयंत्र पूर्वक उधार लिये साढ़े आठ लाख रुपये

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मित्रता करते हुये षडयंत्र रचकर आठ लाख रुपये से अधिक की उधारी लेकर रुपये वापस न करने का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण में पीड़ित ने थाने में शिकायत की, लेकिन कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने एसपी के समक्ष भी अपनी फरियाद सुनायी। बावजूद इसके कार्यवाही न होने पर अब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना निवासी अर्जुन सिंह पुत्र कैलाश नारायण कुशवाहा ने सीजेएम नयायालय में दावा दायर करते हुये बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले जुलाई 2023 में उसके पड़ौस में रहने वाले अनुराग रैकवार पुत्र राकेश रैकवार उसके पास आया और उससे मित्रता कर ली। बताया कि मित्रता में विश्वास का लाभ उठाते हुये अनुराग ने उससे घरेलू आवश्यकताओं के लिए विभिन्न तिथियों में अपनी बहन रजनी, भाई नीरज रैकवार एवं स्वयं के खाते में 5 लाख 44 हजार 463 रुपये ऑनलाइन लिये और 2 लाख 87 हजार 762 रुपये नकद कुल 8 लाख 32 हजार 225 रुपये ले लिये। बताया कि कुछ समय गुजरने के बाद जब उसने अपने रुपये वापस मांगते हुये कहा कि उसने यह रुपये क्रेडिट कार्ड से निकालकर दिये हैं, जिसकी उसे किश्ते भरनी है, इस पर अनुराग ने उसकी किश्ते जमा करने की बात कही। आरोप है कि अनुराग ने फर्जी तरीके से कई स्क्रीन शॉट भुगतान करने के सम्बन्ध में बनाकर व बैंक कर्मियों को दिये और लगातार उसे कई ई-मेल करके भुगतान के सम्बन्ध में उसे धोखा देता रहा। बताया कि जब उसने अनुराग से कहा कि बैंक में कोई भुगतान नहीं हुआ तो अनुराग ने चैक संख्या 144385 जो कि 9 अगस्त 2024 का 50 हजार रुपये लिखकर दिया, जो कि पीड़ित ने अपने खाते में लगाया तो उसका चैक खाता ब्लाक होने के कारण बाउंस हो गया। अनुराग रैकवार द्वारा मोबाइल एप मोबीक्विक पर फर्जी आईडी बनाकर उसके भाई को कई ईमेल भेजे, जिसमें भुगतान कराने के सम्बन्ध में उसे बताया गया, जबकि वास्तविकता में उसका किसी प्रकार का कोई भुगतान नहीं हुआ। आरोप है कि अनुराग ने अपने सहयोगियों से ईमेल आईडी यूपी पुलिस के नाम से बनाकर 4 लाख 72 हजार 500 रुपये का चैक होना बताया और 30 हजार 500 रुपये चैक होना शेष बताया।

■ वापस करने के नाम पर कर दी धोखाधड़ी, भेजे फर्जी ई-मेल व मैसेज

■ पीड़ित की तहरीर व कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

## ऊर्जा क्षेत्र में सुधार आरडीएसएस में सर्वोत्तम कार्य फिर निजीकरण क्यों?

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एक शर्मा द्वारा कल सार्वजनिक तौर पर यह ऐलान किया गया कि विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने और राज्य बिजली निगमों की स्थिति को सुधारने के लिए केंद्र सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री की अध्यक्षता में एक 7 सदस्यों वाली मंत्री समूह की कमेटी बनाई गई है जिसमें उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा जी सदस्य संयोजक हैं फिर ऐसे में प्रदेश के 42 जनपदों के निजीकरण के लिए रखे जा रहे ट्रांजैक्शन एडवाइजर का क्या मतलब है सबसे पहली कमेटी की मीटिंग में कमेटी के सदस्यों ने प्रदेश के ऊर्जा सेक्टर की प्रशंसा भी की है और कुंभ मेले में बिजली व्यवस्था के सफल संचालन की तारीफ हुई है ऐसे में निजीकरण क्यों? उसे पर आयोग को तत्काल रोक लगाना जरूरी है। ऊर्जा मंत्री ने खुद माना है कि प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में चौतरफा विकास हुआ है और बहुत सुधार हुआ है आरडीएसएस योजना में देश में सर्वोच्च स्तर का कार्य हुआ या खुद ऊर्जा मंत्री श्री एके शर्मा ने ने कमेटी के सामने रखा।

■ उपभोक्ता परिषद पहुंचा नियामक आयोग कहा तत्काल लगे रोक

पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक लोक महत्व प्रस्ताव दाखिल करते हुए मल्टी ईयर डिस्ट्रीब्यूशन टैरिफ रेगुलेशन 2025 के ड्राफ्ट से निजीकरण का मसौदा समाप्त करने शहित दक्षिणांचल व पूर्वांचल के अंतर्गत 42 जनपदों के निजीकरण पर तत्काल विद्युत नियामक आयोग से रोक लगाने की मांग उठाई।

## गुड सेमेरिटन बनकर गोल्डन आवर का उपयोग करने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया गया। सडक सुरक्षा माह का समापन समारोह परिवहन कार्यालय में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति सावधानियों को अपनाये जाने पर जोर देते हुये जागरूकता कार्यकमों में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों को इसी प्रकार आगे भी सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों को आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने की अपील की गयी। उप सीएमओ द्वारा दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को तत्काल उपचार किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया था। गोल्डन आवर में निकटतम चिकित्सालय में पहुंचाने की अपील की गयी तथा गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति को चिकित्सालय में पहुंचाये जाने पर शासन द्वारा गुड सेमेरिटन के अन्तर्गत पुरुष्कृत किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया। समापन समारोह में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत विद्यालयों में आयोजित की गयी प्रतियोगिताओं में विजयी 81 प्रतिभागियों को पुरुष्कार राशि उनके बैंक खाता में जमा करा दी गयी तथा आज उन सभी प्रतिभागियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एआरटीओ मो.कय्यूम ने नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यों के वारे में अवगत कराया गया। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया गया। मौजूद वाहन चालक- परिचालकों से वाहन का संचालन नियमानुसार किए जाने की अपील की गयी।



■ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ विधिवत समापन

## डॉ अमिता दुबे को अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान लखनऊ के महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार द्वारा आज उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के वर्ष 2023 हेतु बाल साहित्य पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे को पुष्पमाला, अंगवस्त्र व सम्मान पत्र प्रदान कर अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान वर्ष 2025 से सम्मानित किया गया। वहीं हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ अमिता दुबे ने डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार व डॉ प्रेम शंकर शास्त्री बेताब को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाल साहित्य पुरस्कारों की श्रृंखला में वर्ष 2023 के लिए सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान डॉ करुणा पाण्डेय लखनऊ सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान डॉ आर पी सारस्वत सहारनपुर अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान डॉ अरशद खान शाहजहाँ पुर शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान श्री दिलीप शर्मा अलीगढ़ लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान नरेन्द्र निर्मल गौतमबुद्ध नगर डॉ राज कुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान देवी प्रसाद गौड़ मथुरा जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान डॉ दीपक कोहली लखनऊ उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान अनिल कुमार निलय प्रतापगढ़ को सम्मानित किया गया।




## गरीब नवाज ग्रुप ने 86 अंक पाकर पाया पहला स्थान

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शहर ललितपुर में हर साल की तरह इस साल भी साबका-ए-महफिले मीलाद शरीफ मुकाबला कार्यक्रम एस.के.मंसूरी उर्दू अदब के जानिब से गोविंद नगर में सम्पन्न हुआ। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अनवरत चले इस प्रोग्राम में इसराईल बरकाती और मु.अकरम की अध्यक्षता व सरवर खां मंसूरी और मौलवी आबिद रजा के संचालन में कार्यक्रम का शानदार शुरुआत हुयी। कार्यक्रम का आगाज हम्दे पाक और नाते पाक से हुआ। इसके बाद ललितपुर के प्रत्येक मोहल्ले के ग्रुपों ने हम्दे पाक और नाते पाक से महफिल में चार-चाँद लगा दिये और मुकाबले को रोमांचकारी बना दिया। मोहल्ले के ग्रुप में गरीब नवाज नदीपुरा, नूर-ए-मुस्तफा गोविन्द नगर और फैजान-ए-सदन सदन शाह के बीच मुकाबला चलता रहा और मुकाबला बहुत ही रोमांचकारी हो गया। मुकाबले में निर्णायक मण्डल की भूमिका में अजहर झांसी, मु.तालिब चिरगांव, करीम पप्पू राईन, अकरम झांसी कायनात, फरमान, आबिद रजा की निगरानी में मुकाबला हुआ। बच्चों के इस मुकाबले को देखकर लोग आश्चर्य में पड़ गये। इसके बाद साबका-ए-महफिले मीलाद का परिणाम सुरक्षित रखा गया। अब बारी हाईस्कूल और इण्टर के बच्चों की थी जो कि उर्दू विषय में 60 से ऊपर अंक लेकर आये, जिनमें मु.जुनैद डोंगरा कलां ने इलाहाबाद बोर्ड से हाईस्कूल में 67 अंक हासिल किये। मु.दानिश गोविन्द नगर ने 61 अंक हांसिल किए और सबसे अधिक अंक लाने वाली इण्टर में हुमेरा ने 81 अंक हासिल किये, जिन्हें एस.के.मंसूरी उर्दू अदब के सदर करीम पप्पू राईन और नायब सदर पार्षद अब्दुल बारी नदीपुरा ने सनद, शील्ड, मेडल और कई ईनामों से बच्चों को सम्मानित किया।



■ साबका-ए-महफिले मीलाद शरीफ मुकाबला सम्पन्न

इसके बाद एस.के.मंसूरी उर्दू अदब ने कार्यक्रम में शामिल हुये वरिष्ठ पत्रकारों में राहुल जैन नवभारत, अमित लखेरा, विकास सोनी, दिव्यांश शर्मा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी इत्यादि को मेडल तथा शील्ड देकर मंच से सम्मानित किया। इसके बाद मीलाद शरीफ मुकाबले का परिणाम प्रोग्राम के सदर करीम पप्पू राईन, नायब सदर अब्दुल बारी पार्षद तथा जनरल सेकेट्री सरवर खां मंसूरी और संस्था के सरपरस्त मौलवी आबिद रजा, हुसैन कमानी वाले, कायनात, फरहीन, मु.अकरम, मु.अजहर, इस्राईल बरकाती, मु.इदरीश सदन, सरफराज आदि की सर्वसम्मति से परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रथम स्थान गरीब नवाज नदीपुरा ने 86 अंक प्राप्त किये, दूसरे नम्बर पर फैजान-ए-सदन 78 नम्बर प्राप्त किये तो वहीं तीसरे नम्बर पर नूर-ए-मुस्तफा ने 77 अंक प्राप्त किये। सभी को इदरीश सदन, अकरम झां, मौलवी आबिद रजा, करीम पप्पू राईन, अजहर झांसी, एस.के.मंसूरी, इस्राईल बरकाती चिरगांव आदि ने प्रमाण पत्र मेडल, शील्ड तथा अनेकों पुरुस्कार देकर जोरदार इस्तकबाल कर सम्मानित किया। इसके बाद एन.सी.पी.यू.एल. उर्दू डिप्लोमा भी इसी कार्यक्रम में रहनुमा, दीक्षा साहू, नाजिया, फिजा, कामिनी साहू, प्राची सोनी, मुस्कान, नौसीन, फरहीन, साजिया आदि बच्चों को दिया गया।

## एडीएम नमामि गंगे ने गांवों में प्रत्येक गृह संयोजन एवं जलापूर्ति का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** एडीएम नमामि गंगे ने मेसर्स जेएमसी-जेडब्ल्युआईएल (जेवी) से क्रियान्वित सैदपुर-कुम्हेड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना के जोन-6 सैदपुर टंकी के अन्तर्गत करोंदा एवं जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत रखवारा एवं पिपरट ग्राम का निरीक्षण सहायक अभियन्ता एसडब्ल्युएसएम, टीम लीडर पी.एम.सी., डी.पी.एम. टी.पी.आई. एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक के साथ किया गया। सैदपुर कुम्हेड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना में कुल 46 ग्राम सम्मिलित है। इस योजना के अन्तर्गत एक इन्टके वैल, एक पन्द्रह एमएलडी का डब्ल्युटीपी, 5 सीडब्ल्युआर एवं 7 ओएचटी का निर्माण किया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन 335.370 कि.मी. वितरण प्रणाली बिछाये जाने के सापेक्ष 335.370 कि.मी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। योजना के अन्तर्गत 14426 नग एफएचटीसी कनेक्शन किये गये है। जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत पिपरट ग्राम का निरीक्षण किया गया ग्राम के प्रत्येक घर में जल आपूर्ति चेक कि गयी जहां जलापूर्ति हो रही है, गांव वाले जलापूर्ति से संतुष्ट है। एडीएम द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि पानी को बर्बाद न करे एवं पानी का सदुपयोग करें। जोन-2 पिपरट टंकी के अन्तर्गत रखवारा ग्राम का निरीक्षण प्रधान के साथ किया गया जिसमें जलापूर्ति हो रही है।



# वचा रोग और बाल झड़ने से लेकर कई गंभीर बीमारियां का इलाज कर रहे है विशेषज्ञ

**केएम अस्पताल**

■ गुणवत्ता परक शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य देने को कटिवद्ध है केएम: किशन चौधरी



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम अस्पताल में हर बीमारी का इलाज आधुनिक सुविधाओं द्वारा किया जाता रहा है। केएम अस्पताल में त्वचा रोग और बाल झड़ने से लेकर कई गंभीर बीमारियों का इलाज त्वचा विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। क्या आप हाइपरपिग्मेंटेशन या बालों के झड़ने से जूझ रहे हैं? तो के एम अस्पताल पाली डूंगरा सौंख में आयें और हम आपको बेदाग त्वचा और स्वस्थ बाल पाने में मदद करने के लिए उन्नत त्वचा विज्ञान समाधान प्रदान करेंगे। यह बात आज केएम अस्पताल के चर्म रोग एंड त्वचा रोग विभाग के एचओटी डा. राम अवतार बंब, असिस्टेंट प्रोफेसर डा. हैरिस इश्तियाक शाफी, डा. दिलीप ने कही। उन्होंने बताया कि केएम में त्वचा विशेषज्ञ नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके व्यक्तिगत उपचार में माहिर हैं, जिसमें लेजर थेरेपी, केमिकल पील्स, माइक्रोनीडलिंग, पीआरपी थेरेपी और मेडिकल हेयर रिस्टोरेशन समाधान शामिल हैं। हम सुरक्षा और प्रभावकारिता को प्राथमिकता देते हैं, कम से कम समय में ध्यान देने योग्य परिणाम सुनिश्चित करते हैं। चाहे आप अपनी त्वचा की रंगत को एक समान करना चाहते हों, मलिनकिरण को कम करना चाहते हों, या अपने बालों की जीवंतता को बहाल करना चाहते हों, हम हर कदम पर आपका मार्गदर्शन करने के लिए केएम मेडीकल एंड कालेज में है। अपना आत्मविश्वास फिर से पाएँ और हमें आपको सर्वश्रेष्ठ दिखने और महसूस करने में मदद करने दें। आज ही अपना परामर्श बुक करें। हमारी चर्म रोग व त्वचा रोग विभाग की टीम में डा. भव्या गर्ग, डा. सिमरन जैन, डा. निकीता सांग्वाल, डा. अनु गर्ग, डा. गंगा कौशिक, डा. उपासना कुमारी भी शामिल है। केएम विश्वविद्यालय के चांसलर किशन चौधरी ने बताया कि केएम अस्पताल में अनवरत जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे है। कृष्ण मोहन परिवार गुणवत्ता परक शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य ब्रजवासियों को प्रदान करने के लिए कटिवद्ध है। शहरी और गांववासियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से केएम के चिकित्सक गांव गांव जाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे है, छोटी-मोटी बीमारियों के लिए अब मेरे ब्रजवासी कई कई किलोमीटर दूर जाकर परार्मश लेने को मंजूर नहीं होंगे। उन्हें केएम अस्पताल के डाक्टर उन्हीं के गांव, उन्हीं के घर पर निःशुल्क देखेंगे और उचित इलाज बताकर आपको अच्छा स्वास्थ्य मुहैय्या कराने में मदद करेंगे। जिससे मेरे ब्रजवासी सुखी होकर स्वस्थ जीवन जीयेंगे। गरीबों के लिए पढ़ाई बोझ नहीं होगी, केएम विश्वविद्यालय में सभी कोर्सेस उपलब्ध है, जिसका लाभ हर छात्र-छात्राएं ले सकते हैं।

## निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर रविवार को

**मथुरा।** 425वां निःशुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वाधान मे ब्रजवासी हाईटेक उद्योग परिसर, (आगरा -दिल्ली -हाइवे, हाइवे प्लाजा के सामने ) हंसराज कॉलोनी रोड, जसवंत टेलीकॉम के पास, मथुरा पर रामबाबू कपूरचंद बजाज की स्मृति मे दिव्यांग सेवा चेरिटेबिल ट्रस्ट,आगरा के सहयोग से दिनांकः-02 फरवरी 2025रविवार को प्रातः 10:00बजे से दोपहर 2:00बजे तक किया जा रहा है ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निःशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की सफदरजंग हॉस्पीटल शाखा की भौतिक चिकित्सा एवं पुर्नवास विशेषज्ञ डॉ सृष्टि गौतम जी एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा!

शिविर मे ट्राई साईकिल, व्हीलचेयर, कृतिम पैर, केलीपर, वैशाखी के पंजीकरण होंगे,उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लावे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 104वीं बोर्ड बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश ब्रजतीर्थ विकास परिषद के सभागार में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 104वीं बोर्ड बैठक ली। बैठक में फरह स्थित ग्राम रहीमपुर में टाउनशिप विकसित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने मण्डलायुक्त के समक्ष रहीमपुर योजना का ड्राफ्ट प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि विकसित टाउनशिप में रेसीडेंसीयल, कमर्शियल, अस्पताल, वेयर हाउस, थीमपार्क, रिसोर्ट, वेलनेस रिसोर्ट, आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, फूड प्लाजा, फैक्ट्री आउटलेट, शैक्षिणिक क्षेत्र एसटीपी प्लांट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग आदि सुविधायें होंगी। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि टाउनशिप में ब्रज के पौराणिक वृक्षों का थीम आधारित वृहद वृक्षारोपण किया जाये। टाउनशिप को इस आकार से विकसित किया जाये कि आम जनमानस वहां प्रवास करने हेतु आकर्षित हो।जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सुझाव रखा कि रहीमपुर परियोजना में जो दो मुख्य 30 मीटर के मार्ग हैं उनको भी आपस में 30 मीटर मार्ग से कनेक्ट किया जाये। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने सुझाव दिये कि सीवर/नाला हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाये, कूड़ा प्रबंधन हेतु पर्याप्त व्यवस्था की जाये, ड्रैनेज का विशेष ध्यान रखें तथा एसटीपी प्लांट स्थापित कराये जायें। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश चन्द्र रावत ने टाउनशिप अण्डरग्राउण्ड विद्युतीकरण तथा सभी के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पॉवर हाउस के लिए स्थान चिन्हित करने का सुझाव रखा। जिस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि प्राधिकरण विद्युत विभाग से विद्युत लोड का स्टीटमेंट प्राप्त करते हुए उनके अनुसार उन्हें पॉवर स्टेशन बनाने हेतु जगह उपलब्ध करायें।

इन प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी - 300 वर्ग मी से ऊपर स्वीकृत मानचित्र के भूखंडों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु सिक्योरिटी रकम के रूप में ली जाने वाली एफडीआर धनराशि को दोगुनी करने के प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सुनरख बांगर में पर्यटन नीति के तहत भू उपयोग को परिवर्तित करते हुए हॉटल बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक में ग्राम परखम, जमालपुर, मीरपुर, धानाखेमा तथा मुस्तफाबाद को प्राधिकरण में शामिल करने हेतु प्रस्ताव रखा गया। विस्तृत चर्चा के बाद मण्डलायुक्त महोदय ने प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए उपरोक्त पांच गाँव को प्राधिकरण में शामिल करने हेतु शासन में भेजने के निर्देश दिये। छाता तहसील में तीन क्षेत्रों का लैण्ड यूज चेंज करते हुए वहां पर पेट्रोल पम्प की अनुमति के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक में सचिव ने विगत बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि हनुमंत विहार योजना के प्लॉट आवंटन पत्रों का वित्तरण कर दिया गया है। गोविन्द विहार योजना के भूखण्डों की लॉटरी हेतु आवेदन प्राप्त हो गये हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न समस्या को लेकर दिया पत्र



**अवधनामा ब्यूरो**

■ मुख्य विकास अधिकारी को पत्र देकर बुलंद की आवाज

**सोनभद्र।** विभिन्न ग्राम पंचायतो के ग्राम प्रधान द्वारा शुक्रवार को अपनी समस्याओं को लेकर मुख्य विकास अधिकारी जागृति स्वास्थ्य को सोपे ज्ञापन बुलंद की आवाज। प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास का सर्वे में लगे अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा सर्वे न किए जाने व अन्य समस्या को लेकर ज्ञापन देते हुए आवाज उठाया गया वहीं श्री शुक्ल ने बताया कि हम सभी ग्राम प्रधानगण विभिन्न ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधान हैं। हम सभी के ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों /अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किये जाने हेतु नियुक्त किया गया है। परन्तु सर्वे शुरू हुए लगभग 1 माह बीत जाने के उपरान्त भी कोई भी अधिकारी /कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास के सर्वे हेतु ग्राम पंचायतों में सर्वे के लिए नहीं आ रहें। जिससे अभी तक ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिससे ग्राम पंचायतों के लोग काफी परेशान हैं और प्रधानमंत्री आवास के पात्र लाभार्थी सर्वे से वंचित हो गये हैं। वही निवेदन है कि प्रधानमंत्री आवास के सर्वे में लगे कर्मचारी/अधिकारी जिनके द्वारा सर्वे नहीं किया जा रहा है कठोरतम् कार्यवाही करते हुए। सर्वे का कार्य अतिशिघ्र प्रारम्भ करवाने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेश शुक्ला ,राजेंद्र सिंदरी, विमलेश पांडेय ,विजय बहादुर, मानपुर अर्चना त्रिपाठी नीलम त्रिपाठी बेठिगाव, शशि कला वार ,श्यामू प्रसाद पवर अमरजीत दुबे, निपराज, उधम सिंह मारकुंडी, विजय शंकर शुक्ला आदि प्रधान उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में दो गंभीर, एक रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बाहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे में हुए सड़क हादसे में मध्यप्रदेश के भिण्ड निवासी आनंद(50)पुत्र रतिराम और रामराज(62)पुत्र किशन पता अज्ञात गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से आनंद की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल आनंद को गंभीर चोंटे बताईं जा रही हैं।

## कुम्भ में हुई भगदड़ में बिछड़ने वाले अधेड़ की हुई वापसी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** प्रयागराज में हुई भगदड़ के बाद साथियों से बिछड़ा अधेड़ शुक्रवार को वापस गांव लौट आया। इससे परिजनों ने राहत की सांस ली। गत 28 जनवरी की रात प्रयागराज में हुई भगदड़ के बाद बिरखेरा गांव निवासी रमेश प्रजापति (58)अपने साथियों से बिछुड़ गया था। इसकी सूचना साथियों ने परिजनों को दी थी। इससे परिजन परेशान हो उठे थे। शुक्रवार को यह दोपहर बाद सकुशल गांव लौट आया है।गांव के पूर्व प्रधान वेदप्रकाश प्रजापति ने बताया कि रमेश प्रजापति गांव के अन्य लोगों के साथ संगम स्नान के लिए मौनी अमावस्या पर्व पर गया था। 28 जनवरी की रात करीब 2:00 बजे यह नैनी के आगे यमुना पुल के पास से साथियों से बिछुड़ गया था। इसकी सूचना साथियों ने परिजनों को दी थी। इससे वह परेशान हो उठे। शुक्रवार को वह सकुशल गांव आ गया।

# अभिनय कर चुके मथुरा के कलाकार जगदीश भाटिया नहीं रहे

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** विठ्ठल भाई हम सब तो कलाकार हैं, जो ऊपर वाले के निर्देशन में अपना किरदार निभा रहे हैं। जब हमारा काम पूरा हो जायेगा, तो चले जायेंगे वापस, अपने घर ÷ यह संवाद मथुरा के रंगकर्मी टीवी कलाकार जगदीश भाटिया ने एक वीडियो रील में बोला है, जिसे कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने अपने सोशल एकाउंट पर पोस्ट किया था और 12 दिन बाद सचमुच वह अलविदा कह गए। एंकर एवं विचारक किशोर स्वर्ण इसरानी ने जगदीश भाटिया को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि कई फिल्मों और टीवी शो में अभिनय कर चुके मथुरा के कलाकार ने सचमुच अपना किरदार बखूबी निभाया और भूमिका खत्म होते ही दुनिया के रंगमंच से गायब भी हो गए। शांत सरल स्वभाव वाले भाटिया जी मिलनसार व्यक्ति थे, उन्होंने जहां अपने ड्राइक्लीन व्यवसाय को करते हुए पारिवारिक जिम्मेदारियां सम्भाली, वहीं संत निरंकारी मिशन के सत्संग कार्यक्रमों में भी सेवा भाव के साथ जुड़े रहे। टीवी रिपोर्टर हेमंत शर्मा ने बताया कि युवावस्था में ही रंगमंच से शुरू हुआ अभिनय का सफर स्थानीय टीवी चैनल के क्राइम शो गुनाह से परवान चढ़ा और कई फिल्मों और टीवी शो में शानदार अभिनय के अवसर मिलने लगे। संजा, मंडली, जयगुरूदेव के चमत्कार सहित पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया द्वारा रचित व स्व.संदीपन नागर द्वारा निर्देशित फिल्म रंगमहल में निभाई उनकी भूमिका के लिए जगदीश भाटिया जी को सदैव याद किया जायेगा। रामचंद्र खत्री ने कहा कि सिंधी समाज ने मथुरा का एक कलाकार खो दिया। जगदीश भाटिया जी के आकस्मिक निधन से सिंधी समाज शोक ग्रस्त है। जगदीश भाटिया जी का 74 वर्ष की उम्र में 28 जनवरी को निधन हो गया था, शुक्रवार को होली गेट स्थित श्री गुरूतेग बहादुर साहेव गुरूद्वारा में हुई शोक सभा में सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं के साथ संत निरंकारी मिशन और गुरूद्वारा कमेटी द्वारा सरल सहज व्यक्तित्व के धनी कलाकार जगदीश भाटिया जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर झूठी विडियो वायरल वाला गिरफ्तार




**संभल।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पाकिस्तानी मौलवी से की गयी वार्ता की झूठी विडियो वायरल करने वाले युवक गिरफ्तार किया गया है पुलिस ने ग्राम मिर्जापुर नसरूल्लापुर थाना बहजोई निवासी मौ आकिल पुत्र आलम को गिरफ्तार किया है दिनांक 24.11.2024 को मा) न्यायालय के आदेशानुसार गठित टीम द्वारा जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। जिसमें मौ0 आकिल नामक व्यक्ति द्वारा पाकिस्तानी मौलवी इन्जिनीयर मौहम्मद अली मिर्जा से बात करते हुए जामा मस्जिद पर गैर मुस्लिम द्वारा कब्जा करने तथा भीड़ मे इकट्ठा लोगो द्वारा की गयी फायरिंग, आगजनी व उपद्रव में मारे गये लोगो को शहीद कहे जाने जैसी वार्ता की विडियो वायरल की गयी थी। जिससे आमजन मानस में रोष की भावना परिलक्षित हुई थी। जिसके सम्बन्ध में उ0नि0 श्री आशीष कुमार तोमर द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 20/2025 धारा 152/196 भारतीय न्याय संहिता बनाम मौ) आकिल पंजीकृत किया गया था। मौ) आकिल उपरोक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बाँदा।** बबेरू तहसील क्षेत्र के मरका थाना अंतर्गत मऊ गांव में एक युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।गुरुवार को ममता देवी (20),पुत्री विशाल,ने अपने घर में फांसी लगा ली।जब परिजनों ने उसे देखा तो तुरंत फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू ले गए,जहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।वहीं,डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### राष्ट्रीय लोकदल की बैठक संपन्न

**बाँदा।** राष्ट्रीय लोकदल की जिला बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता प्रमुख जिला महासचिव नईम ने की।बैठक में संगठन को जिले में और अधिक मजबूती देने पर चर्चा हुई।सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपनी कमेटी गठित कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर बुंदेलखंड महासचिव संजीव सिंह बबलू,जिला महासचिव (वैश्य) अमित गुप्ता,मनीष (व्यापार सभा जिला अध्यक्ष),पंकज लखपति (अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष),फैसल खान,जिला सचिव अमित गुप्ता,रिंकू,नगर महामंत्री पुनीत गुप्ता,याकूब भाई समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती व आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# डीएम ने स्पष्टीकरण एवं वेतन रोकने के दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडोखर खुर्द एवं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय बडोखरखुर्द का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडोखरखुर्द का निरीक्षण करते हुए केन्द्र में उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाये गये तथा डॉ0 रागिनी यादव सीसीएल पर बतायी गयी। मनीष कुमार व एक एनएनएम तथा राजपूत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित पाये गये कर्मियों का स्पष्टीकरण एवं वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने आरबीएसके टीम में लगे चिकित्सकों को बच्चों की स्वास्थ्य जांच किये जाने सम्बन्धी माइक्रो प्लान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने आज ओपीडी आए मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी लेते हुए मरीजों का कम ओपीडी में आने की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एचआरपी गर्भवती महिलाओं का रजिस्टर व खराब कार्य करने वाले एएनएम की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने तिन्दवारा ग्राम में किसी एएनएम की तैनाती न होने पर तत्काल आज ही तैनात किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ग्रामों की गर्भवती महिलाओं की सभी एएलसी की जांच कराते हुए आशाओं के द्वारा उनका वजन, एचबी व अन्य जांचो कराते हुए उनका रजिस्टर तैयार किया जाए। उन्होंने बुद्धवार व शनिवार को बीएचएनडी दिवस का आयोजन कर बच्चों व गर्भवती महिलाओं की चेकिंग/जांच कराये जाने हेतु ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु केन्द्र पर एक हेल्प डेस्ट बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लैब व ओटी रूम तथा अन्य कक्षों का निरीक्षण करते हुए कितने ब्लड सैम्पल लेकर टेस्ट किये गये हैं की रिपोर्ट चेक की। खण्ड विकास कार्यालय बडोखरखुर्द का निरीक्षण करते हुए उन्होंने एनआरएलएम एवं मनरेगा सेल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कार्यालय रजिस्टर व विभिन्न पटल के अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए एनआरएलएम कछ में गन्दगी पाये जाने पर एडीओ पंचायत को सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शौचायलयों की फीडिंग कराए जाने / पीएम सर्वे के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के लिए एक हेल्प डेस्क बनाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एनआरएलएम की बीएमएम को निर्देशित किया कि कार्यालय में अवश्य उपस्थित रहें, जिससे स्वयं सहायता समूह के लिए आने वाले समूह के लोगों को आवश्यक सहायता एवं क्रेडिट लिंकेज सम्बन्धी समस्यओं का निस्तारण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान एडीओ एसबी सहित खंड प्रेरक व कर्मचारी कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध कडी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लाक परिसर में कृषि विभाग के खराब रखे कृषि यंत्रों को शीघ हटाये जाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिये हैं। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत सहित ब्लाक à¿hc के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने किया परेशान तो उपभोक्ता आयोग ने किया न्याय

**अवधनामा संवाददाता**



**चंदौसी (संभल)** मौलागढ़ निवासी सुखबीर सिंह यादव ने उत्तर प्रदेश वन विभाग निगम से 2019 फरवरी माह में नीलमी में सड़क किनारे लगे पेड़ों की जड़ों को खरीदने का प्रस्ताव किया था जो की नीलामी में उनके नाम 263000 में जड़ों की नीलामी वन विभाग द्वारा की गई वन विभाग में सुखबीर सिंह द्वारा समस्त धनराशि जमा किए जाने के उपरांत जड़ों की निकासी के लिए बार-बार वन विभाग के कार्यालय के चक्कर लगाए गए तो वन विभाग द्वारा बिजनौर बदायूं मार्ग की जड़ों को निकालने के लिए एक कर्मचारी की नियुक्ति की देखरेख में ही जड़ों की निकासी हो सकती थी परंतु वन विभाग ने किसी की नियुक्ति नहीं कि जिस कारण जड़ों को नहीं निकला गया। तो सुखबीर सिंह ने वन विभाग से अपने द्वारा जमा की गई धनराशि 263000 की वापस की मांग की परंतु वन विभाग ने कोई भी सुनवाई नहीं की जिस पर उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से मिले और अपनी सारी परेशानियों को बताया और यह भी बताया कि प्रबंध निदेशक द्वारा पैसे वापस के आदेश मेरठ वन विभाग को दिए जाने के उपरांत भी उनके द्वारा जमा की गई धनराशि बापिस नहीं की जा रही है और ना ही बिजनौर बदायूं मार्ग जो चोडा हो रहा है उसके किनारे काटे गए पेड़ों की जड़ों को निकलवाया जा रहा है अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने उनकी बात को सुना और उनकी ओर से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल में प्रस्तुत किया जहां आयोग ने वन विभाग को तलब किया और वन विभाग की ओर से बताया गया कि इन नीलामी में जड़ों की नीलामी की गई थी परंतु इन्होंने समय अवधि में जड़ों की निकासी नहीं की है जिस कारण इनके लिए ना तो धनराशि वापस की जा सकती है और ना ही जड़ निकालने की परमिशन दी जा सकती है आयोग में परिवादी की ओर से लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने आयोग को अवगत कराया कि उन्होंने जड़ निकासी के लिए कभी भी अपने किसी कर्मचारी अथवा अधिकारी को नियुक्त नहीं किया गया जिनकी देखरेख में जड़ों की निकासी होती और परिवादी द्वारा अनेकों बार विभाग में कार्यवाही की मांग की गई परंतु इन्होंने उन्हें अनसुना कर दिया ऐसी स्थिति में परिवादी द्वारा नीलामी में जड़ों की निकासी के लिए जमा की गई धनराशि को ब्याज सहित वापस दिलायी जाए तो आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने दोनों पक्षों को सुना और सुनकर अपना निर्णय परिवादी के पक्ष में देते हुए कहा कि परिवादी का परिवाद स्वीकार किया जाता है विपक्षीगण उत्तर प्रदेश वन विभाग निगम के प्रबंध निदेशक व उनके क्षेत्रीय प्रबंधक मेरठ को आदेशित किया जाता है कि वह परिवादी सुखवीर सिंह को प्रश्नगत वृक्षों की जड़ों का क्रय मूल्य ?263000 उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी परिवादी को मुबलिग 20000 मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि की मद में तथा ?5000 बाद व्यय के मद में भी अदा करेगी ।नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक की दर से होगा।

## संभल होगा 2026 तक बाल विवाह मुक्त जिला गौरी शंकर चौधरी

**सम्भल।** बाल अपराधों के खिलाफ जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन ऋभू का विश्वव्यापी अभियान सम्भल में लगातार चल रहा है इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान को गति प्रदान करते हुए एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन और जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से सेवा पब्लिक स्कूल पाली में संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं और देश के भविष्य को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है और लोगों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल अपराध की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर देनी है। जिससे की 2026 तक जनपद सम्भल को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है इसको जड़ से खत्म करने के लिए हम सबको मिलकर अबाज उठानी होगी, इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक सत्यपाल सिंह, सेंट मरियम स्कूल के मैनेजर विजय टाइटलर, नारी उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष जसपाल सिंह और टीम के फील्ड कोर्डिनेटर फरज़ंद अली वारसी, सिराज अहमद स्कूली बच्चे एवं बड़ी तादाद ग्रामीण मौजूद रहे।

# सात वर्ष के गुमशुदा लड़के को यू पी 112 पी आर वी ने तलाश कर परिजनों को सुपुर्द किया

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल।** थाना बनियाठेर में संचालित यूपी-112 पुलिस पीआरवी-P32DG 5260 को समय 18:44 बजे इवेंट P30012548812 प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर सतीश पुत्र किशनलाल नि0 बहतरी फाटक थाना बनियाठेर जनपद सम्भल, ने बताया की एक लावारिस बच्चा जिसकी उम्र करीब 07 वर्ष है अपना नाम व पता नही बता पा रहा है, पुलिस सहायता चाहिए। उक्त इवेंट पर पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मात्र 03 मिनट में घटनास्थल बहतरी फाटक मौर्यान गली थाना बनियाठेर में पहुंचकर देखा कि एक बच्चा जिसकी उम्र करीब 07 वर्ष है जो रो रहा है पीआरवी कर्मियो द्वारा बच्चे के घर का पता पूछा लेकिन बच्चा अपना नाम व घर का पता नही बता पा रहा था। पीआरवी कर्मियों ने तत्काल संबंधित थाना बनियाठेर व ऋह्ढक्क कन्ट्रोल रूम को लावारिस बच्चे के बारे में अवगत कराया गया ROIP कन्ट्रोल रूम द्वारा बच्चे की फोटो को जिला स्तरीय ग्रुप में भेज कर तलाश गुमशुदा कराया गया। तथा पीआरवी कर्मियों द्वारा अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्चे को अपने साथ लेकर आस पास के मन्दिर/मस्जिदों में बच्चे की गुमशुदगी के बारे में अनाउंस करवाया गया। तथा। काफी प्रयास के बाद बच्चे के परिजन मिले जिन्होने बताया कि बच्चे का नाम रिहान पुत्र नाजिम उम्र करीब 6 वर्ष निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल, जोकी चन्दौसी से अपनी बुआ के घर गया था, वहीं से लापता हो गया था। पीआरवी कर्मियों द्वारा लावारिस बच्चा रिहान की बुआ रिहाना पत्नी रईस निवासी वारिसनगर थाना चन्दौसी व बच्चे के चाचा सारिक पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल, को सुपुर्द किया गया। यूपी-112 पुलिस के इस सराहनीय कार्य ने उ0प्र0 पुलिस की छवि को गौरवान्वित किया है, जिसकी जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा कॉलर करीना कुमारी व परिवार के अन्य सदस्यो ने कोटि-कोटि धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी / नोडल अधिकारी यूपी-112 जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन बहजोई गणेश कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन और प्रभारी निरीक्षक यूपी-112 रेनू सिंह के नेतृत्व में उक्त सूचना / इवेंट पर यूपी-112 पीआरवी-P32DG 5260 के पुलिस कर्मियों द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए लावारिस बच्चे को उसके परिजनों को सुपुर्द कर मदद की गयी।

## बसंत पंचमी को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बसंत पंचमी पर्व के संबंध में बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने श्री बांके बिहारी जी मंदिर में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं एवं सुदृढ़ सुविधाओं को प्रदान करने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर डॉ0 अरविंद कुमार को रोस्टर बनाकर पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए तथा सभी पुलिस अधिकारियों के साथ डिप्टी कलेक्टर लगाने हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आगामी पर्व के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने आवागमन मार्गो, प्रवेश एवं निकास द्वारों आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भीड़ नियंत्रण हेतु नियमित दूरी में पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए। जिलाधिकारी ने ससमय बैरियर एवं बैरीकेडिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैफिक प्लान के साथ साथ यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने व्यवस्थित जूता घर, ई रिक्शा प्रबंधन तथा पार्किंग आदि के बेहतर इंतेज़ाम करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# टमाटर की भाजी की लवर हैं आलिया भट्ट, क्या आप ने काफी खाई है, नोट करें आसान विधि

बॉलीवुड सेलेब्स क्या खाते हैं और क्या डाइट होती है, इन सबके बारे में सभी जानना चाहते हैं। आपके पसंदीदा स्टार को क्या खाने की चीज सबसे पसंद है, यह सवाल सभी के मन में आता है। क्या स्टार्स भी हमारी तरह ही सादा खाना खाते हैं। चाहे स्टार इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर पिज्जा, पास्ता या बर्गर खाते हुए फोटे लगाते हैं, लेकिन वो भी हमारी तरह अच्छा सादा और घर का खाना खाते हैं। ऐसे ही अदाकारा आलिया भट्ट को भी सादा खाने का पसंद करती हैं।आलिया भट्ट भी अपने व्लॉग्स और यूट्यूब चैनल पर अपनी फेवरेट रेसिपीज के बारे में बता चुकी हैं। उनको टमाटर की भाजी बेहद पसंद है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।



***टमाटर भाजी के लिए सामग्री***

- 4-5 पके हुए टमाटर (बारीक कटे हुए)
- 1 बड़ा चम्मच तेल
- 1/2 चम्मच राई
- 1/2 चम्मच जीरा
- 1 हरी मिर्च
-

1/2 चम्मच हल्दी पाउडर

- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चुटकी हींग
- स्वादानुसार नमक
- 3-4 करी पत्ते
-

1 चम्मच गुड़

- 1 चम्मच हरा धनिया

***टमाटर भाजी बनाने की विधि***

- सबसे पहले आप एक कड़ाही लें और उसे माध्यम आंच पर तेल गर्म करें। तेल हल्का गर्म हो जाए, तो उसमें राई और जीरा डालें। जैसे ही ये चटकने लगे, करी पत्ते और हींग डालें। तड़के में शानदार खुशबू आएगी।

- अब आप बारीक कटी हुई हरी मिर्च डालें और कुछ सेकंड तक भूने। ताकि उसका तीखापन हल्का हो जाए। इसके बाद हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और धनिया पाउडर डालें। इन मसालों को हल्का भूनें ताकि कच्चापन दूर हो जाए और स्वाद अच्छे से निकालकर आए।

- इसके बाद कटे हुए टमाटर डालें और अच्छे से मिलाएं। धीमी आंच पर टमाटर को पकने दें। जिससे वह नर्म हो जाए मसालों के साथ अच्छे से मिल जाएं। इसे बीच-बीच में चलाते रहें ताकि जले नहीं। इसके आप 5-7 मिनट तक पकने दें, ताकि सारे स्वाद अच्छे तरह मिल जाएं।

- टमाटर भाजी पूरी तरह तैयार हो जाए, इसके बाद आप गैस को बंद कर सकते हैं और ताजा कटा हुआ हरा धनिया डाल सकते हैं। इसे आप गर्मागर्म पराठे, रोटी या चावल के साथ परोसें और स्वाद का आनंद लें।

# चेहरे पर ग्लिसरीन लगाना पड़ सकता है भारी, इस्तेमाल करने से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

ग्लिसरीन हमारी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार यह त्वचा के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। अधिकतर लोग खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल करते हैं। ग्लिसरीन एंटी-एजिंग के तौर पर काम करती है। इससे मुंहासे कम होते हैं और ब्लैकहेड्स दूर होते हैं। लेकिन ग्लिसरीन के तमाम सारे फायदों के साथ कई नुकसान भी होते हैं। कई बार इसके इस्तेमाल से जलन, एलर्जी और सूजन आदि की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्लिसरीन लगाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



***त्वचा का लाल होना***

कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है, तो त्वचा लाल होने लगती है। ऐसे में आपको अगर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है या फिर एलर्जी है, तो आपको फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में ग्लिसरीन लगाने से त्वचा लाल हो सकती है। इसलिए जब फेस पर पिंपल्स हों, तो आपको फेस पर ग्लिसरीन नहीं लगाना चाहिए।

***चेहरे पर चकत्ते होना***

त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से कई बार फेस पर चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ग्लिसरीन लगाने से पिंपल्स की समस्या हो जाती है। या फिर दाने का खतरा बढ़ सकता है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले थोड़ा सा हाथ पर पैच टेस्ट करके जरूर देखें।

***सूजन की समस्या***

बता दें कि त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से सूजन की समस्या हो सकती है। कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर सूजन ला सकते हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

# स्किन के लिए गुणकारी है पत्थरचट्टा, जानें कैसे इसका इस्तेमाल कर सकते हैं

खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से है कई सारी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर करने के लिए महिलाएं महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स का प्रयोग कर सकते हैं। आमतौर पर कई महिलाएं पार्लर जाकर मेकअप या स्किन ट्रीटमेंट स्किन को स्वस्थ रखने के लिए किया जा सकता है, इसमें पत्थरचट्टा भी शामिल है। स्किन से जुड़ी समस्याओं से बचाव या राहत का लिए आप अपने स्किन केयर रुटीन में पत्थरचट्टा भी यूज कर सकते हैं। पत्थरचट्टा की पत्तियां एक्ने से राहत दिलाने में मदद करती है। स्किन की एलर्जी कम होती है।



पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं

पत्थरचट्टा की पत्तियां में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स और ग्लाइकोसाइड्स समेत कई बायोएक्टिव कंपाउंड्स पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन पर एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पैदा करते हैं, जिससे खुजली जैसी समस्या से राहत मिल सकती है। आइए आपको बताते हैं कैसे इसका प्रयोग करें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों को कुचलकर थोड़ा सा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपनी स्किन के प्रभावित त्वचा पर 15 मिनट के लिए लगाएं और बाद में गुनगुने पानी से अपना मुंह धो लें।

- पत्थरचट्टा की पत्तियों का इस्तेमाल करके आप फेस मास्क के रुप में भी यूज कर सकते हैं। इन पत्तियों का फेस मास्क बनाने के लिए पहले आप इन्हें अच्छे तरीके से ग्राइंड कर लें या किसी चीज से पीस लें और फिर अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें।

# सर्दियों में पुरुष भी पा सकेंगे ग्लोइंग स्किन, जरूर फॉलो करें ये स्किन केयर रूटीन

दिसंबर और जनवरी के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ने लगती है। वहीं इस समय तो आलम कुछ ऐसा है कि लोग सुबह और शाम को गर्म कपड़ों से पैक होकर घर से निकलते हैं। क्योंकि इस मौसम में चलने वाली सर्द हवाओं की वजह से न सिर्फ सेहत खराब होती है, बल्कि इससे त्वचा की नमी भी खो जाती है। हालांकि महिलाएं तो स्किन का खास ख्याल रख लेती हैं। लेकिन पुरुष अक्सर स्किन केयर में लापरवाही बरतने लगते हैं। इसी वजह से कड़ाके की सर्दी में पुरुषों की स्किन डल हो जाती है। ऐसे में हर पुरुष को सर्दियों में अपनी स्किन का खास ख्याल रखना चाहिए। लेकिन बहुत से पुरुषों को यह आइडिया ही नहीं होता है कि वह अपनी स्किन का कैसे ध्यान रखें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम पुरुषों की स्किन केयर के कुछ खास टिप्स देने जा रहे हैं। जिससे कि वह भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें।



***मॉइस्चराइजर***

बता दें कि महिलाओं के साथ ही पुरुषों की भी स्किन सर्दियों में रूखी हो जाती है। इसलिए दिन में कम से कम दो बार मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं। साथ ही ध्यान रखें कि फेस और हाथ-पैर के लिए अलग-अलग मॉइस्चराइजर आता है। इसलिए फेस पर हल्के और नॉन-ग्रीसी मॉइस्चराइजर लगाना चाहिए।

***गर्म पानी से रहें दूर***

सर्दियों के मौसम में ठंड से दूर रहने के लिए लोग खूब गर्म पानी से नहा लेते हैं। लेकिन ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन की नमी खत्म हो जाती है। इसलिए नहाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। नहाने के फौरन बाद स्किन पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।

***सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें***

महिलाओं की तरह ही पुरुषों को भी नियमित रूप से सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि सर्दियों में यूवी किरणें आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना न भूलें।

***लिप बाम है जरूरी***

अगर आप अपने लुक को खराब नहीं करना चाहते हैं, तो आपको होंठों का खास ख्याल रखना चाहिए। सर्दियों में होंठ फटने लगते हैं, ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। किसी ऐसे लिप बाम का इस्तेमाल करें, जिसमें शिया बटर या नारियल तेल हो।

***शेविंग के बाद करें ये***

सर्दियों में पुरुषों को शेविंग के बाद स्किन का खास ख्याल रखना चाहिए। शेविंग के बाद स्किन को मॉइस्चराइज करना न भूलें। सर्दियों में हमेशा अच्छी क्वालिटी का शेविंग क्रीम और आफ्टरशेव का इस्तेमाल करें।

***स्क्रबिंग करें***

सप्ताह में एक बार फेस को एक्सफोलिएट करना चाहिए। जिससे कि डेड स्किन सेल्स हट सकें। इससे स्किन चमकदार बनी रहे। इसके लिए हमेशा जेंटल स्क्रब का इस्तेमाल करें। इससे स्किन पर अधिक खिंचाव न हो। इस टिप्स की मदद से पुरुष अपनी स्किन को सर्दियों में भी हेल्दी और चमकदार बना सकते हैं। स्किन की नियमित देखभाल करने से नेचुरल नमी बनी रहती है और स्किन संबंधी समस्या भी दूर होगी।

# मीठा खाने का है मन तो फटाफट बनाकर तैयार करें गाजर की खीर, यहां देखिए रेसिपी

सर्दियों के मौसम में हर घर में गाजर खाई जाती हैं। गाजर में पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाई जाती है। बहुत से लोग गाजर की सब्जी, अचार, पराठे तो कभी स्वादिष्ट हलवा बनाकर खाया जाता है। वहीं सर्दियों में गाजर का हलवा हर घर में बड़े चाव से खाया जाता है। हालांकि गाजर का हलवा बनाना टेढ़ी खीर है। क्योंकि इसमें घंटों की मेहनत लगती है, तब जाकर यह हलवा तैयार होता है। लेकिन अगर आपका कुछ झटपट बनाकर खाने का मन है, तो गाजर के हलवे जैसा स्वादिष्ट गाजर की खीर बनाकर खा सकती हैं।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गाजर की खीर बनाने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आज हम आपको रबड़ीदार और परफेक्ट गाजर की खीर की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह स्वादिष्ट गाजर की खीर आपके परिवार के सभी सदस्यों को खूब पसंद आएगी।

***गाजर की खीर की रेसिपी***

गाजर की स्वादिष्ट रबड़ीदार खीर बनाने के लिए आपको जिन भी सामग्रियों की जरूरत होगी वह ये हैं।



गाजर- एक कप कद्दूकस की हुई

देसी घी- 2 बड़े चम्मच

दूध- डेढ़ कप

कंडेंस्ड मिल्क- दो बड़े चम्मच

फ्रेश मलाई

काजू

बादाम

पिस्ता

किशमिश

चीनी

इलायची पाउडर- 1/4

***ऐसे बनाएं गाजर की खीर***

बता दें कि गाजर की खीर बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें। अब गैस पर पैन चढ़ाकर दो बड़े चम्मच देसी घी डालें। अब इसमें मनपसंद ड्राई फ्रूट्स डालकर रोस्ट कर लें। फिर इन ड्राई फ्रूट्स को एक प्लेट में निकालकर अलग रख लें। इसके बाद उसी पैन में कद्दूकस की हुई गाजर डालें और इसको अच्छे से रोस्ट कर लें। इससे गाजर में अच्छा सा फ्लेवर आ जाएगा। करीब 5-7 मिनट तक हल्दी आंच पर कद्दूकस की हुई गाजर को चलाते हुए रोस्ट करें।

जब गाजर अच्छे से रोस्ट हो जाए, तो इसमें उबला हुआ दूध डाल दें। अब गाजर और दूध को अच्छे से चलाते हुए मिक्स करें और फिर मीडियम आंच पर धीरे-धीरे पकने दें। जब इसमें उबाल आ जाए, तब इसमें कंडेस्ड मिल्क या फिर गाढ़ी मलाई मिलाएं। इसको बीच-बीच में चलाते रहें।

करीब 5 मिनट तक पकाने के बाद स्वादानुसार चीनी डालें और यदि आपने कंडेंस्ट मिल्क मिलाया है, तो चीनी थोड़ा कम ही डालें। क्योंकि कंडेंस्ड मिल्क पहले से मीठा होता है। इन सभी सामग्रियों को अच्छे से चलाते हुए पका लें। करीब 5 मिनट तक इसको गाढ़ा होने तक पकाएं। अब इसमें फ्लेवर और खुशबू के लिए इलायची पाउडर मिक्स करें और गैस बंद कर लें। इस तरह से गाजरी की स्वादिष्ट खीर बनकर तैयार हो जाएगी। गार्निशिंग के लिए ऊपर से कटे हुए ड्राई फ्रूट्स डालें और गर्मागर्म सर्व करें।

# सर्दियों में घर पर बनाएं टेस्टी ड्राई फ्रूट्स एंड सीड्स चिक्की, सब बार-बार खाने को मांगेंगे



सर्दियों में अक्सर कुछ टेस्टी चीजें खाने की क्रेविंग होती रहती है। अगर आप भी कुछ हेल्दी और टेस्टी डिश बनाना चाहते हैं, तो आप इस रेसिपी को घर में जरुर बनाएं। इस रेसिपी को बनाना बेहद आसान है और हेल्द के लिए भी काफी फायदेमंद है।

इसे बनाने के लिए सामग्री

- 1 कप सीड एंड नट मिक्स
- 1 कप कद्दूकस किया हुआ गुड़
- 1 चम्मच घी
- एक चुटकी हरी इलायची पाउडर (वैकल्पिक)

***सीड्स और ड्राई फ्रूट्स चिक्की को कैसे बनाएं***

- बीज और मेवे के मिश्रण को मध्यम आंच पर 2 मिनट तक भून लें, ठंडा कर लें।
- गुड़ को गाढ़ा होने तक गर्म करें। भुने हुए बीज और मेवे, इलायची पाउडर और घी डालें, अच्छी तरह मिलाएं।
- बटर पेपर पर रोल करें, मनचाहे आकार में काटें और ठंडा होने दें।

# एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स, सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि

भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है। इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# बसंत पंचमी पर बनाएं स्वादिष्ट कद्दू का हलवा, इस खास भोग से प्रसन्न होगी मां सरस्वती

हिंदू पंचांग के मुताबिक हर साल माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस साल 02 फरवरी को 2025 को बसंत पंचमी को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि इस शुभ दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। मां सरस्वती की पूजा करने से ज्ञान, बुद्धि और वैभव की प्राप्ति होती है। इस दिन विद्या की मां सरस्वती को पीले रंग की बनी चीजों का भोग बनाकर प्रसाद चढ़ाया जाता है। ऐसे में अगर आप भी मां सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए भोग में कुछ अलग और टेस्टी बनाना चाहते हैं। ऐसे में आप बसंत पंचमी के दिन कद्दू का हलवा बना सकते हैं। यह हलवा न सिर्फ खाने में टेस्टी होता है, बल्कि इसको बनाना भी बहुत आसान है। बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक को इसका स्वाद बेहद पसंद आता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको यहां पर कद्दू के हलवे की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।



***कद्दू के हलवे की सामग्री***

कद्दू- 1 किलो

दालचीनी- 1 1/2

पानी- 150 मिली

चीनी- 150 ग्राम

मक्खन या घी- 4 बड़े चम्मच

रोस्टेड नारियल- 2 बड़ा चम्मच कद्दूकस किया हुआ

किशमिश- 50 ग्राम

बादाम की कतरन- 2 बड़े चम्मच

***ऐसे बनाएं कद्दू का हलवा***

कद्दू का हलवा बनाने के लिए एक पैन में कद्दू, पानी और दालचीनी डालकर उसे ढककर नरम होने तक पकने दें। अब पानी को छानकर कद्दू को मैश कर लें। अब दूसरे बड़े पैन 4 चम्मच घी गर्म करके उसमें कद्दू डालकर लगातार चलाएं। जब इसकी प्यूरी गाढ़ी हो जाए और रंग बदलने तक करीब 10 मिनट पकाएं। अब चीनी डालकर हलवा डालकर पकने तक चलाएं। आप चाहें तो, हलवे में चीनी की जगह गुड़ का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस आसान तरह से कद्दू का हलवा बनकर तैयार हो जाएगा और इसे सर्विंग डिश में निकालकर उसमें बादाम, किशमिश और नारियल से गॉर्निश करें।

## पति से अवैध संबंध के शक में पत्नी ने महिला पर करवाया चाकू से हमला




**कोलकाता।** घटना गुरुवार की रात को साढ़े आठ बजे घटी, जब महिला भोजनालय पहुंची। महिला को उसके कार से घसीटकर बाहर निकाला गया और उसपर चाकू से कई बार हमला किया गया। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के पूर्वी इलाके में एक नाबालिग समेत तीन लोगों द्वारा एक भोजनालय के बाहर पीछा करने और कई बार चाकू मारने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पीड़िता की पहचान 20 वर्षीय रोफिया साकिल के तौर पर की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता को भोजनालय के बगल में खड़ी एक कार से नीचे खींच लिया गया और गुरुवार को हत्या करने से पहले उसका पीछा किया गया। अधिक खून बहने के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़िता की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया। शव को भी पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि वे नारकेलडांगा इलाके के राजा रामनारायण स्ट्रीट की रहने वाली महिला और मोहम्मद फारुख अंसारी के बीच एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के संभावित पहलू की जांच कर रहे थे। दरअसल, मोहम्मद फारुख अंसारी के परिवार के सदस्यों पर हमले को अंजाम देने का संदेह है। यह घटना गुरुवार की रात को साढ़े आठ बजे घटी, जब महिला भोजनालय पहुंची। महिला को उसके कार से घसीटकर बाहर निकाला गया और उसपर चाकू से कई बार हमला किया गया। चश्मदीदों ने बताया कि महिला जान बचाने के लिए भागने लगी और मदद के लिए चिल्ला रही थी। हमलावरों ने उसका पीछा करते हुए उसपर फिर से हमला किया। तीनों संदिग्धों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

## आयुष्मान भारत योजना से 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की हुई बचत, जेब खर्च में आई कमी

**योजना**

रिपोर्ट में बताया गया कि 15 जनवरी 2025 तक 40 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इस योजना के तहत नामांकन किया।



**नई दिल्ली।** पात्र वरिष्ठ नागरिकों को योजना के लाभों तक पहुंचाने के लिए वय वंदना कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। जो लोग पहले से ही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें सालाना पांच लाख रुपये का विशेष टॉप-अप मिलेगा। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना ने सामाजिक सुरक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि के माध्यम से जेब खर्च में कमी लाने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। शुक्रवार को संसद में सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया गया। इस सर्वेक्षण में बताया गया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) ने भारत के जरुरतमंद आबादी को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान की। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य-बीमा योजना है जो 12 करोड़ से अधिक परिवारों या लगभग 55 करोड़ व्यक्तियों को कवर करती है। रिपोर्ट में बताया गया कि एक जनवरी 2025 तक 36.36 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। इस योजना के तहत 30 हजार अस्पताल और 13352 प्राइवेज सुविधाएं सूचीबद्ध हैं। पिछले साल 11 सितंबर 2024 में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना का विस्तार करते हुए इसमें 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र वाले वरिष्ठ नागरिकों को भी शामिल किया गया है। इसके तहत प्रत्येक परिवार को पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज मिलता है। इस पहल के तहत 4.5 करोड़ परिवारों के लगभग छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलता है। पात्र वरिष्ठ नागरिकों को योजना के लाभों तक पहुंचाने के लिए वय वंदना कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। जो लोग पहले से ही इस योजना का लाभ उठा रहे हैं, उन्हें सालाना पांच लाख रुपये का विशेष टॉप-अप मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि 15 जनवरी 2025 तक 40 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने इस योजना के तहत नामांकन किया। इसके अलावा पहलों में फ्री डायलिसिस योजना भी शामिल है, जिसमें 25 लाख लोगों को लाभ मिलता है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2015 और वित्तीय वर्ष 2022 के बीच देश के कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकारी स्वास्थ्य व्यय की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो चुकी है। इसके अलावा जन औषधि योजना के तहत लोगों को सस्ती दवाइयां प्रदान की जा रही है। इस योजना ने देश में मजबूत गति पकड़ ली है। 2024 में रिकॉर्ड बिक्री हासिल करने के बाद देशभर में 14 हजार केंद्रों में इसका विस्तार किया गया।

## मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर निर्देश देना हमारा अधिकार नहीः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** मंदिरों में वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क वसूलने और खास वर्ग के लोगों को तरजीह देने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है। यह मुद्दा मंदिर प्रबंधन और सोसाइटी के निर्णय से जुड़ा है। मंदिरों में वीआईपी दर्शन के लिए शुल्क वसूलने और खास वर्ग के लोगों को तरजीह देने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह हमारे अधिकार क्षेत्र का मामला नहीं है। यह मुद्दा मंदिर प्रबंधन और सोसाइटी के निर्णय से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में वीआईपी दर्शन के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर निर्णय लेना सोसाइटी और मंदिर प्रबंधन का काम है और अदालत कोई निर्देश नहीं दे सकती। हमारा मानना है कि मंदिर में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यह अदालत निर्देश जारी नहीं कर सकती। कोर्ट ने कहा कि हमें नहीं लगता कि यह संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के लिए उपयुक्त मामला है।

## संसद में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अंग्रेजी में पढ़ा राष्ट्रपति का अभिभाषण



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को संयुक्त समिति की बैठक में राष्ट्रपति द्वारा दिए गए अभिभाषण को अंग्रेजी में पढ़ा। इस दौरान महाकुंभ का जिक्र करते ही विपक्ष के नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद की संयुक्त बैठक में अपना अभिभाषण दिया। इसमें उन्होंने कुंभ में बीते दिनों मचे भगदड़ पर दुख जताया। इसी सिलसिले में जब राज्यसभा में उपराष्ट्रपि जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को अंग्रेजी में पढ़ा तब विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी और शर्म करों शर्म करों के नारे भी लगाए। साथ ही इससे पहले, जब राष्ट्रपति ने अपने भाषण में पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में बात की, तो कुछ विपक्षी सांसदों ने मणिपुर, मणिपुर के नारे भी लगाए।

बता दें कि संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपना अभिभाषण दिया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में हुई भगदड़ का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना बहुत दुखद है और उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इस घटना में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया। गौरतलब है कि बीते मौनी अमावस्या के दिन, महाकुंभ के दौरान पवित्र स्नान के लिए भारी संख्या में लोग संगम पर पहुंचे थे। इसी दौरान भगदड़ हुई, जिसमें कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए। वहीं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बजट सत्र की शुरुआत होने से पहले कहा कि संसद में व्यवधान का दौर खत्म करके सार्थक चर्चा की राह बनाई जानी चाहिए।

राष्ट्रीय महिला आयोग के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को ऐसे विपक्ष की जरूरत है, सहयोगी और सार्थक हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में ज्यादा चर्चा और बहस होनी चाहिए न कि उसे बाधित किया जाए।

## क्या इस्तीफा पीड़ित को न्याय दिलाने से ज्यादा जरूरी? विपक्ष की मांग पर धनंजय मुंडे का पलटवार

**निशाना**

पत्रकारों से बात करते हुए धनंजय मुंडे ने कहा, हत्या के बाद से ही मीडिया मुझ पर निशाना साध रही है, लेकिन मैंने इसे लेकर एक शब्द भी नहीं कहा।



**मुंबई।** कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने कहा कि वह नामदेव शास्त्री को धनंजय मुंडे के खिलाफ सबूत भेजेगी। उन्होंने कहा कि लड़ाई मुंडे के खिलाफ नहीं, बल्कि उनकी आतंक मानसिकता के खिलाफ है। महाराष्ट्र के बीड में सरपंच हत्या मामले को लेकर विवादों में घिरे राज्य मंत्री और राकांपा नेता धनंजय मुंडे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शुक्रवार को दावा किया कि मुद्दे का राजनीतिकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने से ज्यादा जरूरी उनका इस्तीफा देना है। उनका बयान वंजारी समुदाय के आध्यात्मिक नेता नामदेव शास्त्री द्वारा राकांपा नेता के समर्थन में आवाज उठाने के बाद आया। नामदेव शास्त्री ने कहा कि मुंडे कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो जबरन वसूली के पैसों से जीवन जीता हो। धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के नेता लगातार मंत्री (धनंजय मुंडे) से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। महाराष्ट्र में बीड के मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को 9 दिसंबर को अपहरण कर प्रताड़ित किया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई, क्योंकि वे बीड जिले में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास कर रहे थे। धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल में धनंजय मुंडे खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय संभाल रहे हैं। वीड में सरपंच की हत्या मामले में आध्यात्मिक नेता नामदेव शास्त्री ने कहा था, हत्या गांव का मुद्दा है, लेकिन इसने सामाजिक माहौल को बिगाड़ दिया है। मुंडे कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो जबरन वसूली के पैसों से जीवन जीता हो। पिछले 53 दिनों से उनके खिलाफ मीडिया ट्रायल चल रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए धनंजय मुंडे ने कहा, ÷हत्या के बाद से ही मीडिया मुझ पर निशाना साध रही है, लेकिन मैंने इसे लेकर एक शब्द भी नहीं कहा। मैंने नामदेव शासंत्री से राजनीति को लेकर कोई बात नहीं की, लेकिन धार्मिक मुद्दों को लेकर मैंने उनसे बात की।÷ बाद में मंत्री ने सवाल किया कि क्या उनका इस्तीफा और राजनीतिक लाभ के लिए एक विशिष्ट समुदाय को निशाना बनाना पीड़ित के परिवार को न्याय दिलाने से ज्यादा जरूरी है? उन्होंने आगे कहा, ÷हत्या 53 दिन पहले हुई और हत्या के पहले दिन से ही मैं यह कह रहा हूं कि इसमें शामिल लोगों को मौत की सजा मिले। मेरे इस रुख के बावजूद, इस मुद्दे का राजनीतिकरण किया गया।

## वायनाड में पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**केरला।** जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाशी में कुछ भी नहीं मिला और ईमेल लोगों में दहशत पैदा करने के लिए भेजा गया है। चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और ईमेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। केरल के वायनाड में शुक्रवार सुबह पूकोडे स्थित एक पशु चिकित्सा महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद परिसर की सघन जांच की गठ। बम और डॉग स्क्वॉड ने संस्थान की गहन तलाशी ली, पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बाद में पुलिस ने इसे झूठी खबर करार दिया। केरल पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति के एस अनिल के अनुसार, उनके और रजिस्ट्रार के आधिकारिक आईडी पर निवेदिता पृथ्वीराज नाम के एक अकाउंट से एक ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया।

## अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स ने स्पेसवॉक का रिकॉर्ड बनाया



**वॉशिंगटन।** नासा ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि नासा की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स ने पूर्व अंतरिक्षयात्री पेगी व्हिटसन के कुल स्पेसवॉक के 60 घंटे 21 मिनट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने सबसे ज्यादा स्पेसवॉक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यह जानाकारी दी। नासा ने बताया कि सुनीता विलियम्स ने पूर्व अंतरिक्षयात्री पेगी व्हिटसन का सबसे ज्यादा स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड तोड़ा है। पेगी व्हिटसन ने 60 घंटे 21 मिनट तक स्पेसवॉक करने का रिकॉर्ड बनाया था। नासा ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि नासा की अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स ने पूर्व अंतरिक्षयात्री पेगी व्हिटसन के कुल स्पेसवॉक के 60 घंटे 21 मिनट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सुनीता विलियम्स अभी भी अंतरिक्ष में बाहर हैं और रेडियो कम्युनिकेशन हार्डवेयर को हटा रही हैं। सुनीता विलियम्स का स्पेसवॉक एक्सपीडिशन 72 का हिस्सा है, जो सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ। नासा ने इस स्पेसवॉक की लाइव स्ट्रीमिंग की। यह अमेरिका का 92वां स्पेसवॉक है। सुनीता विलियम्स अब तक कुल नौ बार स्पेसवॉक कर चुकी हैं। सुनीता के साथ ही उनके सह-अंतरिक्षयात्री बुच विल्मोर ने भी स्पेसवॉक किया। यह विल्मोर का पांचवां स्पेसवॉक है। यह स्पेसवॉक करीब साढ़े छह घंटे चलेगा। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर बीते साल 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पहुंचे थे। हालांकि दोनों बोइंग के स्टारलाइनर यान में तकनीकी खराबी के चलते धरती पर तय समय पर वापस नहीं आ सके और अब दोनों को मार्च के अंत में स्पेसएक्स के अंतरिक्षयान से धरती पर लाया जाएगा।

हाल ही में स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पेसएक्स से कहा है कि जो दो अंतरिक्षयात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर फंसे हुए हैं, उन्हें जल्द से जल्द वापस लाया जाए। हम ऐसा ही करेंगे लेकिन बाइडन सरकार ने दोनों को लंबे समय के लिए अंतरिक्ष में छोड़ दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी एक अन्य पोस्ट में लिखा कि मैंने स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क से कहा है कि %वे दोनों बहादुर अंतरिक्षयात्रियों को वापस लेकर आएं, जिन्हें बाइडन सरकार ने बेसहारा छोड़ दिया था। वे कई महीनों से स्पेस स्टेशन पर इंतजार कर रहे हैं।

## काश पटेल ने दिखाए अपने हिंदू संस्कार, सीनेट की सुनवाई से पहले माता-पिता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**वॉशिंगटन।** काश पटेल ने सीनेट की सुनवाई की शुरुआत भी भगवान का नाम लेकर की। काश पटेल ने जय श्री कृष्णा कहकर सबसे पहले अभिवादन किया और फिर कहा कि मैं अपने पिता प्रमोद और मां अंजना का स्वागत करना चाहूंगा, जो आज यहां बैठे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के काश पटेल को संघीय जांच एजेंसी एफबीआई का नया निदेशक नियुक्त किया है। काश पटेल भले ही अब अमेरिकी नागरिक हैं, लेकिन वे अपने भारतीय संस्कार नहीं भूले हैं। इसकी झलक उस वक्त देखने को मिली, जब गुरुवार को सीनेट में उनकी नियुक्ति की पुष्टि के लिए बैठक हुई और उस बैठक से पहले काश पटेल ने अपने माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है।

## अमेरिकी विमान हादसे ने तोड़ दिए कई परिवार और सपने

**मौत**

वॉशिंगटन डीसी में रीगन रोनाल्ड राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुए विमान हादसे में 67 लोगों की मौत हो गई।



**वॉशिंगटन।** वॉशिंगटन डीसी में रीगन रोनाल्ड राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुए विमान हादसे में 67 लोगों की मौत हो गई। हादसे ने कई परिवारों को तोड़ दिया तो कई लोगों के सपनों को तोड़ा। हादसे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता लौट रहे दो किशोर फिगर स्केटर्स, एक कॉलेज छात्रा, दो चीनी नागरिक और शिकारियों के समूह के सदस्यों की मौत हो गई। वहीं विमान में सवार चालक दल के परिजनों को जीवन भर दर्द मिला।

वॉशिंगटन डीसी में रीगन रोनाल्ड राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास हुए विमान हादसे में 67 लोगों की मौत हो गई। इसमें अमेरिकन एयरलाइंस के विमान में सवार 60 यात्री और चार चालक दल के सदस्य शामिल थे। जबकि हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। हादसे ने कई परिवारों को तोड़ दिया तो कई लोगों के सपनों को तोड़ा। हादसे में राष्ट्रीय प्रतियोगिता लौट रहे दो किशोर फिगर स्केटर्स, एक कॉलेज छात्रा, दो चीनी नागरिक और शिकारियों के समूह के सदस्यों की मौत हो गई। वहीं विमान में सवार चालक दल के परिजनों को जीवन भर दर्द मिला। हादसे में बड़ी संख्या में मौत होने पर पूरे देश में शोक की लहर है। एक ओर जहां मृतकों के शव तलाशे जा रहे हैं तो दूसरी ओर जगह-जगह मृतकों के लिए प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है।

विमान हादसे में 16 वर्षीय दो किशोरों की मौत हो गई। स्केटर जिन्ना हान और उनकी मां जिन हान के अलावा स्केटर स्पेंसर लेन और उनकी मां क्रिस्टीन लेन की मौत हो गई। विमान हादसे में उनके प्रशिक्षक एवगेनिया शिश्कोवा और वादिम नौमोव ने भी जान गवां दी। स्केटिंग क्लब ऑफ बोस्टन के सीईओ डग जेघीबे ने बताया कि दोनों बेहतरीन प्रतियोगी और बेहतरीन कलाकार थे। उनकी मांओं ने भी अपने बच्चों के पालन-पोषण और प्रतिभा को निखारने में योगदान दिया। जबकि कोच शिश्कोवा और नौमोव ने 1994 में जापान के चिबा में विश्व चैंपियनशिप में युगल खिताब जीता था। इस जोड़ी ने दो बार ओलंपिक में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा विमान में कुछ युवा एथलीट भी थे।

हादसे में मरने वालों में ओहायो के सीडरविले विवि की छात्रा ग्रेस मैक्सवेल भी शामिल हैं। वह अपने दादा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद विचिटा कंसास स्थित अपने घर से कैंपस लौट रही थीं। विवि ने उनके निधन पर शोक जताया। इसके अलावा फिलीपींस में राष्ट्रीय पुलिस के आपूर्ति प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख कर्नल पेर्गेंटिनो मालाबेड जूनियर भी हादसे का शिकार हुए। वे फिलीपींस पुलिस के लिए खरीदे जाने वाले उपकरणों को देखने अमेरिका गए थे। फिलीपींस पुलिस ने उनकी मौत को देश की बड़ी क्षति बताया। वहीं मरने वालों में दो चीनी नागरिक भी शामिल हैं। इसके अलावा शिकार यात्रा से लौट रहे सात लोगों की भी हादसे में मौत हुई। हादसे में मैरीलैंड स्थित यूनाइटेड एसोसिएशन यूनियन के सदस्य और चार स्टीमफिटरों की भी मौत हुई है। यूनियन ने उनकी मौत पर शोक जाहिर किया है। विमान हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार तीन सैनिकों की भी मौत हो गई। सेना ने बताया कि तीनों सैनिकों के शव डेलावेयर के डोवर एयरफोर्स बेस पर रखे जाएंगे। अमेरिकी सेना में वरिष्ठ प्रशिक्षक पायलट जोश म्यूहेलेंडॉर्फ ने कहा कि रयान ओ हारा ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर पर सवार तीन सैनिकों में से एक थे। वह प्रतिबद्ध और अनुशासित व्यक्ति थे।

## ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को चेताया

**विचार**

ट्रंप ने लिखा कि यह विचार है कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है।



**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100त्न टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर की बजाय दूसरी मुद्रा अपनाने पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा। ट्रंप ने लिखा कि यह विचार है कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100त्न टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नई मुद्रा को बेचने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वे किसी अन्य बेवकूफ देश की तलाश कर सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा। जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते कहना चाहिए और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए। ट्रंप ब्रिक्स देशों को पहले भी चेतावनी दे चुके हैं। पिछले सप्ताह ओवल ऑफिस में अपने हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं, तो ठीक है, लेकिन हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। यह कोई धमकी भी नहीं है। ट्रंप ने कहा कि उनके बयान को धमकी के रूप में नहीं बल्कि इस मुद्दे पर एक स्पष्ट रुख के रूप में देखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस मामले में अपने पूर्ववर्ती बाइडन की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया। बाइडन ने संकेत दिया था कि अमेरिका इस मामले में कमजोर स्थिति में है।

## माली में भूस्खलन से सोने की खदान में भरा पानी




**बामको।** दक्षिणी माली में सोने की खदान में बुधवार को बड़ी संख्या में महिला खनिक खुदाई कर रही थीं। खदान के चारों ओर बना बांध अचानक टूट गया और उसका पानी खदान में घुस गया। हादसे में खदान में काम कर रहीं महिलाओं समेत तमाम खनिकों की मौत हो गई। हालांकि मरने वाले खनिकों की संख्या नहीं बताई गई है। पश्चिम अफ्रीकी देश माली के कोउलिकोरो में भूस्खलन से सोने की खदान में पानी भर गया। हादसे में बड़ी संख्या में स्वर्ण खनिकों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं शामिल हैं। बचाव कार्य जारी है। कोउलिकारो क्षेत्र के गर्वनर कर्नल लामिन कापोरी सानोगो ने बताया कि दक्षिणी माली में सोने की खदान में बुधवार को बड़ी संख्या में महिला खनिक खुदाई कर रही थीं। खदान के चारों ओर बना बांध अचानक टूट गया और उसका पानी खदान में घुस गया। हादसे में खदान में काम कर रहीं महिलाओं समेत तमाम खनिकों की मौत हो गई। हालांकि मरने वाले खनिकों की संख्या नहीं बताई गई है। माली को अफ्रीका के तीन सोना उत्पादक देशों में से एक माना जाता है। पहले भी माली में सोने की खदान ढहने की घटनाएं होती रही हैं। पिछले साल जनवरी में राजधानी बामको के पास सोने की खदान ढहने से 70 लोगों की मौत हो गई थी। माली के खनन मंत्रालय ने एक बयान जारी कर घटना पर दुख जताया था। उन्होंने हादसे पर गहरा खेद व्यक्त किया था।

## EAD के स्वतः नवीनीकरण को वापस 180 दिन करने का प्रस्ताव, भारतीय अप्रवासियों के लिए होगा बड़ा झटका



**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन सांसदों ने अपने प्रस्ताव में रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज के स्वतः नवीनीकरण की समय सीमा को घटाकर फिर से 180 दिन करने की मांग की है। बाइडन सरकार ने इस समय सीमा को बढ़ा दिया था। अमेरिका की सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी के दो प्रभावशाली सीनेटर्स ने बाइडन सरकार के एक फैसले को बदलने का प्रस्ताव पेश किया है। अगर यह प्रस्ताव मान लिया जाता है तो इसका अमेरिका में काम कर रहे भारतीयों पर विपरीत असर पड़ेगा। दरअसल रिपब्लिकन सांसदों ने अपने प्रस्ताव में रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज (श्वष्ठ) के स्वतः नवीनीकरण की समय सीमा को घटाकर फिर से 180 दिन करने की मांग की है। बाइडन सरकार ने इस समय सीमा को बढ़ा दिया था। सीनेटर्स का कहना है कि बाइडन सरकार के फैसले से अमेरिकी सीमाओं की सुरक्षा प्रभावित होगी। बाइडन सरकार में रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज के नवीनीकरण की अवधि को 180 दिन से बढ़ाकर 540 दिन कर दिया गया था। अब सीनेट में पेश प्रस्ताव में नवीनीकरण की अवधि को वापस 180 दिन करने की मांग की गई है। रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज से अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम करने वाले लोगों के जीवनसाथियों को बहुत मदद मिलती है। एच-1बी वीजा के सबसे ज्यादा लाभार्थी भारतीय हैं। ऐसे में नए प्रस्ताव को अगर मंजूरी मिल जाती है तो इसका भारतीय कामगारों पर विपरीत असर पड़ना तय है। गुरुवार को प्रस्ताव पेश करने वाले सीनेटर जॉन कैनेडी और रिक स्कॉट ने प्रस्ताव में कांग्रेसनल रिव्यू एक्ट (सीआरए) प्रक्रिया के तहत बाइडन प्रशासन में बनाए गए नियम को अस्वीकार करने की मांग की है। कैनेडी ने कहा, %बाइडन प्रशासन के खतरनाक नियम ने अप्रवासियों के लिए वर्क परमिट को स्वचालित रूप से 540 दिनों तक बढ़ा दिया है। अप्रवासियों को अमेरिकी अधिकारियों को रिपोर्ट करने से बचने के लिए अधिक समय देने से ट्रंप प्रशासन को आव्रजन कानूनों को लागू करने और अमेरिकियों को सुरक्षित रखने के प्रयासों में बाधा आएगी। स्कॉट ने एक बयान में आरोप लगाया कि बाइडन-हैरिस प्रशासन ने अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को खत्म करने और दक्षिणी सीमा को खोलने के लिए लगातार चार साल तक काम किया, जिससे लाखों अवैध विदेशी बिना जांचे-परखे और बिना जांचे सीमा पार कर आए। दोनों सीनेटर्स ने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस बाइडन प्रशासन के नियम को पलटने में विफल रहती है, तो ट्रंप प्रशासन को अमेरिका में अवैध रूप से रहने और काम करने वालों का पता लगाने में अधिक परेशानी होगी।

# भगदड़ के दो दिन बाद पोस्टमार्टम हाउस के बाहर लगे 24 अज्ञात मृतकों के पोस्टर

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ हुई। इसके बाद भगदड़ को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में अधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ भगदड़ हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 60 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मरने वालों में 25 की पहचान कर ली गई है और पांच अज्ञात है। अब 2 दिन बाद प्रशासन की ओर से 24 अज्ञात मृतकों के चेहरे के पोस्टर लगा दिए गए हैं। इन पोस्टर से परिजन मृतकों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं। पोस्टमार्टमहाउस के बाहर लगे इस पोस्टरों से अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। उधर, भगदड़ में मामले की न्यायिक जांच शुरू हो गई है। आज न्यायिक आयोग के सदस्य आज मौके पर पहुंच कर मौके का जायजा लेंगे।

मौनी अमावस्या की मध्य रात्रि के बाद संगम नोज पर हुई भगदड़ में कई ऐसे लोग हैं, जिनके परिजन अपनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। हादसे के बाद से लोगों के मोबाइल बंद होने से परेशानी



अधिक हो रही है। परिजन अपनों की जानकारी के लिए परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल पहुंच रहे हैं लेकिन वहां परिजनों के बारे में पुख्ता जानकारी न मिलने के कारण वहां से एसआरएन अस्पताल और एसआरएन से मेडिकल कॉलेज का चक्कर लगाते रहे। झांसी के सरमऊ के रहने वाले शिशुपाल ने बताया कि उनके पिता 58 वर्षीय महेश यादव का मंगलवार से कोई पता नहीं चल रहा है। वह 27 जनवरी को संगम आए थे। घर वालों ने खोया-पाया केंद्र से भी सूचना प्रसारित कराई लेकिन नहीं मिल रहे हैं। गुरुवार को दोपहर केंद्रीय अस्पताल पहुंचे महाराष्ट्र के भंडारा जिले की शीला मंडल और कपिल मंडल ने बताया कि उनके पिता 70 वर्षीय विष्णुपदा से मंगलवार रात से संपर्क नहीं हो रहा है।

हादसे के 41 घायलों को बुधवार को प्राथमिक उपचार के बाद महाकुंभ के केंद्रीय अस्पताल से शहर के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय (एसआरएन) के लिए रेफर कर दिया गया था, जहां इनका उपचार चल रहा है। हालत में सुधार होने पर 4 घायलों को छुट्टी दे दी गई है जबकि बाकी का इलाज चल रहा है। अस्पताल में हो रहे इलाज और वहां की व्यवस्था से घायल व उनके परिजन संतुष्ट दिखे। अस्पताल के ट्रामा सेंटर और नए भवन के वार्ड चार में हादसे में घायलों को भर्ती किया गया है। महाकुम्भ के मद्देनजर बनाए गए विशेष वार्ड में हर बेड पर नई चादरें बिछाई गई हैं। सभी बेड के पास सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन पाइप लगा है। मरीजों की 24 घंटे निगरानी के लिए युवा पैरा मेडिकल स्टाफ की टीम लगी है। अस्पताल में भर्ती हादसे में घायल लोगों ने इलाज की तारीफ की।

# शादी का झांसा देकर विवाहित पुरुष ने बनाये संबंध

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** चौक क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से नैनी क्षेत्र में रखने वाले एक युवक ने विवाहित होने के बावजूद जबरदस्ती संबंध बना लिए। युवती को इस झांसे में रखा कि अविवाहित हूं तुमसे शादी कर लूंगा। हकीकत जानने पर जब युवती ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की तो अब अपने साथियों के साथ युवती को जान से मारने की धमकी दे रहा है। उधर पुलिस कमिश्नर के आदेश के बावजूद नैनी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। पुलिस कमिश्नर को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थिनी सविता (परिवर्तित नाम) चौक प्रयागराज की निवासिनी है। सविता ने अपने साथ हुये बलात्कार का प्रार्थना-पत्र 28 दिसम्बर-2024 को पुलिस कमिश्नर को दिया और अपनी आप बीती बताई। उसके बाद विपक्षी अनिल राज मौर्या पुत्र संत लाल मौर्या निवासी डांडी महेवा नियर पदम इन्क्लेव अपनी पत्नी रीता विश्वकमी अपने भाई मनोज मौर्या, मित्र विष्णु राय तथा तीन-चार अज्ञात महिलाओं के साथ आकर प्रार्थिनी के ऑफिस में उसको जान से मार देने की धमकी देते हुये अपनी शिकायत वापस लेने की चेतावनी दी। जब सविता ने इस बात का विरोध किया तो विष्णु राय ने कहा अगर तुम शिकायत वापस नहीं लोगी तो हम लोग तुमको अपहरण करके ले जायेगे और तुम्हारा गैंगरेप करेंगे। इस बात का मनोज मौर्य और अनिल मौर्या ने पूरी तरह समर्थन किया और सविता को इस घटना के बाद नौकरी से निकाल दिया गया। उसके पश्चात सविता लगातार थाना और चौकी का चक्कर काट रही है। वह न्याय के लिये दर-दर भटक रही है लेकिन अभी तक उसे न्याय नहीं मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### यथार्थ गीता की दो हजार प्रतियां श्रद्धालुओं में वितरित

**खुटहन (जौनपुर)** चौराहे के बगल शाहगंज मार्ग पर शुक्रवार को कुंभ स्नान कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं में स्वामी अड़गड़ानंद महराज के द्वारा रचित यथार्थ गीता की दो हजार प्रतियां वितरित की गई। श्री महराज के कृपा पात्र शिष्य लखनऊ से पधारे रामबहादुर सिंह ने मार्ग के बगल स्टाल लगाकर प्रयागराज से आने वाले वाहनों को रोक उसमें सवार स्नानार्थियों में धार्मिक पुस्तक का वितरण किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ धार्मिक पुस्तक नहीं, इसमें जीवन की मुक्ति का सार छुपा हुआ है।

### डीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों की सघन तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला। जिलाधिकारी के द्वारा पाकशाला में जाकर बंदियों के लिए पकाए जा रहे खाने की गुणवत्ता की जांच की गई। उन्होंने जेल अस्पताल में जाकर बंदियों के स्वास्थ्य और उनके ईलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि बंदियो की नियमित रूप से स्वास्थ्य की जांच कराई जाए और इसके साथ ही बंदियों के दांत, आंख और कान की जांच भी कराई जाए और जिन्हें आवश्यक हो उन्हें चश्मा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के द्वारा बुजुर्ग बंदियों सहित अन्य बंदियों से संवाद करते हुए उनसे पूछा गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट, इंद्रनंदन सिंह, जेलर अजय कुमार, डिप्टी जेलर धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, डॉ0 विनय कुमार राव, फार्मासिस्ट सतीश सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रसिद्ध लेखक एवं चित्रकार जयंत कुमार घोष का निधन



**प्रयागराज।** प्रसिद्ध लेखक एवं चित्रकार जयंत कुमार घोष (80 वर्ष) का गत 30/31 जनवरी की मध्य रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। स्वास्थ्य एंड परिवार कल्याण ट्रेनिंग सेंटर, मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज से सेवानिवृत्त जयंत कुमार घोष अपने पीछे धर्मपत्नी मीरा घोष, पुत्र इंद्रनील घोष (फुटबॉल प्रशिक्षक), पुत्री देविका एवं देवोंश्री घोष को छोड गए। जयंत कुमार घोष द्वारा बनाई गई 150 स्वतंत्रा सेनानियों की चित्र उन्होंने इलाहाबाद संग्रहालय, उत्तर प्रदेश सरकार को दान दे दी थी जो कि वर्तमान में इलाहाबाद संग्रहालय के आजाद गैलेरी में जनता के अवलोकन हेतु रखी गई है। एक बेहतरीन पेंसिल चित्रकार के साथ साथ जयंत कुमार घोष नें स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर दो विभिन्न किताब भी लिखी थी जो इंडियन प्रेस कोलकाता द्वारा प्रकाशित की गई है। समय समय पर जयंत घोष द्वारा लगायी गयी स्वतंत्रता सेनानियों की राष्ट्रीय प्रदर्शनी 1994 से 2010 के बीच महात्मा गांधी कला वीथिका प्रयागराज, कलकत्ता, भोपाल, सिलीगुड़ी, वर्धमान में सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। उनको कई राष्ट्रीय अवार्ड भी प्राप्त हुए।

### बालश्रम/बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह आदि की रोकथाम हेतु निरन्तर चलाए अभियान

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.01.2025 को क्षेत्राधिकारी यातायात श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मानव तस्करी निरोधी इकाई (Anti-Human Trafficking Unit-AHTU) जनपद बांदा के तत्वाधान में मासिक समीक्षा बैठक की गयी जिसमें बाल अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सेवा योजना, किशोर न्याय अधिनियम व बच्चों से सम्बन्धित सरकारी योजनाओं के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक करने तथा बालश्रम व बाल विवाह पर रोक लगाये जाने के संबंध में ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में स्कूलों/कॉलेजों में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाये जाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ ही साथ पुलिस व अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं के परस्पर आपसी सहयोग के संबंध मे भी दिशा निर्देश दिए गये । मानव तस्करी निरोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस इकाई (Special Juvenile Police Unit-SJPU), किशोर न्याय संरक्षण बोर्ड को इस संबंध में स्कूलों/कॉलेजो में विभिन्न प्रकार के जागरुकता कार्यक्रमों को चलाने जाने हेतु निर्देशित किया गया 7 समीक्षा बैठक दौरान जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी/कर्मचारी, एएचटीयू, एसजेपीयू तथा अन्य सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं से सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# समाचार पत्र विक्रेता सदस्यों को वितरण किया गया ट्रैकसूट



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता सभागार धरनीधरपुर मीरपुर में कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता जौनपुर ने वितरण किया ट्रैकसूट, कार्यक्रम के पहले मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह का जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने अंग वस्त्र माला सम्मान पत्र से जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता जौनपुर ने कहा कि हम समाचार पत्र विक्रेताओं को हर संभव सहयोग कर रहा हूं। और आगे भी जिला अध्यक्ष रामसहारे मौर्य के माध्यम से करता रहूंगा। क्योंकि ये सभी समाचार पत्र विक्रेता जाड़ा,गर्मी, बरसात, का बगैर परवाह किये निरंतर जनप्रतिनिधि और जनता तक देश दुनिया की खबरें अखबार के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाते हैं। ऐसे कर्मठ समाचार पत्र वितरकों का सेवा करना सबसे बड़ा धर्म का काम होता है। इस मौके पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह छेम तथा कोषाध्यक्ष रामदयाल द्विवेदी हिंदुस्तान अखबार के पूर्व चीफ ब्यूरो राजेंद्र प्रसाद सिंह तेजस टुडे से राम जी जायसवाल की गरिमा मई उपस्थिति रही। इस मौके पर उपस्थित विजय शर्मा, पवन मौर्य, शैलेंद्र मौर्य, मनोज शर्मा, विकास प्रजापति, कुलदीप साहू, रामप्यारे प्रजापति, राजकुमार, अखिलेश चंद्र, मौर्य,राजेश मौर्य।

## उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शान्ति द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

**बांदा।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शान्ति सदन, कटरा जनपद-बाँदा द्वारा विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनांतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन दिनाँक-31.01.2025 समयः-11:00 बजे दिन-शुक्रवार को विकासखंड महुआ के मीटिंग हाल, जनपद बाँदा में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों /बेरोजगार नवयुवकों/ नवयुवतियों को जो रोजगार में रूचि रखते हों को उद्योग स्थापना हेतु उद्योग स्थापित करने के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। विकासखंड अधिकारी, विकास खंड, महुआ बाँदा द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक, बाँदा, अमित यादव जी, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, बाँदा, निदेशक, आरसेटी बांदा, अभय सिंह, आरसेटी बांदा एवं श्रीमती राजिन्दर कौर वरिष्ठ प्रबन्धक/ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा अन्य वक्ताओं द्वारा बैंक तथा अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गयी।

# वीबीएस पूर्वांचल वि.वि. में प्रभावी सीवी निर्माण पर विशेष कार्यशाला

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से, सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में सीवी (करिकुलम वीटे) निर्माण पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र का संचालन एमबीए विभाग के अध्यक्ष प्रो. मुराद अली ने किया, जिसमें छात्रों को प्रभावी सीवी लिखने की तकनीकों और साक्षात्कार में उनकी उपयोगिता पर मार्गदर्शन दिया गया।

सत्र दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक चला, जिसमें प्रो. मुराद अली ने सीवी के विभिन्न घटकों, संरचना, प्रासंगिक कौशलों को प्रस्तुत करने की विधि, और पेशेवर दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक प्रभावी सीवी करियर की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे तैयार करते समय सटीकता, स्पष्टता और संक्षिप्तता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सीवी को कस्टमाइज़ करने, प्रमुख कौशलों को उजागर करने और सही प्रारूप का उपयोग करने के टिप्स दिए। इसके अलावा, उन्होंने कवर लेटर की भूमिका, आम गलतियों से बचने के उपाय, और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीवी अपलोड करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रो. अविनाश डी. पाथर्डिकर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रो. मुराद अली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक रही और भविष्य में भी इस तरह के ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्लेसमेंट सेल के कर्यालय प्रभारी श्याम त्रिपाठी एवं मुख्य छात्र सदस्य आदित्य पांडे, दिव्यांशु संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, हरी ओम साहू, आर्यन पाण्डेय, आयुष गुप्ता समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गुरेह गांव में जंगली सुअरों का आतंक, कई ग्रामीण घायल

**बाँदा।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गुरेह गाँव में जंगली सुअरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाल ही में सुअरों के हमले में कई ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया,जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।घटना की सूचना वन विभाग को दी गई,जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।वन विभाग की टीम ने सुअरों को पकड़ने की कोशिश की,लेकिन अब तक सफलता नहीं मिल पाई है।ग्रामीणों का कहना है,कि जंगली सुअर दिन-रात गांव में घूमते रहते हैं और रास्ते में मिलने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं।इस डर से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है,कि जल्द से जल्द सुअरों को पकड़ने की व्यवस्था की जाए,ताकि गांव में भयमुक्त वातावरण बनाया जा सके।

## सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था ने 23 माह के लवकुश को किया रक्तदान

**बांदा।** मीडिया प्रभारी सेवर्स ऑफ लाइफ सुनील सक्सेना ने जानकारी देते हुए अवगत कराया की पिछले 1वर्ष से संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ लवकुश नाम के बच्चे को हर महीने 15 दिन में ब्लड दान करता है बता दे की लवकुश जिसकी उम्र आज 23 माह है जन्म से ही थैलेसीमिया नामक बीमारी से पीड़ित है उसको हर महीने 15 में ब्लड की अवश्यकता होती है अगर समय पर रक्त नहीं मिलता है तो इस बीमारी में बच्चे की जान भी जा सकती है कल फिर सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के अध्यक्ष सलमान खान के पास डिमांड आई कि उसको ब्लड की अवश्यकता हुई जिसमें 100 एमएल ब्लड जिला अस्पताल बांदा से दिया गया और 100 एमएल संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ के सक्रिय रक्तदाता श्री अखिलेश सोनी जी ने रक्तदान किया अखिलेश सोनी जी का ये पांचवा रक्तदान था हम सभी अखिलेश सोनी जी के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। एवं हमारी संस्था बांदा की जनता से अपील करती है निवेदन करती है कि रक्तदान कर हम सभी मानव जीवन को बचाने का कार्य करें ताकि किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी से अपनी जान ना गवानी ना पड़े।

# सेवानिवृत्त लेखाकार सुरेन्द्र प्रसाद को दी भावभीनी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल को अधिवर्षता पूर्ण करने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने बरनवाल को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने कहाकि बरनवाल वित्त सेवा की पूरी अवधि तक निष्ठा पूर्वक अपनी सेवा देते रहे। उनके कार्य के प्रति सजगता, समयबद्धता ही उनकी पहचान रही। उनके योगदान की सराहना पूरा लेखा विभाग करता है। संचालन करते हुए देवाशीष श्रीवास्तव ने कहाकि सरकारी नौकरी में पदस्थापन, स्थानांतरण, सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया एक चक्के की तरह घूमते रहती है। इन सभी चक्र से सभी कर्मियों को एक बार गुजरना पड़ता है। इस प्रक्रिया से कोई भी पदाधिकारी व कर्मचारी को आहत होने की जरूरत नहीं है। जिस तरह बरनवाल ने अपने सेवाकाल में उत्कृष्ट कार्य किया है उसी तरह आगे भी अपने योगदान से अपनी पहचान बनाते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेडी विभाग के जेएन झा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का पड़ाव है ऐसे में हर कर्मचारी को श्रेष्ठ व्यवहार, आचरण, श्रेष्ठ कार्य करना चाहिए ताकि इस दिन बरनवाल जी जैसा सबका चेहरा सम्मान से भरा रहे। अंत में सेवानिवृत्त लेखाकार सुरेंद्र प्रसाद बरनवाल ने सबके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर गिरीश चन्द्र, रामबचन, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, विश्वनाथ राम, मुमताज अहमद आदि मौजूद रहे।

## चकबंदी विभाग में सेवानिवृत उप संचालक चकबंदी को दी विदाई

**आजमगढ़।** चकबंदी विभाग में सेवा देने के बाद सेवानिवृत हुए उप संचालक चकबंदी के सम्मान समारोह का आयोजन नेहरू हाल के सभागार में किया गया। जिसकी अध्यक्षता बंदोबस्त अधिकारी एल पी सिंह और संचालन विवेक श्रीवास्तव सहायक चकबंदी अधिकारी ने किया है। इस दौरान विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों में उप संचालक चकबंदी अनिल कुमार पाण्डेय को मालाओं से लादकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए जीवन के उनके अगले सफ़र की शुरुवात के लिए शुभकामनाएं दी है। स्वागत से अभिभूत अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि सन 1995 में उन्होंने अपने इस सफ़र की शुरुआत की और कार्यकाल के दौरान कर्मचारी भी उनके साथ सामंजस्य बनाकर कार्य करते रहें और सबसे बड़ी बात की यह आजमगढ़ जनपद जहां मुझे अपने नौकरी के दौरान सबसे बड़ा पद उप संचालक पर पदोन्नत प्राप्त हुआ। इस दौरान प्रदीप सिंह, राधेश्याम वर्मा, राकेश बहादुर सिंह, अजय सिंह, मनोज पाण्डेय, अभिषेक श्रीवास्तव बलराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद 76 वा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संस्था के संस्थापक डॉ प्रेम प्रकाश यादव एवं विधायक अखिलेश यादव राष्ट्रीय ध्वज फहराया अखिलेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र का महान पर्व है डॉ प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि स्वाधीनता लंबे समय तक प्राप्त हुई और देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया संविधान राष्ट्र का पद प्रदर्शन होता है आज हम सभी नागरिकों को अपने राष्ट्र के संविधान पर काफी गर्व है आर ग्लोबल स्कूल के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया बच्चों के प्रस्तुतिकारण को देखकर सभी लोग खुश हो गए इस अवसर परआर के ग्लोबल स्कूल के प्रधानाचार्य आर एल यादव आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर के एन यादव रामराजी जी देवी महिला पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शशि कला यादव आरके पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर राजकुमार गुप्ता आरके नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य सभा परवीन डॉक्टर अवधेश यादव डॉक्टर कीर्ति यादव डॉक्टर भावना यादव एवंसमस्त संस्थाओं की प्रवक्तागढ़ उपस्थित रहे। ग्रुप के निदेशक डॉ विशाल यादव ने गणतंत्र दिवस पर आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता सुराली यादव ममता सोनी ने किया।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा कर्रा कॉलेज, मचा हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** चंदवक थाना क्षेत्र के श्री गणेश राय इंटर कॉलेज के सामने उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक छात्र परीक्षा देकर विद्यालय परिसर से बाहर निकल ही रहा था कि दो कि संख्या में आए अज्ञात बाइक सवार हौसला बुलंद बदमाशों ने ताबडतोड़ गोली मारकर घटना की वारदात को अंजाम दिया। गोली चलने की आवाज सुन आस-पास में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

विदित हो कि बोड़सर खुर्द गांव निवासी आदर्श सिंह उर्फ विक्की पुत्र देवेंद्र सिंह 17 वर्ष श्री गणेश राय



इंटर कॉलेज में ग्यारहवीं का छात्र है। शुक्रवार की सुबह परीक्षा देकर विद्यालय परिसर से बाहर निकला ही था कि दो कि संख्या में पैदल आए बदमाशों ने उसे लक्ष्य साध कर गोली चला दी। गोली उसके गले की दाहिनी तरफ लगते ही लहूलुहान हो सड़क पर ही गिर पड़ा। आस-पास खड़े दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राएं कुछ समझ पाते कि बदमाश पैदल भाग कुछ दूर खड़ी बाइक से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व अध्यापक छात्र को सीएचसी ले गए जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने बेहतर उपचार हेतु वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस बदमाशों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।घटना की सूचना पर पहुंचे एसपी सिटी अरविंद वर्मा ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है परिजनों की तहरीर प्राप्त हुई है जिसके संदर्भ में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस की तीन टीम गठित कर आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। साक्ष्य के क्रम मे अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमुख पदाधिकारियों की कार्यशाला संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमुख पदाधिकारियों की कार्यशाला ÷संवाद÷ का आयोजन शहर के एक गेस्ट हाउस के हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक चित्रकूटधाम मंडल अरुण कुमार रहे।विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी तथा वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा नरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी भी शामिल हुए7कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ तले दबा हुआ है।यू-डायस आधार कार्ड,अपार आईडी जैसे कार्यों ने शिक्षकों की मनोदशा को प्रभावित किया है,जिससे शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। संवाद कार्यक्रम में प्रत्येक ब्लॉक में शिक्षकों के समक्ष आने वाली समस्याओं को ब्लॉक अध्यक्ष,मंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा रखा गया।जिला समन्वयकों और पटल सहायकों ने इन समस्याओं के समाधान का प्रयास किया।मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक अरुण कुमार ने कहा कि ÷शिक्षक शब्द गरिमा का प्रतीक है, और मिलकर कार्य करने से किसी भी समस्या का समाधान संभव है।÷जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने कहा कि ÷सबको मिलकर काम करना होगा,जिससे सभी की समस्याओं का समाधान किया जा सके।÷वित्त एवं लेखाधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि ÷लेखा संबंधी हर समस्या का समाधान किया जाएगा और शिक्षकों से संवाद स्थापित किया जाएगा।÷कार्यक्रम के दौरान रिक्त पदों के सापेक्ष नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।संतोष सिंह कछवाह (जिला उपाध्यक्ष),सुरेंद्र सोनी (संगठन मंत्री),इंद्रपाल पाल (संघर्ष संयोजक), जितेंद्र पटेल (प्रचार मंत्री), अनिल कुमार वर्मा,राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,अमित मिश्रा,आलोक रंजन पांडेय (जिला मीडिया प्रभारी), जसवंत सिंह परिहार (तहसील सह प्रभारी, सदर)।भरत सिंह (उपाध्यक्ष), उदय वीर सिंह (संगठन मंत्री), विकास तिवारी (उप मंत्री),पूजा सिंह (संघर्ष समिति उपाध्यक्ष)। प्रशांत मिश्रा (ब्लॉक उपाध्यक्ष), जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने कहा कि शिक्षक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं और उनके मनोबल को बढ़ाने की जरूरत है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | ओवरहालिंग ऑफ नॉर–ब्रेम्से (इंडिया) मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल०एच०बी० कोचेस। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 6,67,48,064.00 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 4,83,800/- मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 10.02.2025 से 24.02.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 07 दिनाँक: 31.01.2025 356/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | सेग्रीगेशन, कलेक्शन, लीडिंग, लोडिंग एन्ड अनलोडिंग ऑफ मिसलेनियस फेरस एन्ड लो–वैल्यू स्क्रैप फ्रॉम सी. एन्ड डब्लू. वर्कशॉप टू स्टोर डिपो आलमबाग। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु. 74,74,297.60 मात्र। |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु. 1,49,500/– मात्र। |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक–11.02.2025 से 25.02.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फॉर्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट– www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | |

निविदा सूचना सं.: 2025–ए.एम.वी–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–06 दिनांक: 30.01.2025 339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 01 फरवरी 2025



# तेज आर्थिक विकास के साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने पर देना होगा ज्यादा जोर, बजट से पहले आई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** बजट 2025 से पहले आज पेश किए गए बजट पूर्व रिपोर्ट में भारत के आर्थिक विकास में तेजी पर जोर दिया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत का जलवायु अनुकूलन खर्च 2016 में जीडीपी के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 5.6 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, रिपोर्ट ने सीओपी29 में उठाए गए कदमों पर भी सवाल उठाए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगी। इससे पहले शुक्रवार को संसद में पेश की गई बजट-पूर्व रिपोर्ट में भारत की आर्थिक विकास की बात पर जोर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को अपने तेज़ आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक स्तर पर विकासशील देशों के लिए जलवायु




परिवर्तन के उपायों को फंड देने में कमी आ रही है, जिससे भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किल हो सकती है।

बता दें कि भारत जलवायु परिवर्तन के लिए दुनिया का सातवां सबसे संवेदनशील देश है, और 2025 में होने वाली सीओपी30 सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। इस सम्मेलन में पेरिस समझौते के तहत देशों को अपने जलवायु लक्ष्यों का अगला संस्करण पेश करना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर जलवायु लक्ष्यों के लिए फंडिंग नहीं बढ़ी, तो भारत को अपने जलवायु योजनाओं को फिर से समायोजित करना पड़ सकता है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत का जलवायु अनुकूलन खर्च 2016 में जीडीपी के 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 5.6 प्रतिशत हो गया। इसके अलावा, रिपोर्ट ने सीओपी29 में उठाए गए कदमों पर भी सवाल उठाए, जिसमें 2030 तक 300 बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया था, जो वास्तविक जरूरत के मुकाबले बहुत कम है।

साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विकसित देश अपने जलवायु लक्ष्यों से काफी पीछे हैं, और भारत को अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने, ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों और खनिजों के स्रोत को मजबूत करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन लक्ष्य रखा है, और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का सपना देखा है।

इसके साथ ही, रिपोर्ट में क्षेत्र-विशिष्ट जलवायु अनुकूलन उपायों की आवश्यकता और जलवायु-लचीला कृषि, बैटरी भंडारण अनुसंधान, और कार्बन कैप्चर तकनीकों में निवेश की बात भी कही गई है। इसके अलावा, भारत के स्वच्छ्स्वच्छ मिशन की तारीफ की गई, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर देता है, और इसे शिक्षा में शामिल करने का सुझाव भी दिया गया।

# भारतीय बाजारों में बढ़ा लचीलापन, इको सर्वे ने 2025 में सार्थक बाजार सुधार के प्रति किया आगाह

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया कि शेयर बाजार में मूल्यांकन बढ़ने के बावजूद भारत को सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि अमेरिका के बाजारों में अगर कोई सुधार होता है, तो उसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। खासकर, कोविड-19 के बाद भारत में युवा निवेशकों की संख्या बढ़ी है, जो शेयर बाजार में सक्रिय हो गए हैं। आखिरी कुछ वर्षों पर नजर डाले तो भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी खासकर युवा निवेशकों की बढ़ी है। 2020 में जहां निवेशक 4.9 करोड़ थे, वहीं 31 दिसंबर 2024 तक यह संख्या बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी बाजार में जो आशावादी भावना है और वहां के बढ़े हुए मूल्यांकन, 2025 में एक बड़ा सुधार ला सकते हैं। अगर ऐसा हुआ, तो यह भारत में युवा और नए निवेशकों पर ज्यादा प्रभाव डाल सकता है, क्योंकि इनमें से ज्यादातर ने पहले कभी बड़े बाजार सुधार नहीं देखे हैं। हालांकि, सर्वेक्षण में यह भी बताया गया कि भारतीय बाजार अमेरिकी बाजारों के




मुकाबले ज्यादा लचीले साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए, अक्टूबर 2024 में जब विदेशी निवेशकों ने भारत से 11 बिलियन डॉलर निकाल लिए, तो भी भारतीय बाजार में गिरावट कम रही। वहीं, मार्च 2020 में महामारी के कारण हुए संकट में 8 बिलियन डॉलर के एफपीआई बहिर्वाह के बावजूद भारतीय बाजारों में भारी गिरावट आई थी। इसलिए, जबकि भारतीय बाजारों की लचीलापन बढ़ी है और निवेशक आशावादी हैं, फिर भी अमेरिकी बाजार में सुधार से जुड़ी संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

आर्थिक सर्वेक्षण में बताया गया है कि भारतीय इक्विटी बाजार अमेरिकी बाजारों के उतार-चढ़ाव के प्रति बहुत संवेदनशील रहा है। ऐतिहासिक डेटा के अनुसार, जब अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 में 10% से अधिक गिरावट आई, तो निफ्टी 50 ने लगभग सभी मामलों में नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया।

औसतन, निफ्टी 50 में 10.7% की गिरावट आई। वहीं, जब भारतीय बाजार निफ्टी 50 में 10% से ज्यादा गिरावट आई, तो अमेरिकी बाजार एसएंडपी 500 ने 13 बार सकारात्मक रिटर्न दिखाया, लेकिन इसका औसत रिटर्न -5.5% रहा।

# अगले दो दशकों में बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने की जरूरत

संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार वृद्धि दर में गति को बरकरार रखने के लिए भारत में बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश को अगले दो दशकों में लगातार बढ़ाने की जरूरत है। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में आम चुनावों के दौरान नई स्वीकृतियों और व्यय पर बाधाओं व कई क्षेत्रों में भारी मानसून के कारण बुनियादी ढांचे पर खर्च की गति प्रभावित हुई। हालांकि, पिछले वर्ष जुलाई और नवंबर के बीच पूंजीगत व्यय की गति बढ़ गई। सदन में पेश दस्तावेज में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए केंद्र का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 20 के पूंजीगत व्यय का लगभग 3.3 गुना निर्धारित किया गया है।

सर्वेक्षण के अनुसार आपदा-रोधी शहरीकरण, सार्वजनिक परिवहन, विरासत स्थलों, स्मारकों और पर्यटन स्थलों का संरक्षण और रखरखाव की रूरत है। रिपोर्ट में कनेक्टिविटी सहित ग्रामीण सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर अधिक ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया गया है। सर्वेक्षण में कहा गया है, ÷हमारी शुद्ध शून्य प्रतिबद्धताओं के कारण नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता सृजन पर अतिरिक्त जोर दिया जा रहा है।÷ आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार सरकार के विभिन्न स्तरों पर बजट संबंधी बाध्यताएं हैं। कार्यक्रम और परियोजना नियोजन, वित्तपोषण, निर्माण, रखरखाव, मुद्रीकरण और प्रभाव आकलन जैसे कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में निजी भागीदारी में तेजी लाने की जरूरत है। सर्वेक्षण में कहा गया है, ÷हमारा बुनियादी ढांचा कार्यक्रम विभिन्न प्रकार के पीपीपी मॉडल का समर्थन करता है।

# PMAY-शहरी के तहत 1.18 करोड़ घरों को दी गई मंजूरी

**नई दिल्ली।** आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में पीएम आवास योजना शहरी को लेकर जानकारी साझा की गई है। जिसके तहत 25 नवंबर, 2024 तक कुल 1.18 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1.14 करोड़ घरों की नींव रखी जा चुकी है और 89 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में शुक्रवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) के लाभार्थियों को कुल 1.18 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए 2015 में पीएमएवाई-यू की शुरुआत की थी। सितंबर 2024 में, अतिरिक्त एक करोड़ परिवारों की सहायता के लिए पीएमएवाई-यू 2.0 की शुरुआत की गई।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट-पूर्व दस्तावेज में कहा गया है, 25 नवंबर, 2024 तक कुल 1.18 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 1.14 करोड़ घरों की नींव रखी जा चुकी है और 89 लाख से



अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। वर्तमान में, 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पीएमएवाई-यू 2.0 को लागू करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें वित्त वर्ष 2025 में 6 लाख घरों के लिए मंजूरी दी गई है। वहीं शहरी बुनियादी ढांचे पर विवरण साझा करते हुए, दस्तावेज ने आगे कहा कि भारत भर के 29 शहरों में मेट्रो रेल और रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम चालू हैं या निर्माणाधीन हैं, जिनमें से 23 शहरों में वर्तमान में 1,010 किलोमीटर चालू हैं और अतिरिक्त 980 किलोमीटर का काम चल रहा है। 5 जनवरी, 2025 तक, वित्त वर्ष 25 में 62.7 किलोमीटर चालू हो गए थे, और दैनिक सवारियों की संख्या 10.2 मिलियन तक पहुंच गई थी। इन प्रणालियों ने उत्सर्जन, समय, वाहन परिचालन लागत, दुर्घटनाओं और बुनियादी ढांचे के रखरखाव में काफी बचत की है। 500 शहरों में शहरी जल प्रबंधन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2015 में कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) योजना शुरू की गई थी। जिसकी वजह से, नल के पानी का कवरेज 70 प्रतिशत तक बढ़ गया है, और सीवरेज कवरेज 62 प्रतिशत तक बढ़ गया है। मिशन ने प्रतिदिन 4,649 मिलियन लीटर की जल उपचार क्षमता बनाई या बढ़ाई है और 2,439 पार्क विकसित किए हैं, जिससे 5,070 एकड़ हरित क्षेत्र जुड़ गया है। 2021 में, सभी वैधानिक कस्बों और शहरों तक कवरेज का विस्तार करने के लिए अमृत 2.0 की शुरुआत की गई, जिसमें वित्त वर्ष 22 से वित्त वर्ष 26 तक 2.77 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया। इस चरण में अब तक 1.89 लाख करोड़ रुपये की 8,923 परियोजनाएं शुरू की गई हैं। अमृत 2.0 में स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है और नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया गया है।

# वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8% के बीच रह सकती है वृद्धि दर, आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा और राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, विकास के उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखते हुए, वित्त वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण एक वार्षिक दस्तावेज है जिसे सरकार द्वारा केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

यह दस्तावेज अर्थव्यवस्था की अल्पावधि से मध्यम अवधि की संभावनाओं को सामने लाता है। आर्थिक सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की ओर से तैयार किया जाता है। पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया था, जब यह बजट दस्तावेजों का हिस्सा हुआ करता था।

1960 के दशक में इसे केन्द्रीय बजट से अलग कर दिया गया और बजट प्रस्तुत होने से एक दिन पहले इसे पेश किया गया। वित्त मंत्री शनिवार को वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

**आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अहम बिंदु**

भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

मजबूत बाह्य खाता और स्थिर निजी खपत के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत

ऊंचे सार्वजनिक व्यय और बेहतर होती कारोबारी उम्मीदों से निवेश गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद

# सैमसंग गैलेक्सी S25 सीरीज़,अत्यधिक मजबूत कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर 2 के साथ प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध

**गुड़गांव।** सैमसंग ने अपनी बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी S25 सीरीज़, जिसमें गैलेक्सी S25 अल्ट्रा, गैलेक्सी S25+ और गैलेक्सी S25 स्मार्टफोन शामिल हैं, भारत में लॉन्च कर दी है। इस नई सीरीज़ में यूजर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला आर्मर 2 ग्लास का इस्तेमाल किया गया है, जो इंडस्ट्री का पहला एंटी-रिफ्लेक्टिव ग्लास सिरैमिक है। यह विशेष ग्लास स्मार्टफोन की स्क्रीन को खरोंच से बचाता है और डिस्प्ले की स्पष्टता को बेहतर बनाता है। गैलेक्सी S25 सीरीज़ अब भारत में प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध है, जिसमें गैलेक्सी S25 की कीमत 80,999 रुपये, गैलेक्सी S25+ की कीमत 99,999 रुपये और गैलेक्सी S25 अल्ट्रा की कीमत 1,29,999 रुपये से शुरू होती है। गोरिल्ला आर्मर 2 ग्लास टेक्नोलॉजी एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्मार्टफोन डिस्प्ले को मजबूती और स्पष्टता दोनों प्रदान करता है। यह ग्लास 2.2 मीटर तक की ऊंचाई से गिरने पर भी टूटता नहीं है और यह बेहतर सुरक्षा के साथ कम रिफ्लेक्शंस के साथ एक प्रीमियम डिस्प्ले अनुभव प्रदान करता है। पहली पीढ़ी के गोरिल्ला आर्मर की तुलना में, गोरिल्ला आर्मर 2 अधिक ड्यूरेबल है और यह रोजमर्रा की कठिन स्थितियों में भी स्मार्टफोन को सुरक्षित रखता है, खासकर जब वह खुरदरी सतहों से टकराता है।

गैलेक्सी S25 सीरीज़ न केवल अपनी मजबूत संरचना के लिए जानी जाती है, बल्कि इसमें वन यूआई 7 द्वारा संचालित एआई-फीचर्स भी हैं, जिन्हें नए स्नैपड्रैगन 8 एलीट मोबाइल प्लेटफॉर्म से और भी बेहतर बनाया गया है। ये अपग्रेड एक सहज और पर्सनलाइज्ड मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं, जिसमें प्रोविजुअल इंजन के साथ उन्नत कैमरा तकनीक और शानदार परफॉर्मेंस के लिए बेहतरीन प्रोसेसिंग पावर है।

गैलेक्सी S25 अल्ट्रा में 50MP का अल्ट्रावाइड कैमरा सेंसर दिया गया है, जो हर परिस्थिति में, यहां तक कि कम रोशनी में भी शानदार स्पष्टता प्रदान करता है। इसके अलावा, 10-बिट एचडीआर रिकॉर्डिंग, ऑडियो इरेज़र (जो अवांछित शोर को हटाता है) और प्रो-लेवल वीडियो एडिटिंग के लिए गैलेक्सी लॉग जैसे फीचर्स इसे कंटेंट क्रिएटर्स के लिए एक आदर्श डिवाइस बनाते हैं।

गैलेक्सी S25 अल्ट्रा को डिज़ाइन करते समय उसकी मजबूती और दीर्घकालिक उपयोग को ध्यान में रखा गया है। इसमें प्रीमियम टाइटेनियम फ्रेम है, जबकि S25 और S25+ में रिसाइकल्ड आर्मर एल्यूमीनियम का उपयोग किया गया है। इसके अलावा, गैलेक्सी S25 सीरीज़ सात पीढ़ियों तक ऑपरेटिंग सिस्टम अपग्रेड्स और सात साल तक सुरक्षा अपडेट्स देती है, जिससे यह डिवाइस लंबे समय तक बेहतरीन प्रदर्शन करता रहता है।

# ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को चेताया, कहा-डॉलर का साथ छोड़ा तो लगेगा 100 फीसदी टैरिफ

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ब्रिक्स देशों को अमेरिकी डॉलर की बजाय दूसरी मुद्रा अपनाने पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर ब्रिक्स देश दूसरी मुद्रा अपनाएंगे तो अमेरिका उनका साथ छोड़ देगा।

ट्रंप ने लिखा कि यह विचार है कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। हमें इन शत्रुतापूर्ण देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100त्न टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। उन्हें शानदार अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नई मुद्रा को बेचने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वे किसी अन्य बेवकूफ देश की तलाश कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर की जगह ले लेगा। जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा, उसे टैरिफ को नमस्ते कहना चाहिए और अमेरिका को अलविदा कहना चाहिए।

ट्रंप ब्रिक्स देशों को पहले भी चेतावनी दे चुके हैं। पिछले सप्ताह ओवल ऑफिस में अपने हस्ताक्षर समारोह के दौरान मीडिया से बात करते हुए, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश ऐसा करना चाहते हैं, तो ठीक है, लेकिन हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके व्यापार पर कम से कम 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। यह कोई धमकी भी नहीं है।

# यामाहा ने बढ़ती मांग के चलते R3 और MT- 03 की कीमतें घटाईं, R3 की 10वीं सालगिरह का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए और प्रीमियम मोटरसाइकिलों की बढ़ती मांग को देखते हुए अपने दो प्रमुख मॉडल–यामाहा R3 और MT-03–की कीमतों में 1 फरवरी 2025 से 1.10 लाख रुपये तक की कटौती करने की घोषणा की है। बेहतरीन प्रदर्शन और यामाहा के सिग्नेचर रेसिंग डीएनए के लिए पहचाने जाने वाले ये बाइक अब और भी किफायती हो गई हैं। इस साल यामाहा, वैश्विक स्तर पर R3 की 10वीं वर्षगांठ मना रहा है, और ऐसे में कीमतों में यह कटौती ब्रांड की ग्राहकों और प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अब यामाहा R3 की नई कीमत 3,59,900 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है, जो आइकॉन ब्लू और यामाहा ब्लैक रंगों में उपलब्ध होगी। वहीं, दमदार डिजाइन और शानदार स्ट्रीट परफॉर्मेंस के लिए मशहूर MT-03 अब 3,49,900 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की कीमत पर मिलेगी और इसे मिडनाइट स्यान और मिडनाइट ब्लैक कलर ऑप्शन में खरीदा जा सकेगा।

पिछले दस वर्षों में, यामाहा R3 ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस, शानदार डिज़ाइन और ट्रैक-केंद्रित क्षमताओं के कारण दुनिया भर के बाइक प्रेमियों के बीच एक खास जगह बनाई है। इसका हल्का डायमंड फ्रेम, यामाहा के मशहूर YZR-M1 से प्रेरित एयरोडायनामिक डिज़ाइन और 321cc का दमदार इंजन राइडिंग को रोमांचक बना देता है। 50:50 वेट डिस्ट्रीब्यूशन, स्पोर्टी राइडिंग पोजीशन और एडवांस ब्रेकिंग सिस्टम इसे उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प बनाते हैं, जो ट्रैक और सड़क दोनों पर शानदार अनुभव चाहते हैं।

यामाहा MT-03, एक हाइपर-नेकेड स्ट्रीटफाइटर बाइक है, जो अपनी आक्रामक स्टाइल और टॉर्क-केंद्रित प्रदर्शन के लिए जानी जाती है। इसे खासतौर पर फुर्तीले और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है। इसकी अपराइड राइडिंग पोजीशन, ट्विन-आई एलईडी हेडलाइट्स और दमदार बॉडीवर्क इसे और भी आकर्षक बनाते हैं। MT-03 में भी R3 के समान 321cc इंजन दिया गया है, जो तेज़ रफ्तार और सुचारू प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। इसका कॉम्पैक्ट डिज़ाइन और मोनो-क्रॉस रियर सस्पेंशन शहर के ट्रैफिक में बेहतरीन नियंत्रण और संतुलन प्रदान करता है।

कीमतों में इस कटौती के साथ, यामाहा ने यह साबित कर दिया है कि वह किफायती प्रीमियम मोटरसाइकिल देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो परफॉर्मेंस, डिज़ाइन और तकनीक के मामले में बेहतरीन हैं। इस रणनीतिक कदम से भारत में प्रीमियम बाइक सेगमेंट में यामाहा की स्थिति और मजबूत होगी और यह बाइक प्रेमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनकर उभरेगी।

# कैच मसालों में दिखेगा अक्षय-राजपाल का जबरदस्त तड़का!



कैच स्पाइसेज़, जो धरमपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) में बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार और राजपाल यादव नजर आएंगे। यह नया कैंपेन ब्रांड के संदेश ÷क्योंकि खाना सिर्फ खाना नहीं होता÷ को और मजबूत बनाने के लिए तैयार किया गया है। इसमें हल्के-फुल्के और दिलचस्प किस्सों के जरिए खाने से जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से दर्शाया गया है। डीएस ग्रुप के स्पाइसेज़ डिवीजन के बिजनेस हेड, संदीप घोष ने कहा, अक्षय कुमार और राजपाल यादव के साथ कैच के नए टेलीविजन विज्ञापनों को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। ये कैंपेन हमारे उपभोक्ताओं से जुड़ने का एक अनूठा तरीका हैं, जो दिखाते हैं कि कैच मसाले रोजमर्रा के खाने को खास बनाने के साथ-साथ यादगार लम्हों को जोड़ने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इन कहानियों का मजेदार अंदाज ब्रांड के संदेश को ज्यादा प्रभावी तरीके से उपभोक्ताओं तक पहुंचाएगा और उनकी दिलचस्पी को बढ़ाएगा। हाल ही में, कैच स्पाइसेज़ ने 1000 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया है। पिछले दो वर्षों में कंपनी ने 24 प्रतिशत की शानदार वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है, जिससे यह अपने भविष्य को लेकर काफी आशान्वित है।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने प्रोजेक्ट रिवाइव के तहत अपना चौथा पायलट प्रोजेक्ट किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एप्सिलॉन ग्रुप की इकाई एलआईसीओ मटेरियल्स के सहयोग से प्रोजेक्ट रिवाइव के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का अनावरण किया। इस उन्नत बीईएसएस में पुनः उपयोग की गई एमजी जेडएस ईवी बैटरियों का समावेश किया गया है जो सर्कुलर ईवी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नवाचार अपनाने की कार निर्माता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक समाधानों की तुलना में इस उत्पाद की आयु चार गुना अधिक है और यह परिचालन लागत को 60प्रतिशत तक कम कर सकता है।

इस अवसर पर जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की हेड ईवी एंड इनोवेशन इकोसिस्टम, नेहा जैन ने कहा प्रोजेक्ट रिवाइव हमारे लिए एक महत्वपूर्ण पहल है क्योंकि यह हमारी ईवी बैटरियों को दूसरा जीवन देकर ईवी इकोसिस्टम को अधिक टिकाऊ




बनाने में मदद करता है सार्थक साझेदारियों के माध्यम से हम विविध अनुप्रयोगों के लिए स्थायी ऊर्जा भंडारण समाधानों की एक श्रृंखला बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एलआईसीओ मटेरियल्स के साथ हमारी साझेदारी उन्नत तकनीक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को मिलाकर अद्वितीय समाधान विकसित करने की हमारी इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुझे पूरा विश्वास है कि 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत अनूठी पहलों की सफल तैनाती ईवी इकोसिस्टम में परिपत्रता लाने में मदद करेगी और एक हरित व अधिक टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

विक्रम हांडा, प्रबंध निदेशक, एप्सिलॉन कार्बन, ने टिप्पणी की एप्सिलॉन ग्रुप में, हम नवाचार को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जिससे एक अधिक टिकाऊ भविष्य बनाया जा सके। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के साथ प्रोजेक्ट रिवाइव पर इस सहयोग और एलआईसीओ के लीग्रिड सिस्टम के माध्यम से, हम यह पुनर्परिभाषित कर रहे हैं कि ऊर्जा को कैसे संग्रहीत और उपयोग किया जाता है। यह केवल तकनीक के बारे में नहीं है यह उस तरीके पर स्थायी प्रभाव डालने के बारे में है जिससे हम अपनी दुनिया को शक्ति प्रदान करते हैं। इसमें जोड़ते हुए, गौरव डोलवानी, फाउंडर और सीईओ, एलआईसीओ मटेरियल्स ने कहा एलआईसीओ में, हम ऊर्जा क्षेत्र में एक हरित, परिपत्र अर्थव्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध हैं। हमारी लीग्रिड श्रृंखला इस दृष्टिकोण को व्यक्त करती है, जो जीवन समाप्ति वाली बैटरियों को दूसरा जीवन देती है, कचरे को कम करती है और स्थायी ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देती है। ऊर्जा भंडारण में एक नई युग की शुरुआत करके, हम केवल उन्नत बीईएसएस तकनीक विकसित नहीं कर रहे हैं, बल्कि स्थिरता और ग्रिड लचीलापन की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को भी संबोधित कर रहे हैं।

# शेयर बाजार में लौटी हरियाली; सेंसेक्स 741 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,500 के पार




**नई दिल्ली।** लगातार चौथे दिन तेजी के साथ, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 740.76 अंक बढ़कर 77,500.57 पर बंद हुआ। वहीं, दिन के दौरान यह 846.15 अंक उछलकर 77,605.96 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 258.90 अंक बढ़कर 23,508.40 पर पहुंच गया। आज संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि मजबूत बुनियादी सिद्धांतों, स्थिर निजी खपत के दम पर भारत को 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है।

इससे पहले, सुबह घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला था। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 188.11 अंक बढ़कर 76,947.92 अंक पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 68.6 अंक चढ़कर 23,318.10 अंक पर पहुंचा। शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे गिरकर 86.64 डॉलर पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) गुरुवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 4,582.95 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# एसडीएम के अमर्यादित व्यवहार पर भड़के अधिवक्ता, किया प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**


तमकुहीराज तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** राजस्व न्यायालय तमकुहीराज के अधिवक्ताओं ने एसडीएम तमकुहीराज पर अमर्यादित आचरण एवं दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी सहित तमाम उच्च अधिकारियों को पत्रक भेजकर एसडीएम के कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए उनके स्थानांतरण की मांग कर चेतावनी दिया कि उनकी मांग पूरी नहीं होने तक न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन जारी रखेंगे। अधिवक्ताओं के धरना आंदोलन के कारण तहसील परिसर में घंटो गहमा गहमी का माहौल रहा। शुक्रवार को बार संघ तमकुहीराज की बैठक राजस्व न्यायालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने नवागत एसडीएम ऋषभ देवराज पुंडीर पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं एवं वादकारियों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया। बैठक को संबोधित करते हुए बार संघ अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल ने अधिवक्ताओं को बताया कि नवागत एसडीएम तमकुहीराज ने संघ के सदस्य एवं अधिवक्ता उमेश वर्मा से अमर्यादित आचरण करते हुए गलत व्यवहार किया है। जिसके बाद अधिवक्ता आक्रोशित हो गए। अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष पहुंच धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन के कारण तहसील परिसर में घंटो गहमा गहमी का माहौल बना रहा। धरना आंदोलन के दौरान निवर्तमान

**एसडीएम के स्थानांतरण की मांग कर न्यायिक कार्य से रहे विरत**

अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने कहा कि नवागत एसडीएम की कार्यप्रणाली से तहसील क्षेत्र की जनता के साथ ही वादकारी एवं अधिवक्ता सभी लोग त्रस्त है। धरना आंदोलन के बाद बार संघ के पदाधिकारियों ने जिले के अन्य अधिवक्ता संघों को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए सहयोग की अपील किया। उसके बाद अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी सहित तमाम उच्चाधिकारियों को पत्रक भेजकर एसडीएम के आचरण एवं भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए चेतावनी दिया है कि एसडीएम के स्थानांतरण होने तक वह न्यायिक कार्य से विरत रहकर धरना आंदोलन जारी रखेंगे।

## महाकुंभ में दम तोड़ चुका है सड़क सुरक्षा अभियान

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सुरक्षित आवागमन पूरी तरह बेमानी साबित हो रहा है। महाकुंभ -2025में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के कारण सरकार की सारी व्यवस्थाएं फेल हो गई है। जनवरी महीने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की सरकार की जिला प्रशासन और सरकार की पूरी कार्ययोजना बेकार साबित हो रही है। सड़क दुर्घटनाएं रोज हो रही हैं। नेशनल हाईवे पर त्रिशुंडी के पास बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो रोडवेज बस से टकराने के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई थी। गुरुवार को अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर एक बस में अचानक आग लग गई। बुधवार को अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई थी,आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। लखनऊ सुल्तानपुर नेशनल हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे पर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सुरक्षित यातायात के लिए तैयार की गई कार्ययोजना फाइलों में कैद है।

# सावधान : कभी भी ढह सकता है जर्जर पुलिया, जिम्मेदार बेखबर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे से रामकोला की तरफ जाने वाली मार्ग व लक्ष्मीपुर रजवाहा से निकलने वाली माइनर पर वर्षों पहले बनी पुलिया

**मथौली रामकोला मार्ग पर माइनर पर वर्षों पहले बनी पुलिया की हालत जर्जर**

की हालत जर्जर हो गई है। पुलिया के दोनों तरफ से रेलिंग तो ढह ही गया है, निचले हिस्से से भी एक एक ईट गिर रहा है, चूंकि उक्त मार्ग काफी व्यस्तम मार्ग है। लेकिन जिम्मेदारों की इसपर नजर नहीं पड़ रही है। जिससे यह पुलिया कभी भी ढह सकती है और जानमाल का नुकसान हो सकता है।

बता दें कि मथौली रामकोला मार्ग पर कस्बे से कुछ ही दूरी पर वार्ड नंबर 12 लक्ष्मीपुर के तरफ से निकली माइनर पर बनी पुलिया काफी जर्जर हालत में हो गई है। पुल के दोनों तरफ का रेलिंग बहुत पहले ही टूटकर गिर गया है। इसके साथ ही पुलिया के निचले हिस्से में दरार आ गई है और एक एक ईट निकलर माइनर में गिर रहा है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है जिसमें भारी वाहन भी शामिल है। स्थानीय नगर के राकेश उर्फ भोला यादव, यशवंत सिंह, आनंद जायसवाल, मोनू शर्मा, हेमंत यादव, अलकचंद, रामसागर सिंह, मनोज जायसवाल, वीरेंद्र गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने विभाग से अविलंब उक्त पुलिया को नए सिरे से निर्माण कराने की मांग किया है। इस संबंध में सहायक अभियंता नहर विभाग आदित्य यादव ने बताया कि क्षेत्र में जो भी जर्जर पुलिया है उसका परियोजना तैयार किया जा रहा है। जल्द ही मरम्मत व निर्माण कार्य कराया जाएगा।


मथौली रामकोला मार्ग पर माइनर पर बनी पुलिया की हालत

# दबंगों ने बुजुर्ग की उजाड़ दी गरीब की झोपड़ी, 8 पर मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**

**रामकोला थाना क्षेत्र के खोठही बुजुर्ग गांव का मामला**

**रामकोला, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बुजुर्ग व्यक्ति का कुछ दबंग लोगों द्वारा झोपड़ी उजाड़ने व उसमें रखा सामान तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बुजुर्ग ने रामकोला थाने में नामजद तहरीर देकर आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। उधर झोपडी उजाड़ने व तोड़फोड़ का वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रहा है।

रामकोला थाना क्षेत्र के खोठही धर्मपुर गांव के रहने वाले लाल बचन पुत्र मुनेशर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया हैं कि प्रार्थी अपनी पुस्तैनी जमीन पर झोपड़ी डाल कर रहता हैं और अपना जीवन यापन यहीं करता हैं। प्रार्थी ने अपने तहरीर में अपने ही गांव के कुछ दबंग लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुवे बताया हैं कि बीते 29 जनवरी 2025 को लगभग 7 बजे के श्री किशुन व भगवंत पुत्रगण रामलाल, जनार्दन पुत्र बृजलाल, प्रदुम्न पुत्र राधेश्याम तथा उनके घर की महिलाओं द्वारा हाथ में लाठी डंडा लेकर उनको भद्दी भद्दी गालीयां दिया गया और झोपड़ी को उजाड़ दिया गए तथा झोपड़ी में रखा हुआ सामान को भी तोड़ दिया गया हैं। पीड़ित ने बताया हैं कि मना करने पर दबंगों ने उनको तथा उनके बेटे सुबोध को जॉन से मारने की धमकी भी दिया हैं, दबंगों द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति की झोपडी उजाड़ने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वही दूसरी तरफ रामकोला थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस के तहत गंभीर धाराओं में 8 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई हैं।

## मृतक पुलिसकर्मी की पत्नी को एसपी ने सौंपा 20 लाख का चेक

**रायबरेली।** एसपी डॉ.यशवीर सिंह ने मृतक पुलिस कर्मी (अनुचर) स्व.बुद्दि लाल की आश्रिता धर्मपत्नी राजवती देवी को बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा प्रदत्त 20 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। यह धनराशि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पुलिस सैलरी पैकेज खाते के अनुबंध के तहत सेवारत पुलिसकर्मियों की सेवा के दौरान मृत्यु पर दी गयी है। मृतक बुद्दि लाल की नियुक्ति पुलिस लाइन रायबरेली मे थी जिनकी आसमयिक मृत्यु 26 नवंबर 2024 को हो गयी थी।

एसपी डॉ.यशवीर सिंह, शैलेंद्र सिंह रिजनल मेनेजर बैंक ऑफ़ बड़ौदा रायबरेली एवं ओंकार सिंह मुख्य प्रबन्धक ने मृतक बुद्दि लाल की धर्मपत्नी राजवती देवी को 20 लाख का चेक प्रदान कर आसमयिक दुखद मृत्यु पर सांत्वना दी गयी।

# सीके नायडू ट्रॉफी में कुशीनगर के जयदीप सिंह का चयन

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** शहीद अमित त्रिपाठी नगर नौका टोला निवासी राधेश्याम सिंह के पुत्र जयदीप सिंह का चयन उत्तर प्रदेश सीके नायडू ट्रॉफी 15 सदस्य टीम में हुआ है।

जयदीप कुशीनगर जिले के दूसरे खिलाड़ी है जो सीके नायडू में चयन हुआ है। इनके चयन पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। जयदीन ने बताया कि उत्तर प्रदेश का मैच आज शनिवार को नागालैंड से दीमापुर के बीच खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश के टीम में चयन



होने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।

उत्तर प्रदेश की टीम में आने के बाद जिले का नाम रोशन किया है। जयदीप के इस सफलता पर माता-पिता और

**कुशीनगर जिले से सी के नायडू खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने जयदीप सिंह**

पूरे परिवार का बहुत ज्यादा सहयोग रहा है। साथ ही कुशीनगर क्रिकेट अकादमी के कोच मोहम्मद अजहरूद्दीन का भी अहम भूमिका रही है। सफलता के इस सीढ़ी तक पहुंचाने के लिए इन्होंने बहुत कड़ी मेहनत की है। जयदीप ने बताया कि सफलता का मूलमंत्र मेहनत और परिश्रम है। जो भी परिश्रम करेगा सफलता शिखर चूमेगी।

## कुंभ भगदड़ में पकड़ी मदरहां की 55 वर्षीय महिला की मौत

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पकड़ी मदरहां निवासी जयराम शर्मा की 55 वर्षीय पत्नी ऊषा देवी की प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के दौरान मौत हो गई है। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि जयराम कुबेर स्थान थाना क्षेत्र के कोहरवालिया में जमीन खरीद कर मकान बनाए है, वहीं परिवार सहित निवास करते है। जयराम इस समय बाहर कमाने गए है। इनकी पत्नी ऊषा देवी महाकुंभ में स्थानीय लोगों के साथ स्नान करने गई थी जहां उसकी भगदड़ में मौत हो गई है। महिला के साथ घर का कोई सदस्य नहीं गया था। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली चौकी इंचार्ज विक्रम अजीज राय ने बताया कि शव कुबेर स्थान थाना पर आया हुआ है परंतु मूल गांव पकड़ी मदरहां में दाहसंस्कार करने की बात पट्टीदार कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक दाह संस्कार नहीं हुआ था।



## सांसद केएल शर्मा ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित रामगंज रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सांसद ने रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण के साथ रेलवे लाइन के दोहरीकरण और सरयू एक्सप्रेस सहित सभी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। पुराने रामगंज रेलवे स्टेशन के नजदीक सी आर पी एफ ग्रुप सेंटर त्रिशुंडी कोका कोला कंपनी का प्लांट, इंडेन गैस का प्लांट और बहुत पुरानी प्रतिष्ठित रामगंज बाजार है। रेलवे स्टेशन रामगंज पर केवल पैसेंजर ट्रेन ही रुकती है। एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं है।



# लापता युवक का नहीं लगा सुराग, 7 फरवरी को है शादी

**अवधनामा ब्यूरो**

**एसओजी और पुलिस की चार टीमें लगी ढूंढने में नहीं लगा सुराग**

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया से लापता युवक का अब तक पता नहीं चल सका है। युवक के शादी सिर्फ आठ दिन बचे हैं। उसे ढूंढ़ने के लिए एसओजी के अलावा पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है। एक युवती समेत निजी स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों से भी पुलिस पूछताछ कर चुकी है। रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बांगर टोला निवासी राजेश श्रीवास्तव के बेटे 30 वर्षीय अनुराग श्रीवास्तव 19 जनवरी की शाम को करीब पांच बजे अपनी शादी का कार्ड देने के लिए घर से बाइक लेकर नौरंगिया के लिए निकला था। इसकी बाइक नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बड़ी नहर बहुपरना गांव के सामने मिली, जबकि युवक की शादी 7 फरवरी को होने वाली है। उसके भाई अभिलाष श्रीवास्तव ने नेबुआ नौरंगिया थाने में सूचना देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। मगर अब तक युवक का पता नहीं चला है। परिजन एसपी से मिलकर घटना की जानकारी दी। एसपी ने नेबुआ नौरंगिया और रामकोला थाना के अलावा एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया है जो युवक की तलाश कर रही हैं। उधर परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे है।

## खेत में पानी लगाने को लेकर तीन ने एक व्यक्ति को पीटा

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। बातों बातों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के तीन लोगों ने दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें आईं हैं। मामले में चोटिल की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू के रहने वाले देश राज पुत्र गुरु प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि खेत में पानी लगाने को लेकर मामूली बात पर गांव के ही शिव बहादुर पुत्र माता बदल, सुजीत कुमार, पुत्र शिव बहादुर,बिदेंश, पुत्र शिव कुमार द्वारा उसे लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा गया जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया था।

# मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निरीक्षण में पीली ईंटों से बनता मिला तालाब

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** डब्ल्यू डी सी-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना -2के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हीरालाल ने शुक्रवार को जिले में कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के बाद उन्होंने संभावा में भूमि संरक्षण विभाग की ओर से कराए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

संभावा में 26 लाख रु से निर्माणाधीन तालाब के काम गड़बड़ मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। तीन फरवरी को पूरी फाइल के साथ अधिकारियों को लखनऊ तलब किया है।

स्टेट नोडल एजेंसी वाटरशेड डेवलपमेंट कमेटी (डब्ल्यूडीसी) ङ्कप्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. हीरा लाल ने शुक्रवार को गौरीगंज के नेवादा में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक और गुड्डन पुर में स्थलीय निरीक्षण किया। विभाग की जिम्मेदारी संभालने के एक महीने के भीतर तीसरे जिले के दौरे पर पहुंचे डॉ. हीरा लाल ने सख्त चेतावनी दी कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. हीरा लाल ने गौरीगंज के गुड्डनपुर (संभावा) में करीब 26 लाख की लागत से बनाए गए तालाब का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मानक का सही-सही पालन न करने पर फटकार लगायी। उन्होंने निर्देश दिया कि हर कार्य की एक चेक लिस्ट होनी चाहिए ताकि मानक का सही-सही पालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने तालाब निर्माण की गुणवत्ता को भी परखा और जरूरी निर्देश भी दिए। उन्होंने तालाब निर्माण की पूरी फ़ाइल के साथ अधिकारियों को तीन फरवरी को लखनऊ में होने वाली बैठक में तलब किया है। उन्होंने तालाब के किनारे बाउंड्री पर वृक्षारोपण करने और तालाब में पानी के आवागमन की व्यवस्था सुचारू बनाने के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि वह विभाग की गाइडलाइन व विभागीय परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का भलीभांति अध्ययन करें और अपने दायित्वों को समझें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को पहुंचाकर उनमें खुशहाली लाएं। इसके साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर भी ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को इतना व्यावहारिक ज्ञान होता है कि वह हवा का रुख देखकर मौसम का मिजाज बता सकते हैं। इसलिए ग्रामीणों की



**गुड्डनपुर में कार्यों के स्थलीय निरीक्षण के बाद नेवादा में बैठक कर नोडल अधिकारी डॉ हीरालाल ने की भूमि संरक्षण और कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा**

**समूह की महिलाओं से मुलाकात की, किसान उत्पादन संगठन के बारे में दी जानकारी**

इज्जत करना सीखें और उनसे मिलकर परियोजना के बारे में चर्चा करें और उनकी सलाह व सुझाव को भी अहमियत दें। संभावा की ग्राम प्रधान ज्ञानमती देवी ने डॉ. हीरा लाल से मिलकर गाँव की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से मिलने और कृषि विभाग के अधिकारियों को उनकी मदद करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप निदेशक कृषि सतेन्द्र कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (कृषि) संदीप कुमार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त नेवादा में विभागीय समीक्षा बैठक करते हुए डॉ. हीरा लाल ने अभी तक के कार्यों और आय-व्यय की समीक्षा की।

## बंदियों के विधिक अधिकारों का ना हो हनन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार में सम्बद्ध पराविधिक स्वंयसेवक श्री तेज प्रताप यादव तथा कारागार के पराविधिक स्वंय सेवको को कारागार लीगल क्लीनिक के प्रपत्रों को व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित व कारागार में लघु अपराधों में निरुद्ध बन्दियों तथा वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों को विधिक सहायता देने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव के द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों की समस्याओं जैसे निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने, जमानतदार उपलब्ध कराने, नियमित रूप से बंदियों के लिए दवा उपलब्ध कराने, के बारें में सुना गया।

## एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय के निर्देशन एवं समन्वय में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, देवरिया एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, लाइवलीहुड बिजनेस इन्क्यूबेटर, निकट फल मंडी चौराहा, सोंदा, देवरिया में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 352 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 06 कंपनियों द्वारा 156 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन अपराह्न 02 बजे तक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव जे.पी. जायसवाल एवं उद्यमी विजय कुशवाहा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# दानपेटी लूटने व पुजारी पर जानलेवा हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**


पुलिस गिरफ्त में तीनों अभियुक्त

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र में दानपेटी लूटने व पुजारी पर जानलेवा हमला करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह अभियुक्त बगल के एक ईट भट्ठे पर काम करने वाले हाथरस जिले के मजदूर हैं। पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए तीनों को जेल भेज दिया।

28 जनवरी 2025 की रात हाटा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सुकरौली वार्ड नंबर 12 स्थित अकटहां घाट पर जमकातर माता मन्दिर के पुजारी बालकदास त्यागी के साथ कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर उनको घायल कर दिया गया था। मामले का संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल मुकदमा दर्ज कराकर खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दिया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को हाटा पुलिस टीम द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना क्षेत्र से घटना में सम्मिलित तीन अभियुक्तों रिंकू कुमार पुत्र मोहन लाल, सोनवीर पुत्र गंगाराम व विपिन खां पुत्र भूरे खां निवासीगण दोहरी जलेसर थाना सहपऊ जनपद हाथरस को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का एक दान पेटी व 5,998 रुपए नगद बरामदगी की गई। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग यही बगल में स्थित किंग मार्का ईट भट्ठे पर काम करते है। हम लोगों ने ही मिलकर ही जमकातर माता मन्दिर के दान पात्र को चोरी कर भागने लगे तभी मन्दिर के पुजारी ने हम लोगो को देख लिया और विरोध करने लगे तब हम लोगो ने अपने पास रखे चाकू से पुजारी के ऊपर हमला कर घायल कर दिया तथा उनके पास रखे रूपये छीन लिए एवं वहां से दानपेटी को लेकर भाग गए थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला, अपराध निरीक्षक गुलाब यादव थाना कोतवाली हाटा सहित पुलिस टीम शामिल रही।

# बैलगाड़ी व घोड़ो की इरगा दौड़ रही आकर्षण का केंद्र

**अवधनामा संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारे की प्राचीन सांस्कृतिक परंम्परा को जीवित रखने का कार्य क्षेत्र के जमुंवावां गांव निवासी समाजसेवी अजय प्रताप सिंह उर्फ बबलू यादव कई वर्षो से करते आ रहे है। जिसमें बैलगाडी दौड, घोडा दौड़, बाईक दौड प्रतियोगिता आदि के कार्यक्रम प्रतिवर्ष 31 जनवरी को आयोजित किया जाता है। जिसमें क्षेत्र एवं दूर दराज से बैलो, घोडो आदि के शौकीन लोग वर्षो से इस प्रतियोगिता का बेसब्री से इंतजार कर अपने बैलो व घोडो की खान पान व देखरेख में कोई कसर नही छोडते है।

गांव की हटिया मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में आज हजारो की संख्या में लोगो ने बैलगाडी दौड़, घोडे की सरपट दौड व इरगा दौड तथा मोटर साईकिल दौड प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। बैलगाडी दौड प्रतियोगिता में रामविलाश



उतरावां प्रथम, सुशील यादव घुरवारा द्वितीय तथा देवी यादव तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में घोडे की इरगा दौड़ में अमर सिंह यादव दूलापुर प्रथम, अंकित यादव पूरे दुर्गिन द्वितीय स्थान पर रहे। घोडे की सरपट दौड प्रतियोगिता में निशी यादव नया पुरवा प्रथम, मंजय यादव पूरे दुर्गिन द्वितीय तथा नितेश बनकट तृतीय स्थान पर रहे। बाईक प्रतियोगिता में रेहान बहाई प्रथम, भूपेंद्र यादव रामपुर द्वितीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व समाजसेवी शिवराम यादव लखनऊ ने विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि बाबा राजा ने भी विजेताओं को पुरूस्कृत किया।

## सात फरवरी से राजभवन प्रांगण में होगा प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अगले महीने राजभवन प्रांगण में सात फरवरी से तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग को किसानों से आनलाइन आवेदन कराए जा रहे हैं। किसानों को अपनी प्रविष्टियां लगवाने के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया गया है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि राजभवन प्रांगण लखनऊ में 07, 08 व 09 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के इच्छुक कृषकों द्वारा उत्पादित होने वाले उत्कृष्ट कोटि के नमूनों को प्रदर्शनी के नियम व दिशा-निर्देशों के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन http://upflowershowlko.com पोर्टल पर शुल्क जमा करने के पश्चात प्रविष्टि कार्ड प्राप्त करने के साथ 06 फरवरी 2025 को प्रातः 10 बजे तक प्रविष्टियां निर्दिष्ट स्थान पर सीधे राजभवन मे या जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय कृषि भवन, ताला को 05 फरवरी 2025 को अपरान्ह 12 बजे तक उपलब्ध कराकर प्रदर्शनी में लगवा सकते हैं।

## बहराइच/सुल्तानपुर/फिरोजाबाद/मैनपुरी

# गौकशी की पुलिस मुठभेड़ में टीम ने तीन पकड़े, कब्जे से तमंचा-कारतूस बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना रसूलपुर पुलिस व थाना रामगढ पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में गोकशी करने वाले 03 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मु.अ.सं. 48/25 धारा 3/5/8 गोवध अधि. के तहत पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों के कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर, 03 खोखा कारतूस, 06 जिंदा कारतूस, 03 धारदार छुरे, 01 रस्सी बरामद की हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गोकशी करने वाले, अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर खास द्वार सूचना मिली की थाना रसूलपुर पर पंजीकृत मु.अ.सं. 48/25 धारा 3/5/8 गोवध अधि. के वांछित अभियुक्तगण आमिर पुत्र छोटे कुरैशी निवासी मोमीन नगर कुरैशी कब्रिस्तान थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद, शमसाद पुत्र अजीम कुरैशी निवासी छपरिया थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद, फहीम कुरैशी पुत्र लल्ला उर्फ नईम निवासी बारहवीघा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद तीनों पटेल कारखाने के पीछे लालपुर मंडी ग्राउंड मे अवैध हथियारों के साथ किसी जानवर को काटने की तैयारी कर रहे है, सूचना पर तत्काल थाना रामगढ़ व थाना रसूलपुर की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची तो अभियुक्त आमिर, शमसाद, फहीम ने पुलिस टीम को अपनी ओर आते देखा तो पुलिस टीम पर फायर कर दिया, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में तीनों अभियुक्त आमिर, शमसाद व फहीम के पैर में गोली लगने से घायल हो गये है घायल अभियुक्तगणों को उपचार हेतु जिला अस्पताल फिरोजाबाद पहुंचा दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उ.नि. अमित आनन्द, उ.नि. विमल कुमार, उ.नि. आयुष राणा, मु.आ. आफ्ताब, आ. रौकी तोमर, आ. अभिषेक थाना रसूलपुर पुलिस एवं प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे, उ.नि. सुरेन्द्र कुमार, उ.नि. राजकुमार, उ.नि. शुभम सागर, मु.आ. योगेश कुमार, प्रभारी सर्विलांस उ.नि. अमित तोमर थाना रामगढ़ टीम सम्मिलित रहे।

## क्राइस्ट द किंग स्कूल का ऑफिस सील स्कूल की छवि हुई धूमिल

**टूंडला।** नगर के क्राइस्ट द किंग इंटर कॉलेज द्वारा गृहकर जमा न करने पर एसडीएम टूंडला के निर्देश पर राजस्व टीम बकाया गृहकर वसूलने कॉलेज पहुंची जहां कॉलेज प्रिंसिपल ने राजस्व टीम की बातों को अनसुना कर दिया और गृहकर जमा नहीं कराया और स्कूल से चले गए जिस पर एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार टूंडला ने राजस्व टीम के साथ कॉलेज पहुंचकर कॉलेज के ऑफिस को सील किया गया। तहसीलदार ने बताया कि स्कूल पर लगभग 2 लाख 81 हजार रुपए का गृहकर बकाया है। जिसे जमा करने को राजस्व टीम द्वारा बार बार अवगत कराया जा रहा था जमा न करने पर राजस्व टीम कॉलेज पहुंची पर प्रिंसिपल ने उनकी बातों को अनसुना कर दिया पुनः राजस्व टीम द्वारा स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल स्कूल से नदारद हो गए जिस पर एसडीएम के निर्देश पर कॉलेज के ऑफिस को सील किया गया है।

# चोरी की घटना में संलिप्त माल सहित दो दबोचे

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को माल सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व मे थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना लाइनपार पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 15/2025 धारा 303(2) बीएनएस व मु.अ.सं.- 330/2024 धारा 305 बीएनएस थाना लाइनपार फिरोजाबाद बनाम अज्ञात चोर का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त भारत पुत्र पातीराम निवासी न्यू प्रीतम नगर थाना दक्षिण, सतेन्द्र उर्फ नीशू पुत्र राजकुमार गुप्ता



निवासी संजय नगर नगला विष्णु थाना लाइनपार को चोरी किये माल व घटना में प्रयुक्त कार के सहित वाजिदपुर अन्डरपास रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक संजुल पाण्डेय, उ.नि. अनुज तिवारी, उ.नि. शिवम कुमार, का. 244 कन्हैया रावत, का. 368 जयदेव सिंह, का. 353 जितेन्द्र थाना लाइनपार फिरोजाबाद।

# जिले की रैंकिंग प्रभावित होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारी: डीएम

- जनसुनवाई पोर्टल एवं सीएम डेश बोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** सीएम डेश बोर्ड एवं जनसुनवाई पोर्टल की समीक्षा हेतु गुरूवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान शिकायत निस्तारण की आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने तथा छात्रवृत्ति की धनराशि के प्रेषण में विलम्ब व पेंशन लाभार्थियों की केवाईसी पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया। इसी प्रकार बैठक से अनुपस्थित होने पर सहायक श्रमायुक्त का अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने तथा आख्या गुणवत्तापूर्ण न होने पर एडीओ पंचायत बलहा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किये जाने का निर्देश दिया। जबकि जल निगम से प्राप्त होने वाली आख्या संतोषजनक न होने तथा मौके की फोटो प्रेषित न किये जाने पर डीएम ने विभागीय अधिकारियों एवं लिपकीय संवर्ग को वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरणों का निस्तारण नवीन शासनादेश के अनुसार करें। स्पेशल क्लोज़ से सम्बन्धित प्रकरणों में पूरी जांच पड़ताल कर शिकायतकर्ता से वार्ता के पश्चात संतोषजनक/संतुष्ट फीड प्राप्त करने के बाद ही स्पेशल क्लोज़ करें। डीएम ने पंचायत राज, आपूर्ति, विद्युत एवं आईसीडीएस विभागों को निर्देश दिया कि आख्या पर विशेष ध्यान दें जिससे जिले की रैंकिंग प्रभावित न हाने पाये। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया कि पेंशन से सम्बन्धित शिकायतों में अधिकारी कर्मचारी मौके पर जाकर जियो टैग फोटो व गवाह का साक्ष्य ज़रूर लगायें।

बैठक के दौरान डीएम ने बताया कि नवीन व्यवस्था के अनुसार एल-1 स्तर के अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से टेलीफोन पर बात करने पर रैंकिंग तय होगी। डीएम ने एल-1 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत शिकायतकर्ता से दूरभाष पर ज़रूर वार्ता करें। इसके लिए 10 नम्बर आवंटित किये जायेगें। एल-3 स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कम से कम 10 शिकायतकर्ता से अवश्य वार्ता करें। डीएम ने कहा कि बार-बार असंतुष्ट फीड बैक देने वाले शिकायतकर्ता को कार्यालय में बुलाकर उनकी समस्या का समाधान करने के पश्चात ही फीड बैक लगायें।

# आवास सर्वेयर में विकास खण्ड अरांव फिसड्डी

- शिकोहाबाद और नारखी आवास सर्वेयर में टॉपर
- जल्द सुधार न आया तो की जायेगी कार्यवाही: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** शासन और प्रशासन का उद्देश्य है हर व्यक्ति को आवास मिले, उसके सर के ऊपर छत हो जिससे उसका परिवार और उसके बच्चे सुरक्षित हो सके, इसलिये सम्पूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वेयर 2024 का कार्य सरकार द्वारा लगातार किया जा रहा है जिससे ऐसे परिवार जो आवास विहीन हो या एक और दो कमरों के घर पर जिनकी दीवार कच्ची हो रह रहें हो उनको आवास मुहिया कराया जा सके।

सरकार लगातार इस बात का प्रयास कर रही है कि कोई भी अपात्र व्यक्ति इस योजना से लाभ प्राप्त न कर सके केवल पात्र व्यक्तियों को ही



लाभ मिले इसलिये सरकार द्वारा जिनके पास मोटर चालक तीन/चार पहिया वाहन है, यन्द्रीकृत तीन/चार पहिया कृषि उपकरण है, 50 हजार या उसके ऊपर का किसान क्रेडिट कार्ड धारक है, वह परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी है, सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषि उद्यम वाला परिवार है, वह परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार प्रति माह कमाता है, आयकर देने वाला परिवार, व्यवसाय कर देने वाला परिवार, वह परिवार जिनके पास ढाई एकड़ या अधिक की सिंचित भूमि है, वह परिवार जिनके पास पॉच एकड़ या उनके अधिक की आसिंचित भूमि है, ऐसे परिवार इस योजना के दायरे में नहीं आयेंगे। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में पी.डी.डी.आर.डी.ए. सुभाष चन्द्र त्रिपाठी द्वारा लगातार इस बात का प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक पात्र लोग इस योजना से लाभान्वित हो इसलिये आवास सर्वेयर का कार्य लगातार किया जा रहा है अब तक जनपद में कुल 3919 आवास सर्वेयर का कार्य हो चुका है इसमे सर्वोच्च प्रर्दशन शिकोहाबाद और नारखी विकास खण्ड का रहा है जबकि अरांव विकास खण्ड का प्रर्दशन सबसे निराशाजनक रहा है। अरांव ग्राम पंचायत सचिव स्तर से इसमें सहयोग नहीं किया जा रहा है जिससे आवास सर्वेयर के उद्देश्य की पूर्ति इस विकास खण्ड में नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी ने कठोर शब्दो में निर्देश दिया है कि यहॉ अगर सुधार न हुआ तो कठोर कार्यवाही की जायेगी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

### दिनांक 03.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02275 | सूबेदार गंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टून्डला जं., एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05178 | झूँसी जं. | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी जं. | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जंक्शन, चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंरिहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05130 | झूँसी जं. | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05162 | झूँसी जं. | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चक्र रोड, कीडिहरापुर, गोबिंदपुर दुगली, बेल्थरा रोड, तुरती पार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07110 | बनारस | 17:30 | नरसापुर | 05:00 | वाराणसी, काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं, डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी, रांची, हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तावलसा जं., पेन्दुर्ति, उत्तर सिम्हाचलम, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिली, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडदवोलु जं., तणुकु एवं भीमवरम जं. स्टेशन |

### दिनांक 04.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टून्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी जं. | 06:30 | भटनी जं. | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चकरा रोड, कीड़िहरापुर, दुगली, गोबिंदपुर, बेलथरा रोड, तुरतीपार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

# ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में एक दिवसीय सीएमई

**वहाज अली निहाल**



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन तथा इण्डियन सोसाइटी आफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के तत्वावधान में क्लिनिकल प्रैक्टिसेज इन ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन पर एक दिवसीय सतत् चिकित्सा शिक्षा (सीएमई)का आयोजन किया गया। इस सीएमई में डा. प्रसून भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, जीएमसी, कोलकाता, डा. अनुपम वर्मा एवं डा. भरत सिंह, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, एसजीपीजीआई, लखनऊ मुख्य वक्ता रहे। इस सतत् चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का उद्घाटन विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. (डा. ) पी. के. जैन ने किया तथा इस अवसर पर प्रतिकुलपति डा. रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार, कुलसचिव डा. चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा. आदित्य शिवहरे, आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा. अरविन्द कुमार सिंह, कोआर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डा. अभय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन डा. श्वेता चैधरी, साइन्टिफिक कमिटी से डा. यतेन्द्र मोहन एवं डा. ज्योतिकला भारती, टेक्निकल आफिसर नीरज सिंह, डा. नवरत्न सिंह, सुनील कुमार स्वामी, राकेश कुमार मीणा, मोहम्मद सलमान सिद्दकी, ब्रजेश कुमार यादव, अनिल कुमार गौतम, भावना गौतम तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर कपिल दूबे तथा विभाग के सीनियर एवं जूनियर रेंजिडेंट के अलावा तकनीकी एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

साइंटिफिक पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन में डा. अनुभव गौतम प्रथम, डा. मनीष रतौरी द्वितीय तथा डा. चित्रा चैहान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग कम्पटीशन में तानिया चैहान प्रथम, मोनिका दिवाकर व रवजीत कौर द्वितीय, तथा जमीर खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा.) पी. के. जैन ने सभी को सम्मनित किया। मुख्य वक्ता डा. प्रसून भट्टाचार्या, विभागाध्यक्ष, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, जीएमसी, कोलकाता ने बताया कि ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक किसी भी चिकित्सा संस्थान की रीढ़ होते हैं तथा यह सप्ताह के सातों दिन चौबीस घंटे मरीजों को सेवा प्रदान करते हैं। इसका लक्ष्य समय पर सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाला रक्त और रक्त उत्पाद उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन चिकित्सा विज्ञान की तेजी से उभरती हुई ब्रांच है। डा. अनुपम वर्मा एवं डा. भरत सिंह, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, एसजीपीजीआई, लखनऊ ने बताया कि ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन चिकित्सा शिक्षा की उभरती ब्रांच है। इसके महत्व को कोविड-19 के समय में बेहतर तरीके से समझा गया। किसी भी आप्रेशन थियेटर में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन का रोल बेहद अहम हो जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डा. ) पी. के. जैन ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा, सुरक्षित रक्त तक समान पहुँच और वैश्विक स्वास्थ्य सेवा मानकों के साथ तालमेल के लक्ष्य को देश के लगभग सभी ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एवं ब्लड बैंक ने पूरा कर रखा है जो देश के लिए बेहद गर्व की बात है। इसके अलावा आने वाले समय में चिकित्सा क्षेत्र के सभी विभागों के सहयोग एवं प्रयास से रक्त केन्द्रों को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा. आदित्य शिवहरे ने बताया कि इस सीएमई का मुख्य उद्देश्य ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में क्लिनिक क्षमता के ज्ञान को बढ़ाना है। इसके साथ ही ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में हो रहे नवीनतम प्रगति की गहरी समझ विकसित करना भी है। सक्रिय भागीदारी के लिए इसमें प्रतिभागियों के लिए पोस्टर प्रजेन्टेशन व प्रश्नोत्तर सेशन भी रखा गया।

## सेवानिवृत्त कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से जनवरी माह के अंत में 8 अधिकारियों व 63 कर्मचारियों सहित कुल 71 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से नियाजुद्दीन अंसारी, सहायक प्रबन्धक (सर्वेक्षण विभाग), पी. अशोक कुमार, वरीय निजी सहायक ग्रेड-ए 1, (सतर्कता विभाग), राजेश कुमार चावड़ा, वरीय निजी सहायक ग्रेड-ए 1, (सामग्री प्रबंधन विभाग), बेनी रजक, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड- सी (पर्यावरण विभाग), भुलन चंद, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सुरक्षा एवं बचाव विभाग), जय राज, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सिविल विभाग) एवं प्रकाश, सहायक पर्यवेक्षक (परिवहन) ग्रेड-सी (सामग्री प्रबंधन विभाग) सेवानिवृत्त हुए। कंपनी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल, सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक एवं मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे।

# डीएम ने आयुष्मान-गोल्डन कार्ड एक्टिवेट करा मौके पर ही लाभार्थी को सौंपा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** प्रतिदिन की तरह आज भी जिलाधिकारी घनश्याम मीना कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुन रहे थे। इसी दौरान सुमेरपुर विकासखंड के स्वासाखुर्द निवासी शिकायतकर्ता लखनलाल जनसुनवाई में आए और उन्होंने बताया कि उनका आधार कार्ड काफी समय से अपडेट नहीं हो रहा है जिससे उनका आयुष्मान कार्ड नही बन पा रहा। उन्हें अपने बच्चे प्रांजल उम्र 11 वर्ष, का इलाज कराना है,जो ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित है।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल प्रकरण का संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित अधिकारियों की टीम लगाकर 1 घंटे के अंदर उक्त शिकायतकर्ता का आधार कार्ड को अपडेट कराया तत्पश्चात मौके पर ही उन्होंने आयुष्मान /गोल्डन कार्ड बनाकर उसे एक्टिवेट कराया। आयुष्मान / गोल्डन कार्ड एक्टिवेट कराकर उन्होंने मौके पर ही तत्काल लाभार्थी को कार्ड सौंपा। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष्मान / गोल्डन कार्ड बन जाने से अब बच्चे के ब्रेन ट्यूमर का आयुष्मान भारत योजना के तहत अच्छे अस्पताल में इलाज हो सकेगा तथा बच्चा स्वस्थ हो सकेगा।

उन्होंने बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की। जनसुनवाई में लगभग 92 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

# हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 का शनिवार को होगा समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधिचुआ परियोजना में कोल इंडिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जा रही है जिसका समापन शनिवार को किया जाएगा। कोल इण्डिया अंतर कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2024-25 में सीआईएल की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीसीएल, ईसीएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतिस्पर्धा में अभी तक 14 मैच खेले जा चुके हैं। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच शुक्रवार को एसईसीएल एवं सीसीएल टीम तथा एनसीएल एवं डबल्यूसीएल टीम के मध्य खेले गए। जिसमें सीसीएल की टीम, एसईसीएल की टीम को हराकर एवं एनसीएल की टीम, डब्ल्यूसीएल टीम को हराकर फ़ाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच शनिवार को एनसीएल एवं सीसीएल के बीच खेला जाएगा। गौरतलब है कि कोल इंडिया व इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों द्वारा कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

## तीन दिवसीय विशेष कैम्प 3 से 5 फरवरी तक

**इटावा।** वरिष्ठ कोषाधिकारी डोगरा शक्ति ने बताया कि कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले जनपद के समस्त स्थानीय पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया जाता कि दिनांक 03.02.2025 से दिनांक 05.02.2025 तक जनपद स्तर पर कोषागार के पेंशनर कक्ष में ÷फैमिली आई0डी0एक परिवार एक पहचान÷के तहत तीन दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित किया गया है, जिसमें कोषागार कर्मचारियों द्वारा फैमिली आई0डी0हेतु पंजीकरण किया जा रहा है। अतःआप सभी से अनुरोध है कि उक्त तिथियों में फैमिली आई0डी0में पंजीकरण करवाने हेतु अपना आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड से लिंक हो, के साथ परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नम्बर के साथ कोषागार के पेंशनर कक्ष में उपस्थिति होने का कष्ट करें। उक्त के साथ ही यह भी अवगत कराना है कि ऐसे पेंशनर जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध है उनकी राशन कार्ड संख्या ही फैमिली आई0डी0होगी।

# क्या आपने अपनी पढ़ाई का टारगेट चुना है

- अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी की एजुकेशनल कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस कल
- इस्लामिया कालेज में दो सेशन में होगा कार्यक्रम



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** अंजुमन-ए-हुसैनियां कमेटी की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में युवा पीढ़ी (छात्र- छात्राओं)को बेहतर कैरियर चुनने के लिये एजुकेशनल कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में रविवार 2 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जा रहा है। उक्त जानकारी अंजुमने हुसैनिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा खां ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इटावा में बच्चों के लिए पहली बार बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाली कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस में दिल्ली यूनिवर्सिटी, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ ही प्रदेश भर से कई प्रोफेसर, एजुकेशनलिस्ट (शिक्षा शास्त्री) इटावा के छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन के लिए आ रहे है। डा.सैयद मो.फजलुल्लाह चिश्ती फाउंडर व डायरेक्टर फला रिसर्च फाउंडेशन दिल्ली, समीर सिद्दीकी एलिफ़ एकेडमी दिल्ली, डा.मो.मोहिबुल हक प्रोफेसर एएमयू अलीगढ़, मो. शारिक अल्वी कानपुर, मो. अजमल अब्बासी दिल्ली, सैयद जैनुल आबेदीन लखनऊ, मो. आसिम दिल्ली अपने अनुभव को छात्र -छात्राओं के बीच साझा करेंगे। एजुकेशनलिस्ट स्टूडेन्ट्स के अच्छे भविष्य की ख़ातिर अपने ज्ञान और इस्लाम की रोशनी में उनके बीच तक़रीर करेंगे ताकि उनके हौसलों में इज़ाफा व अपनी एजूकेशन के मक्सद के लिये बहतरीन रहनुमाई हो सके। इसी प्रोग्राम में कैरियर कांउसिलिंग के तौर तरीकों पर गोरो फिक्र किया जायेगा। शहर के कार्यक्रम में इंटर कालेजों, प्राइवेट विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के ज़िम्मेदारा लोगों, टीचर्स व सभी छात्र- छात्राओं से अपील की है कि 2 फरवरी इतवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक इस्लामिया इण्टर कालेज इटावा में शिरकत करें। प्रोग्राम दो सेशन में होगा पहला सेशन 10 बजे से 2 बजे तक और दूसरा सेशन इसके बाद शाम चार बजे तक रहेगा। प्रेसवार्ता में हाजी वसीम, हाजी दिलशाद, हाजी इलियास राइन, हाजी सकलैन खलील, असरार अहमद टिंकू, मो.शुऐब रूमी, मौजुद्दीन, खुर्शीद अहमद, कासिम फारूकी, साबिर राइन, शकील आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाविपा मुख्य शाखा ने पंजाब प्रांत के स्वयं सेवकों का किया स्वागत



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** भारत विकास परिषद् के क्षेत्रीय संगठन सचिव विक्रान्त खण्डेलवाल के दिशा निर्देशन पर मुख्य शाखा इटावा ने कुम्भ स्नान करने के पश्चात वापस लौटते हुए पंजाब प्रान्त के स्वयं सेवकों का इटावा में स्वागत किया और उन्हें दोपहर का भोजन संजय मिश्रा प्रान्तीय महासचिव पांचाल प्रान्त के सहयोग से प्रदान किया गया। नगर में प्रवेश करने पर मानिकपुर मोड़ स्थित बाबा ढ़ावा पर बस में सवार परिवार प्रबोधन पंजाब प्रान्त के सदस्यों का विवेक कुलश्रेष्ठ क्षेत्रीय सचिव सेवा, इन्द्र नारायण पाण्डेय शाखा अध्यक्ष और अत्रि दीक्षित पूर्व सचिव व प्रांतीय मंत्री संस्कार भारती ने स्वागत किया और उन्हें दोपहर के भोजन के पैकेट प्रदान किए। सभी अतिथियों ने परिषद के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निर्मल सिंह सम्मानित होंगे लिगैसी इंटरनेशनल अवार्ड 2025 से



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** जनपद में जल पुरुष के रूप में पहचान स्थापित करने वाले निर्मल सिंह स्वास्थ्य विभाग में जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर एवं सचिव नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी से जुड़ कर जनपद में स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में विगत कई वर्षो से उत्कृष्ट काम करने के लिए प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश बिहार और महाराष्ट्र राष्ट्रीय स्तर से कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है 01 फरवरी 2025 को मुगल ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित होने वाले लिगैसी इंटरनेशनल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया जाएगा। यह अवार्ड उन्हें अमेरिकन यूनिवर्सिटी यूएसए एवं के सहयोगी संगठन राइट प्लेस फॉर यू फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए जनपद के वासियों और उनके ईस्ट मित्रों ने खुशी की लहर दौड़ गई है। संजय सक्सेना, विवेक रंजन गुप्ता, जय शिव मिश्रा पुष्पेंद्र मिश्रा, शिवाकांत चौधरी, सोनिया चक, सचिन चक, वेद प्रकाश राज वीर राना, रवि आदि लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### शराब पार्टी के बाद चचा भतीजे भिड़े, मुकदमा दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।**शराब पार्टी के बाद चचा ने भतीजे को जमीन पर पटक कर मारा जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम भमई निवासी आशीष यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात उसके चाचा विजयपाल यादव के यहां पर दोनों ने शराब और मछली की पार्टी की उसी के बाद हुई कहासुनी में चचा विजयपाल ने आशीष को जमीन पर पटक कर बेरहमी से डण्डे से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 22 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस की अपराध और अपराधियों के प्रति लाख सख्ती बरतने के बाद भी क्षेत्र में जुआ और मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है जिसके चलते पुलिस ने एक व्यक्ति को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहरौली के मजरा टिटिहरी डांड निवासी छोटेलाल को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 22 क्वार्टर देशी शराब झूम ब्रांड के साथ गिरफ्तार किया है।

# जल जीवन मिशन निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की प्रगति में आ रही समस्याओं के समाधान तथा हर घर जल सर्टिफिकेशन के संबंध में समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो की चेकलिस्ट बनाकर जिला स्तरीय अधिकारियों से औचक निरीक्षण कराया जाएगा तथा इसके संबंध में उनसे आख्या ली जाएगी। यदि किसी स्तर पर योजना के संबंध में गलत रिपोर्टिंग की गई है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जहां पर भी पेयजल के कनेक्शन दिए गए हैं उन शत प्रतिशत घरों तक निर्धारित समय में पानी पहुंचाया जाए। कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी संबंधित गांव में नियमित रूप से निर्धारित समय पर पेयजल सप्लाई की जाए। कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत किसी स्तर पर किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत जिस मानक से कार्य किया जाना था उसके अनुसार कार्य हुआ है अथवा नहीं, इन सभी पहलुओं की जांच की जाएगी

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन बुंदेलखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण योजना है इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता/ लापरवाही पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी रोड/ सड़क का पुनर्निर्माण नहीं किया गया है उसको तत्काल मानक एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से करा लिया जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है इसमें किसी स्तर पर लापरवाही न की जाय। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, संबंधित इंजीनियर, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जीवन अमूल्य है, सुरक्षित ड्राईविंग करें: आरपी सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत आवासीय परिसर स्थित आदित्य बिड़ला इण्टरमीएट कॉलेज, रेणुसागर में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को रवाना किया। हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि जीवन अमूल्य है, सुरक्षित ड्राईविंग कर अपने एवं दूसरे के जीवन की रक्षा करे। हमारा रेनूसागर प्रबंधन सड़क दुर्घटनाओं के प्रति सदैव जागरूक हैं ,हमारा प्रयास है कि आप सभी लोगों में जागरूकता पैदा करना। उन्होंने बताया कि ड्राईविंग करते समय हेलमेट पहनने व सीट बेल्ट बॉधने को सुरक्षित सतर्क ड्राईविंग के लिए अनिवार्य बताया। उन्होंने जेब्रा लाइन सड़क पार करने के नियम एवं वाहनों द्वारा दिये जाने वाले संकेतो की भी जानकारी दी। यूनिट हेड ने कहा 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र/छात्राओं को वाहन न चलाने की नसीहत देते हुए कहा कि वगैर ड्राईविंग लाईसेन्स से चलाना गैरकानूनी है।

यूनिट हेड ने बताया कि वाहन के ब्रेक लाइट ,हेड लाइट ,पीछे की लाइट, इंडिकेटर को हमेशा दुरुस्त रखे।और वाहन चलाते समय चौराहों पर गति कम रखे।तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन या अन्य गैजेट का उपयोग न करें जो ध्यान भटका सकते हैं।सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज से प्रारम्भ होकर डी टाइप, ई टाइप, जूनियर,एफ टाइप, रेनुसागर चिकित्सालय,सीनियर टाइप ,सी टाइप, बी टाइप, हॉस्टल, आईआर, डीआर, एन टाइप, बिरला मार्केट से होकर विद्यालय पर जाकर खत्म हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी हेड मानव संसाधन शैलेश विक्रम सिंह,हेड मेंटिनेश जगदीश पात्रा,नवींद्र पाठक,हेड शेप्टी अरविंद सिंह, आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज रेनुसागर के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार सिंह एवं रेनुसागर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पूनम वार्ष्णेय सहित छात्र, छात्राएं शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश श्रीवास्तव ट्रांसपोर्ट हेड लाइट व्हीकल द्वारा किया गया।

# परियोजना निदेशक डीआरडीए राजशिरोमणि मौर्या को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी भाव-भीनी विदायी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के उपस्थिति में आज विकास भवन सभागार में परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 राजशिरोमणि मौर्या के रिटायर होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजशिरोमणि मौर्या द्वारा जनपद सोनभद्र में 6 साल 6 महिने की सेवा देते हुए, पूरे सेवाकाल लगभग 26 साल पूरा करते हुए 31 जनवरी, 2025 को अपनी अधिवर्षता आयु पूरी कर रिटायर्ड हुए। ये एक संजीदा व मृदुलभाषी कार्मिक के रूप में विभागीय कार्यो को बेहतर तरीके से निभाये हैं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि इनके द्वारा विभागीय कार्यो में समय से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना एक बेहतर कार्य है, विभागीय कार्यो के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र की भी जानकारी रखते हैं। उम्मीद है कि आप जहां भी रहेगें अपने अनुभवों को साझा करते हुए क्षेत्र व आस-पास के लोगों के लिए प्रेरणा दायक बनेंगें, क्योंकि आप विभागीय कार्यो को सफलता पूर्वक करने के साथ-साथ किताबों के अध्ययन में भी रूचि रखते हैं, जिससे आपका मस्तिष्क भी विकसित होता रहता है, जीवन को एक नये क्षेत्र में संजोने व अपने अनुभवों का परिचय देते हुए आस-पास के लोगों को भी लाभ पहुंचाने का काम करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बेहतर काम करने का तरीका ही हम सभी की पहचान है, इसलिए हम जिस पद पर हैं, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करते रहें। विदाई समारोह में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी ने सेवानिवृत्त परियोजना निदेशक के कृत्यों की तारीफ करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर सेवानिवृत्त परियोजना निदेशक को माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए उनके जिन्दगी की दूसरी पाली में उज्जवल भविष्य व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गयी। इस मौके पर सभी लोगों ने माल्यार्पण कर विभिन्न सामग्री भेंट कर इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई कार्यक्रम का संचालन जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने किया। इस मौक पर डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 सरिता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, डी0सी0 मनरेगा सहित अन्य अधिकारी व कार्मिकगण उपस्थित रहें।

# बापू की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी के नेतृत्व में ग्राम सभा करगरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं जय बापू जय भीम जय संविधान कार्यक्रम के तहत बाबा साहब सम्मान चौपाल का तीसरा आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी एवं बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।वक्ताओं ने ग्रामवासियों के सामने देश और संविधान में महात्मा गांधी एवं बाबा साहब के योगदान के बारे में बताया , कांग्रेस नेता बृजेश तिवारी ने कहा कि देश में सिर्फ और सिर्फ निडर होकर हमारे नेता राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर लगातार किसानों , मजदूरों , छोटे व्यापारीयों , बेरोजगार युवाओं , छात्र छात्राओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं बीजेपी सरकार द्वारा अडानी , अंबानी जैसे बड़े व्यापारीयों का कर्ज माफ किया जा रहा है सिर्फ इन्हीं दोनों व्यापारियों के हाथों देश के संस्थानों और संपतियों को बेचने का कार्य किया जा रहा है। बीजेपी के नेताओं द्वारा जिस प्रकार से बाबा साहब का अपमान किया गया है वो इनके अंदर जात पात की छोटी सोच को दर्शाता है बीजेपी सरकार में अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों पर पेशाब करना , उनको धमकाना , अत्याचार करने की घटना बढ़ जाती है लेकिन इन्हें याद रखना चाहिए कि इन्हीं लोगों ने वोट देकर सत्ता पर बैठाया है और यही लोग इनको सत्ता से बाहर करेंगे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष ओबरा जयशंकर भारद्वाज ने कहा कि जहां महात्मा गांधी ने सबको सत्य और अहिंसा पर चलने का मार्ग बताया वहीं बाबा साहब ने सभी को समानता का अधिकार दिलाया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लालचंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता लगातार ही महापुरुषों का अपमान करते आ रहे हैं कभी महात्मा गांधी तो कभी बाबा साहब आंबेडकर का सदन में अपमान करते हैं जो की बहुत निंदनीय है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंटक के जिलाध्यक्ष हरदेव तिवारी ने कहा कि इस सरकार में बेरोजगारी और महंगाई अपने चरम पर है जहां सब्जी से लेकर राशन तक सभी के दाम आसमान छू रहे हैं आम व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की चीजों को खरीद पाने में असहाय महसूस कर रहा है वही एक तरफ हमारे देश का युवा रोजगार ढूंढने के लिए दर दर भटक रहा है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बाबू लाल पनिका ने कहा कि जिस तरह बीजेपी सरकार लगातार धर्म और जात पात की लड़ाई में आम आदमी को स्थानीय मुद्दों से भटका रही है आने वाले समय में जनता इनको सत्ता से बाहर करेगी कार्यक्रम में आए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया इस जन चौपाल में कांग्रेस नेता राजाराम, कल्लू भारती, संगीता भारती, पांचू राम जी , रामाश्रय भारती, पवन सिंह, चंदा देवी, रामअचल, सूबेदार भारती, संजय साहनी , जित्तन साहनी आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ भगदड़- न्यायिक आयोग पहुंचा प्रयागराज



■ जांच शुरू, पुलिस अधिकारियों के संग हुई बैठक, एक महीने में सौंपेंगी रिपोर्ट

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुंभ नगर/लखनऊ।** मौनी अमावस्या अमृत स्नान पर्व पर संगम तट पर भगदड़ की घटना की जांच के लिए शुक्रवार को न्यायिक आयोग यहां पहुंचा। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार, सदस्य पूर्व पुलिस महानिदेशक वीके गुप्ता व पूर्व पुलिस अधिकारी डीके सिंह ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। यहां से फिर आयोग के अध्यक्ष व सदस्य महाकुंभ मेला प्रशासन कार्यालय पहुंचे। यहां उनकी महाकुंभ मेला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक शुरू है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ भगदड़ की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक वी.के. गुप्ता और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डी.के. सिंह शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि यह आयोग यहां संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा है। हम दिन में घटनास्थल का भी दौरा कर सकते हैं।

महाकुंभ हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्य न्यायिक आयोग ने अपने गठन के अगले ही दिन से काम शुरू कर दिया। अधिकारी ने कहा कि आयोग को जांच करने के लिए एक महीने का समय मिला है, लेकिन यह तेजी से जांच कर करेगा। पुलिस के मुताबिक, यह घटना इसलिए हुई क्योंकि भीड़ बैरिकेड को तोड़कर दूसरी तरफ घाट पर बैठे लोगों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। इस घटना में 30 लोगों की जान चली गई जबकि 60 लोग घायल हुए थे।

## सेवा का महायज्ञ: महाकुंभ में अदाणी समूह का अनुकरणीय योगदान

■ ग्राउंड लेवल पर सेवा कार्यों की निगरानी कर रहे चेयरमैन गौतम अदाणी

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की सेवा में अदाणी समूह के कर्मी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में चल रहे सेवा कार्यों की निगरानी स्वयं चेयरमैन गौतम अदाणी और अहमदाबाद मुख्यालय से की जा रही है, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इस महायज्ञ में 300 से अधिक एयरपोर्ट सेवा में दक्ष कर्मचारी और 5000 से अधिक अदाणी कर्मी अपने सेवा भाव से स्वैच्छिक योगदान दे रहे हैं।

अदाणी समूह के कर्मी, इस्कॉन के सहयोग से, विभिन्न स्थलों पर भोजन वितरण की व्यवस्था में न केवल सहयोग कर रहे हैं, बल्कि प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के लिए स्थापित विशाल रसोई में भोजन निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, गीता प्रेस के सौजन्य से प्रकाशित 1 करोड़ आरती संग्रह पुस्तकों के निःशुल्क वितरण में भी अदाणी समूह का अहम योगदान है।

महाकुंभ में स्नान हेतु श्रद्धालुओं को सुगमता प्रदान करने के लिए चलाई जा रही 4 दर्जन से अधिक गोल्फ कार्ट सेवाओं के संचालन में भी अदाणी कर्मी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा, वे रास्ता भटकने वाले श्रद्धालुओं को सही दिशा दिखाने और बिछड़े हुए लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में भी तत्परता से सहायता कर रहे हैं।

## वसुंधरा राजे सिंधिया ने संगम में लगाई डुबकी



गुरुवार को राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायरब्रांड नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने गोवर्धन मठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। संगम स्नान के बाद भाव विभोर होते हुए वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में संगम घाट पर स्नान कर पूजा अर्चना की और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।त्रिवेणी संगम के घाट पर आस्था और भक्ति का जो महासागर दिखा उससे अभिभूत और भावविभोर हूँ। संगम स्नान के बाद वसुंधरा राजे महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के शिविर पहुंची और उनका दर्शन कर धर्म आध्यात्म व राष्ट्र के बारे में उनसे चर्चा की। इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी श्री निर्विकल्पनानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृन्दावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रम्हचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, राजेश चैतन्य ब्रह्मचारी सहित शिष्यगण उपस्थित रहे।

# प्रयागराज के स्टेशनों से पिछले दो दिनों में चली रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें



### सभी स्टेशनों से 700 से अधिक ट्रेनों का संचालन

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व और उसके दूसरे दिन मिलाकर लगभग 700 से अधिक नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इनमें से सर्वाधिक ट्रेनों का संचालन प्रयागराज जंक्शन से हुआ, इसके अलावा एनसीआर के नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज, एन आर के प्रयाग, फाफामऊ और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग और झूंसी स्टेशनों से भी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके साथ ही रेवले स्टेशन परिसर में सफल भीड़ प्रबंधन के लिये पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुरूप तीर्थ यात्रियों को होल्डिंग एरिया, कलर कोडेड आश्रय स्थलों और कलर टिकट के जरियों दिशावार उनकी ट्रेनों तक पहुंचाया गया। साथ ही स्टेशन परिसर में जरूरी स्वास्थ्य, पीने के पानी, शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध करवा कर तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पंहुचाया गया। पर्व के दिन रेलवे प्रशासन के आला अधिकारी कंट्रोल रूम और वॉच टॉवर से भीड़ प्रबंधन की निगरानी और संचालन करते रहे।

■ मौनी अमावस्या पर्व के लिए प्रयाग रेलवे ने रिकार्ड मेला स्पेशल ट्रेनों का किया सफल संचालन

■ 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को प्रयागराज रेलवे ने सुरक्षित पहुंचाया उनके गंतव्य स्टेशन

**महाकुम्भनगर।** आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। मौनी अमावस्या पर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में आने का क्रम जारी रहा। पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। करोड़ों की संख्या श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने पिछले दो दिनों में रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए होल्डिंग एरिया और कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यमों से तीर्थयात्रियों सुरक्षित तरीके से रवाना किया गया। मौनी अमावस्या का पर्व महाकुम्भ का सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता है। परंपरा अनुसार इस दिन करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। महाकुम्भ 2025 के मौनी अमावस्या पर्व पर रिकार्ड 8 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया। यही नहीं पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित आवागमन के लिये प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकार्ड मेला स्पेशल और नियमित ट्रेनों का संचालन किया। पर्व के दिन 29 जनवरी को शहर के सभी रेलवे स्टेशनों से रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। पर्व के दूसरे दिन 30 जनवरी को भी लगभग 175 स्पेशल ट्रेनों के साथ 300 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं। पिछले दो दिनों में प्रयागराज रेल मण्डल ने 20 लाख से अधिक लोंगो को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया।

# अल्पसंख्यक विद्यालय व मुस्लिम तन्ज़ीमों ने स्नानार्थियों के लिए खोले दिल के द्वार




कुम्भ मेले के दौरान भगदड़ के बाद शहर यातायात व्यवस्था व प्रशासन असहाय हो गया और स्नानार्थियों खुले में एक सड़क से दुसरी सड़क नापते नापते थक गए और कहीं आश्रय नहीं मिला तो मस्जिद इमामबाड़े और अल्पसंख्यक विद्यालय के द्वारा लोगों के खोल दिए गए।

चौक कोतवाली की जामा मस्जिद अल्पसंख्यक विद्यालय यादगारे हुसैनी इन्टर कॉलेज का गेट प्रबन्धक गौहर काज़मी ने अपनी स्वेच्छा से खोल दिया। लगभग पांच सौ श्रद्धालुओं के लिए रानी मन्डी मोहल्ले के लोग भी अपने घरों से चादर कम्बल लेकर श्रद्धालुओं की सेवा में लग गए। कोई घर से चाय बना कर तो कोई बिस्किट आदि लेकर आवभगत में लगा रहा। कालेज प्रबन्धक गौहर काज़मी, शिक्षक रज़ा अब्बास ज़ैदी समेत अन्य स्टाफ भी तीन दिनों से यादगारे हुसैनी इन्टर कालेज में शरण लिए श्रद्धालुओं के भोजन पानी के साथ अन्य व्यवस्थाओं को लगे रहे। उधर मुस्लिम तन्ज़ीमों में शिया सुन्नी इत्तेहाद कमेटी के एडवोकेट किताब अली, काशान सिद्दीकी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, हसनी हुसैनी फाउण्डेशन के सद्र वज़ीर खान, सपा नेता व समाजसेवी तारिक़ खान, पूर्व पार्षद निज़ाम उद्दीन, हाजी ओवैसी हसन, फुरकान हसन, अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमिया के सेक्रेटरी मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन आदि ने स्नानार्थियों के अकाल मौत पर शोक जताया। बाद नमाज़ ए जुमा शोक सभा कर मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना भी की।

समाजसेवी सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने कहा जिस समुदाय को मेले में जाने रोके जाने की बात अब तक सुर्खियों में थी आज उसी समुदाय ने भारतीयता और गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल पेश की। चाहे कांग्रेस के नेता हसीब अहमद हों, इरशाद उल्ला हों या एम आई एम के नेता अफसर महमूद, सपा नेता महबूब उस्मानी या अन्य मुस्लिम तन्ज़ीमों के सदस्य सभी एकता की मिसाल बन कर सामने आए और बिना भेद भाव सभी के लिए खाने पीने कम्बल चादर और चाय बिस्किट का तोहफा भेंट कर अपने आप को सच्चा और देश भक्त मुस्लिम साबित करने में हर क़दम तत्पर देखे गए।

## डॉ अमिता दुबे को अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान




**लखनऊ।** अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान लखनऊ के महामंत्री डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार द्वारा आज उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ के वर्ष 2023 हेतु बाल साहित्य पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ अमिता दुबे को पुष्पमाला, अंगवस्त्र व सम्मान पत्र प्रदान कर अनागत स्वर्ण जयंती सम्मान वर्ष 2025 से सम्मानित किया गया। वहीं हिन्दी संस्थान की प्रधान सम्पादक डॉ अमिता दुबे ने डॉ अनिल कुमार सिंह जैसवार व डॉ प्रेम शंकर शास्त्री बेताब को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाल साहित्य पुरस्कारों की त्रंखला में वर्ष 2023 के लिए सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान डॉ करुणा पाण्डेय लखनऊ सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान डॉ आर पी सारस्वत सहारनपुर अमृत लाल नागर बाल कथा सम्मान डॉ अरशद खान शाहजहाँपुर शिक्षार्थी बाल चित्रकला सम्मान दिलीप शर्मा अलीगढ़ लल्ली प्रसाद पाण्डेय बाल साहित्य पत्रकारिता सम्मान नरेन्द्र निर्मल गौतमबुद्ध नगर डॉ राज कुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान देवी प्रसाद गौड़ मथुरा जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान डॉ दीपक कोहली लखनऊ उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान अनिल कुमार निलय प्रतापगढ़ को सम्मानित किया गया।

## आरडीएसओ के 04 कर्मचारी सेवानिवृत्त



**लखनऊ।** आरडीएसओ में 31 जनवरी को महानिदेशक महोदय उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में जनवरी-2025 में सेवानिवृत हुए 04 कर्मचारियों हेतु एक विशेष विदाई समारोहका आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई दीगयी। सेवानिवृत्ति समारोह में अपर महानिदेशक, मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के प्रधान कार्यकारी निदेशक, कार्यकारी निदेशक, कार्मिकविभाग एवं वित्त निदेशालय के अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



लखनऊ के नये डीएम विशाक को आखिल भारतीय राहुल गाँधी यूथ ब्रीगेड की ओर से गुल्दस्ता देकर स्वागत किया और लखनऊ को और सुन्दर बनाने व अन्य मुद्दो पर राहुल गांधी युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष मेहदी हसन बबलू ने विस्तार से बात की।

# हज़रत जैनब की विलादत पर सजी महफिल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) की नवासी हजरत जैनब (स.अ.) की विलादत के सिलसिले में रौजए ज़ैनबिया के ताहिर जरवली हाल टिकैत राय तालाब में सानिये जहरा (स.अ.) महफिल कमेटी कि ओर से एक तरही महफिल आयोजन किया गया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना अम्मार काजिम जरवली ने हजरत जैनब (स.अ.) की अजमत को बयान किया। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत एजाज जैदी द्वारा दी गई मिसरे तरह इमाम मांगते हैं तुमसे मशविरा जैनब और शायर-ए-अहलेबैत हिलाल नकवी द्वारा दी गई मिसरे तरह दुरूद और हजारों सलाम जैनब पर इन दोनों मिसरे तरह पर जफर फैजाबादी, नायाब बलयावी, मौलाना मीर हिलाल रिजवी, हसन फतेहपुरी, कर्नल जर्रार अहमद, मोहिब मौरानवी, सज्जाद हल्लौरी, हैदर गोंडवी, कुमैल वारसी, हसन मिर्जापुरी, मंजर कानपुरी, कुमैल रिजवी, अख्तर आजमी, एजाज जैदी, हिलाल नकवी और नय्यर मजीदी कलाम पेश किए। इस मौके पर मौलाना रजा हुसैन ने भी शहज़ादी के अहमियत बयान की। जश्ने का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते क़ुराने पाक से व संचालन ज़ाहिद कानपुरी ने किया। इस मौके पर कमेटी के सदस्यों सहित कई लोगों को किया गया सम्मानित।

### इमाम हुसैन का जन्मदिन कल, नज़्र-ए-मौला आज से

**लखनऊ।** नवासे रसूल (स) हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) का जन्मदिवस रविवार को बड़ी खुशी व अकीदत के साथ मनाया जायेगा। जबकि पूर्व संध्या यानि शनिवार को ही नज़्रों का सिलसिला शुरू हो जायेगा जो रविवार तक जारी रहेगा। जिसकी तैयारियां मुकम्मल हो गईं हैं। जन्म दिवस के विशेष मौके पर लोगों ने अपने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगाहों में बिजली आदि की भव्य सजावट की जा रही है तथा इलाको में लाल झंडे-झंडिया भी लग गईं हैं। इस मौके पर शहर के विभिन्न स्थानों पर महफिलों का आयोजन भी किया गया जायेगा। जिसमें इमाम (अ.स.) की शान में कसीदे पढ़े जायेगें। इस खुशी के मौके पर पुरूषों व महिलाओं सहित बच्चों ने नये-नये लिबास पहने के लिए खरीदारियों में जुटे हैं। इस मौके पर लोग अपने रिश्तेदारों, अजीजों व दोस्तों के यहां नज़्र चखने भी जायेगें।

### जश्ने फातहे कर्बला कल

हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के जन्म दिवस के मौके पर रविवार को हुसैनी अकादमी की ओर से रौजा-ए-काजमैन में जश्ने फातहे कर्बला शीर्षक से महफिल का आयोजन किया जाएगा। महफिल को मौलाना अशरफ अल गरवी रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से और संचालन मौलाना आबिस काजिम जरवली करेंगे। महफिल में अन्तराष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध शायर हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश करेंगे।

### दरगाह हजरत अब्बास में शानदार विशाल अलम की जियारत

**लखनऊ।** अमीरउल मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) के बेटे हजरत अब्बास (अ.स.) के जन्मदिन के मौक पर 3 फरवरी को दरगाह हजरत अब्बास रूस्तम नगर में एक शानदार अलम-ए-मुबारक कि जियारत करायी जायेगी। इसके बाद जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास शीर्षक से महफिल का आयोजन होगा। इस खुशी के मौके पर दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। जश्न का आगाज तिलावते कुराने पाक व हदीसे किसा से किया जायेगा। इसके बाद 110 बच्चे हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में मनकबत पेश करेंगे। महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद और मौलाना हबीब हैदर सहित कई उलमा खिताब करेंगे।

### घरों में हुई नज़्र

जनाबे जैनब (स.अ.) की विलादत की खुशी में लोगों ने अपने घरों,इमामबाड़ों व मस्जिदों में नज़्रों का आयोजन किया। मगरिब की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने घरों में नज़्र दी। इसके बाद लोगों का नज़्रों में आने जाने का सिलसिला जारी रहा।

### शिया कॉलेज में आम दस्तरखान कल

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया शिया हुसैनी फंड की ओर से हज़रत इमाम हुसैन के जन्म दिन पर 2 फरवरी को शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम लंगर (दस्तरख्वान) का आयोजन किया जाएगा। संस्था के महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने बताया कि दोपहर 12 बजे नज़ उलेमा देगें। दस हज़ार लोगों के लिए लंगर में भोजन का प्रबन्ध किया है जिसके लिए 50 लोगों की सेवा टीम बनाई है।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत गोण्डा हेतु 108.78 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद गोण्डा में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 108.78 लाख रूपये धनराशि मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, गोण्डा के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, गोण्डा को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से वि.ख.-मनकापुर में दर्जाकुंआ झिलाऔ मार्ग पर वीरपुर बाजार से आगे दुर्गा मन्दिर खलेपुरवा, नन्दगांव कनपुरवा होते हुए पिकौरा क्रासिंग से गनौरा हरि प्रसाद दूबे पूर्व प्रधान के घर तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। शासनादेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि यह धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

# पीएनबी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 102.8 फीसदी बढ़ा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही व 9 महीनों के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में पीएनबी का शुद्ध लाभ वर्ष दर वर्ष आधार पर 102.8 फीसदी बढ़कर 4508 करोड़ रूपये हो गया है जो बीते साल इसी अवधि में 2223 करोड़ रूपये था। पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्र ने वित्तीय परिणामों के बारे में बताया कि आस्तियों पर प्रतिलाभ (आरओए) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 0.58 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 1.03 प्रतिशत हो गया है। इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 12.45 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 19.22 प्रतिशत हो गया। बैंक का शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 10293 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 11032 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.2 प्रतिशत का सुधार दर्शाता है। सकल एनपीए अनुपात में वर्ष दर वर्ष 215 बीपीएस का सुधार होकर दिसंबर 23 के 6.24 प्रतिशत से यह दिसंबर 24 को 4.09 प्रतिशत हो गया। वहीं शुद्ध एनपीए अनुपात में वर्ष दर वर्ष 55 बीपीएस का सुधार होकर दिसंबर 23 के 0.96 प्रतिशत से यह दिसंबर 24 को 0.41 प्रतिशत हो गया। वैश्विक कारोबार दिसंबर 2023 के 22,90,742 करोड़ से दिसंबर 2024 को वर्ष-दर-वर्ष 15.25 प्रतिशत बढ़कर 26,39,991 करोड़ हो गया। वैश्विक जमाराशियों में वर्ष-दर-वर्ष 15.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो दिसंबर 2023 के 13,23,486 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को 15,29,699 करोड़ हो गया। वैश्विक अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 14.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो दिसंबर 2023 के 9,67,256 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 में 11,10,292 करोड़ हो गया। रिटेल-कृषि-एमएसएमई (रैम) अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 16.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज़ की गई, जो दिसंबर 2023 के 5,12,327 करोड़ से बढ़कर दिसंबर 2024 को 5,96,482 करोड़ हो गया।

# पर्यटन मंत्री आज फिरोजाबाद महोत्सव का करेंगे शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

■ महोत्सव में जाने-माने कवि अनेक प्रसिद्ध कलाकार तथा शिल्पकार शामिल होंगे

**लखनऊ।** संस्कृति, कला और मनोरंजन का अद्भुत संगम सुहाग नगरी फिरोजाबाद महोत्सव पीडी जैन ग्राउंड के मैदान में कल 01 फरवरी से शुरू होगा। इस महोत्सव का कल सायं 06:30 बजे संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह शुभारम्भ करेंगे। इस सात दिवसीय आयोजन में जाने-माने कवि डा0 कुमार विश्वास, डा0 हरिओम, पद्मसुरेंद्र शर्मा सहित अनेक प्रसिद्ध कलाकार, गायक और कामेडियन आदि अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। देशभर के प्रमुख शिल्पकार अपनी उत्कृष्ट कृतियों के साथ शिल्प मेले में हिस्सा लेंगे।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2023 में कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से की गई है, और हर वर्ष इसकी भव्यता में वृद्धि हो रही है। बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ इसमें भाग लेते हैं। इस वर्ष भी महोत्सव को आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव में पहले दिन एक फरवरी को कुमार विश्वास, दो फरवरी को डा0 हरिओम, हेमंत वृजवासी, तीन फरवरी को गीतांजली शर्मा, पद्म सुरेंद्र शर्मा, अंजुम रहबर, मालविका हरिओम, चार फरवरी को पद्ममालिनी अवस्थी, पांच फरवरी को मोनाली ठाकुर, छह फरवरी को सुनील पाल और छह फरवरी को कन्हैया मित्तल के साथकृसाथ अनेक गायक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही शिल्प मेले का आयोजन होगा, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध शिल्पकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लेजर शो सहित कई और आयोजन किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा लक्ष्य है कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां से एक अद्वितीय अनुभव लेकर जाएं।

सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



अखिलेश कुमार सिंह

प्रभारी निरीक्षक थाना-कोठीभार (जनपद - महराजगंज)

सभी देश व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



अर्जुन चौधरी

खण्ड विकास अधिकारी

सिसवा, महराजगंज